# अपने फोन को जानें




*फिलिप्स लगातार अपने उत्पादों में सुधार करने का प्रयास करती रहती है। अतः, फिलिप्स के पास इस उपयोगकर्ता निर्देशिका के पुनरावलोकन करने या इसे किसी भी समय बिना किसी सूचना के वापिस लेने का अधिकार सुरक्षित है। फिलिप्स यह उपयोगकर्ता निर्देशिका "वर्तमान रुप" में प्रदान करती है और, उचित कानून की आवश्यकता के अतिरिक्त, कोई त्रुटि, चूक या इस उपयोगकर्ता निर्देशिका और वर्णित उत्पाद के बीच कोई विसंगति स्वीकार नहीं करती। यह उपकरण जीएसएम/जीपीआरएस नेटवर्क्स से जोड़े जाने के लिए है।*

## किस प्रकार ...

| | |
|---|---|
| **फोन चालू/बंद करने हेतु** | को देर तक दबाएं। |
| **अपना पिन कोड प्रविष्ट करने हेतु** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा अपना पिन कोड भरें और पुष्टि करने के लिए OK या दबाएं। |
| **कॉल करने हेतु** | कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा फोन नम्बर भरें और डायल करने के लिए दबाएं। |
| **कॉल समाप्त करने हेतु** | दबाएं। |
| **कॉल का उत्तर देने हेतु** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **कॉल अस्वीकार करने हेतु** | अपना फोन बजने पर दबाएं। |
| **लाउडस्पीकर सक्रिय/निष्क्रिय करने हेतु** | कॉल के दौरान को देर तक दबाएं। |
| **मौन अवस्था को सक्रिय करने हेतु** | 6MNO को देर तक दबाएं। |
| *त्वरित कॉल* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▲ दबाएं। |
| *नाम सूची* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में ▼ दबाएं। |
| *कॉल सूची* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में दबाएं। *कॉल सूची* सभी छूटी, डायल की गई और प्राप्त कॉलें प्रदर्शित करती है। |
| *मुख्य मेनू* **को एक्सेस करने हेतु** | निष्क्रिय अवस्था में OK या *मेनू* दबाएं। |

| | |
|---|---|
| **पिछले मीनू में जाने हेतु** | उपलब्ध होने पर *वापस* दबाएं। |
| **निष्क्रिय अवस्था में शीघ्र लौटने हेतु** | दबाएं। |

## सॉफ्ट कुन्जियाँ

कुन्जीपटल के ऊपरी भाग में स्थित बाईं और दाईं सॉफ्टकुन्जियों ◂ और ▸ से आप, कॉल के दौरान भी, स्क्रीन पर उनके ठीक ऊपर प्रदर्शित होने वाले सदृश विकल्पों का चुनाव कर सकते हैं। इन कुन्जियों से संबंधित क्रियाएं वर्तमान संदर्भ के अनुसार भिन्न होंगी।

| | | |
|---|---|---|
| *अतिरिक्त*  पृष्ठ 14 | *मीडिया अल्बम*  पृष्ठ 19 | *मनोरंजन*  पृष्ठ 23 |
| *ऑपरेटर सेवाएं*  पृष्ठ 25 | *संदेश*  पृष्ठ 28 | *सेटिंग्स*  पृष्ठ 39 |
| *कैमरा*  पृष्ठ 47 | *पता पुस्तिका*  पृष्ठ 51 | *कॉल सूचना*  पृष्ठ 55 |

## मुख्य मीनू

मुख्य मीनू से आप अपने मोबाइल फोन के एक ग्रिड के रूप में प्रदर्शित सभी विभिन्न लक्षणों तक पहुँच सकते हैं। ऊपर दी गई तालिका संक्षेप में *मुख्य मेनू* के क्रम, वहाँ प्राप्त विभिन्न चिह्नों के अर्थ, और इस निर्देशिका में विषय-संबंध ाी विस्तृत जानकारी वाले पृष्ठ, प्रदर्शित करती है।
निष्क्रिय अवस्था में *मुख्य मेनू* को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं, फिर मध्य नेवीगेशन कुन्जी का प्रयोग करें वर्तमान निर्देशिका में ▴, ▾, ◂ या ▸ चिह्नों के साथ चित्रों एवं सूचियों को ब्राउज़ करने के लिए कौनसी दिशाएं प्रदर्शित हैं। किसी सूची को नेवीगेट करने के लिए, स्क्रीन के दाईं ओर स्थित एक स्क्रॉल बार सूची में आपकी वर्तमान स्थिति दर्शाती है। सूचियों के अन्दर, चुनी गई वस्तु से संबंधित विकल्प को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं, एक स्तर पीछे जाने के लिए *वापस* दबाएं।

## निर्देशिका प्रयोग करने की विधि

वर्तमान निर्देशिका इस प्रकार विभाजित की गई है:

| | |
|---|---|
| *अपने फोन को जानें* | वर्तमान भाग आपके मोबाइल फोन का विवरण और सामान्यतः प्रयोग होने वाले लक्षणों के विषय में जानकारी प्रस्तुत करता है। |
| *अध्याय 1 : शुरुआत* | आपके मोबाइल फोन को पहली बार सेट करने संबंधी जानकारीः सिम कार्ड, बैटरी, आदि स्थापित करना। |
| *अध्याय 2 : कॉल करना* | कॉल करने एवं प्राप्त करने संबंधी जानकारी। |

*अध्याय 3: पाठ्य प्रविष्टि*
संख्यात्मक कुन्जीपटल के प्रयोग द्वारा पाठ्य प्रविष्ट करने संबंधी जानकारी।

*अध्याय 4 से 12*
ये अध्याय *मुख्य मेनू* के प्रत्येक भाग को एक-एक कर प्रस्तुत करते हैं।

*अन्य भाग*
अध्याय 12 के बाद चित्र एवं चिह्न, सावधानियाँ, फोन सहित सहायक उपकरण, एसएआर जानकारी (यदि प्रकाशन में उपलब्ध हो, अन्यथा एक विशिष्ट दस्तावेज़ के रूप में शामिल), और अंत में सीमित वारंटी के भाग हैं।

# विषय-वस्तु


## 1. शुरुआत ........ 5
सिम कार्ड डालना ........ 5
फोन चालू करना ........ 6
बैटरी चार्ज करना ........ 7
हॉटकुन्जियाँ सेट करना ........ 7

## 2. कॉल करना ........ 8
कॉल करना ........ 8
कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना ........ 8
ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना ........ 8
हैंड्सफ्री कॉल करना ........ 8
कॉल के दौरान विकल्प ........ 9
तीव्र कॉल ........ 9
एक से अधिक कॉलें करना ........ 10

## 3. पाठ्य प्रविष्टि ........ 12
T9® पाठ्य इनपुट ........ 12
परम्परागत पाठ्य इनपुट ........ 13

## 4. अतिरिक्त ........ 14
कैलकुलेटर ........ 14
धन परिवर्तक ........ 14
संगठक ........ 14
विश्व घड़ी ........ 15
ध्वनि रिकार्डिंग ........ 16
अलार्म घड़ी ........ 16
इंफ्रारेड ........ 17
स्वतः चालू/बंद ........ 18

## 5. मीडिया एलबम ........ 19
मैमोरी स्थिति ........ 19
ध्वनि एलबम ........ 19
चित्र एलबम ........ 20
टीवी स्लाइडशो ........ 21

## 6. मनोरंजन ........ 23
काउंटडाउन ........ 23
ब्रिक खेल ........ 23
जावा ........ 23
स्टॉपवाच ........ 24

## 7. ऑपरेटर सेवाएं ........ 24
ऑप. सेवाएं. ........ 24
वैप ........ 24

## 8. सन्देश ........ 27
सेटिंग्स ........ 27
संदेश लिखना ........ 31
आउटबॉक्स ........ 37

## 9. सेटिंग ........ 38
तिथि एवं समय ........ 38

स्वतंत्रता ........ 38
सुरक्षा ........ 39
प्रोफाइल ........ 41
ध्वनियाँ ........ 42
प्रदर्शन ........ 43
नेटवर्क ........ 43
शॉर्टकट ........ 44
भाषा ........ 46
10. कैमरा ........ 47
किस प्रकार... ........ 47
कैमरा मीनू ........ 48
सहायता ........ 50
11. पता पुस्तिका ........ 51
फोन में प्रतिलिपि करना ........ 51
सम्पर्क चयन ........ 51
सभी मिटाना ........ 51
तीव्र कॉल करना ........ 51
पता पुस्तिका ........ 51
संपर्क जोड़ना ........ 53
सेवा नंबर ........ 54
स्थिति ........ 54
12. कॉल सूचना ........ 55
कॉल समय ........ 55
सेटिंग्स ........ 55
कॉल सूची ........ 57
चित्र एवं चिह्न ........ 58
सावधानियाँ ........ 59
दोष-निवारण ........ 63
फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ........ 65
ट्रेडमार्क कथन ........ 66
विशिष्ट अवशोषण दर (एसएआर) जानकारी ........ 67
सीमित वारंटी ........ 69

# 1. शुरुआत

*प्रयोग करने से पहले कृप्या "सावधानियाँ" भाग में सुरक्षा निर्देश पढ़ें।*

अपना फोन प्रयोग करने हेतु, आपको अपने जीएसएम ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा प्रदान किया गया एक वैध सिम कार्ड डालना होगा। सिम कार्ड में आपके भुगतान की जानकारी, आपका मोबाइल टेलीफोन नम्बर, और एक मेमोरी शामिल हैं जिसमें आप फोन नम्बर और संदेश रक्षित कर सकते हैं। (पृष्ठ 57 पर "पता पुस्तिका" देखें)

## सिम कार्ड डालना

*पिछला कवर हटाना*

सिम कार्ड डालने हेतु, आपको पहले पिछला कवर हटाना होगा। पिछले कवर को अपने अंगूठों से दबाएं और दर्शाए गए तरीके से कवर को नीचे की ओर खिसकाएं।



*बैटरी निकालना*


बैटरी हटाने हेतु, बैटरी को निचले बाएं भाग से उपर की तरफ उठाएं।



*फोन चालू रहने पर आपके द्वारा बैटरी निकालने पर आपकी संपूर्ण व्याक्तिगत सेटिंग्स लुप्त हो सकती हैं।*

*सिम कार्ड डालना*

सिम कार्ड होल्डर को अनलॉक करें और फिर उसे उसके कब्जे से उठाएं (1)। इसे प्रदान किए स्थान पर रखें (2) यह सुनिश्चित कर लें कि कार्ड का कटा हुआ कोना सही कोने में हो और सुनहरे सम्पर्क नीचे की ओर हों। तब कार्डहोल्डर को लॉक की गई स्थिति में बंद करें(3)।



धातु के कनैक्टर को नीचे की ओर रखते हुए, बैटरी को पुनः उसके स्थान में उसके रुकने तक खिसकाएं। फिर इसे नीचे की ओर दबाते हुए लॉक करें।



पिछले कवर को उसके स्थान में, उसके रुकने तक, ऊपर की ओर खिसकाते हुए पुनः लगाएं।



फोन प्रयोग करने से पहले स्क्रीन और कैमरा लेन्स पर लगी सुरक्षात्मक फिल्म हटाएं।

## फोन चालू करना

फोन चालू करने के लिए कुन्जी को देर तक दबाएं। आवश्यकता पड़ने पर पिन कोड डालें। पिन कोड आपके सिम कार्ड के लिए 4- से 8- अंकों का गुप्त कोड होता है। यह पूर्वनिर्धारित होता है और आपको आपके ऑपरेटर या विक्रेता द्वारा बताया जाता है। पिन कोड के विषय में अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 43 पर "सुरक्षा" देखें।

*यदि आप तीन बार एक गलत पिन कोड डालते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसका अवरोधन हटाने के लिए, आपको अपने ऑपरेटर से पीयूके कोड प्राप्त करने हेतु निवेदन करना होगा।*

आपके द्वारा अपने नए सिम के साथ पहली बार अपना फोन चालू करने पर, आपको अपने फोन को वैयक्तिक बनाने के लिए कहा जाएगा। यह क्रिया आपको निम्न पैरामीटर सेट करने में सहायक होगी:

*ग्रीष्म काल*

*समय सेट करें*

*तिथि सेट करें*

*आने वाली कॉल हेतु धुन*


*वॉलपेपर*

*पता पुस्तिका*

## बैटरी चार्ज करना

आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है। एक नई बैटरी आंशिक रूप से चार्ज होती है और, बैटरी सतर्क *चालू* होने पर, बैटरी का स्तर कम होने पर एक अलार्म आपको चेतावनी देगा। (पृष्ठ 47 पर "ध्वनि सतर्क" देखें)

बैटरी और बैटरी का कवर वापिस लगाने के बाद आप फोन को चार्ज कर सकते हैं। नीचे दर्शाए गए तरीके के अनुसार कनेक्टर लगाएं। फिर दूसरे सिरे को मेन एसी पॉवर सॉकेट से जोड़ें।




बैटरी का चिह्न चार्ज की अवस्था दर्शाता है। चार्जिंग के दौरान, चार्ज संकेतक स्क्रॉल करेंगे; आपके मोबाइल फोन को पूर्णतः पुनः चार्ज करने के लिए लगभग 2.5 घंटे लगेंगे। सभी स्क्रॉल बार पूर्णतः बैटरी पूर्णतः चार्ज हो जाएगी। फिर आप चार्जर को बंद कर सकते हैं।

नेटवर्क और प्रयोग की स्थिति पर निर्भर करते हुए, बातचीत का समय 8.5 घंटे तक और स्टैंड-बाई का समय 30 दिन तक पहुँच जाता है। बैटरी पूर्णतः चार्ज होने पर चार्जर को मोबाइल से लगाए रखने से बैटरी को कोई हानि नहीं होगी। चार्जर को बंद करने का एकमात्र तरीका उसे हटाना है, अतः आसान पहुँच वाले किसी एसी पॉवर सॉकेट का प्रयोग करें। आप चार्जर को किसी आई.टी. सप्लाई से भी जोड़ सकते हैं (केवल बेल्जियम)।

## हॉटकुन्जियाँ सेट करना

केवल संख्यात्मक कुन्जी को देर तक दबाकर अपने पसंदीदा लक्षण तक पहुँचने के लिए आप संख्यात्मक कुन्जियों 2 से 9 को कॉन्फिगर कर सकते हैं। कई हॉटकुन्जी शार्टकट पूर्व-निर्धारित हैं। अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 49 पर "शार्टकट्स" देखें।

# 2. कॉल करना

## कॉल करना

### *निष्क्रिय स्क्रीन से*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर डालें। कोई त्रुटि सही करने के लिए, *<C* दबाएं।
2. नम्बर डायल करने के लिए दबाएं।
3. कॉल समाप्त करने के लिए या *कॉल समाप्त* दबाएं।

अंतर्राष्ट्रीय कॉल हेतु, अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न के लिए "+" चिह्न प्रविष्ट करने के लिए को देर तक दबाएं।

### *फोनबुक प्रयोग करना*

1. निष्क्रिय अवस्था में ▾ दबाएं।
2. सूची से एक सम्पर्क चुनें। यदि आप ऑनबोर्ड फोनबुक का प्रयोग कर रहे हों और चुनिंदा संपर्क में एक से अधिक नंबर हैं, प्राथमिक नंबर स्वतः ही चुना जाएगा। कोई अन्य नम्बर चुनने के लिए, ◂ या ▸ दबाएं (अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 57 पर "पता पुस्तिका" देखें)।
3. दबाएं: चुनिंदा नंबर डायल किया जाता है।
4. कॉल समाप्त करने के लिए या *कॉल समाप्त* दबाएं।

## कॉल का उत्तर देना और समाप्त करना

कोई कॉल प्राप्त होने पर, कॉलकर्ता द्वारा अपना आईडी प्रदर्शित करने के चुनाव के अनुसार, कॉलकर्ता का नम्बर प्रदर्शित हो सकता है। यदि नम्बर चुनिंदा फोनबुक में रक्षित किया गया हो, तो नम्बर के बदले संबद्ध नाम प्रदर्शित होता है।

- **कॉल का उत्तर देने के लिए:** दबाएं।
- **कॉल अस्वीकार करने के लिए:** दबाएं। आपके द्वारा *कॉल अग्रेषित करें* (पृष्ठ 62 देखें) सक्रिय करने पर, कॉल किसी नंबर या ध्वनिमेल पर अंतरित हो जाएगी।
- **रिंगर को मूक करने के लिए:** *मौन* दबाएं (यह कॉल को अस्वीकार/स्वीकार किए बिना केवल ध्वनि को बंद करता है)।
- **कॉल समाप्त करने के लिए:** दबाएं।

*मौन मोड में होने पर फोन नहीं बजेगा।*

यदि आपने *किसी भी कुंजी से उत्तर दें* चुना है, तो आप, को छोड़कर, कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल का उत्तर दे सकते हैं (पृष्ठ 62 पर "कॉल अग्रेषित करना" देखें)।

## ईयरपीस की ध्वनि नियोजित करना

कॉल के दौरान, ध्वनि बढ़ाने या घटाने के लिए बाईं ओर दी गई ध्वनि कुन्जियाँ दबाएं।

## हैंड्सफ्री कॉल करना

*अपनी आसानी और सुरक्षा के लिए, सुनिश्चित करें कि हैंड्सफ्री कॉल करने पर, विशेषतः ध्वनि बढ़ाते या घटाते हुए, आप फोन को अपने कान से दूर रखें।*

1. निष्क्रिय अवस्था में, कुन्जीपटल द्वारा फोन नम्बर डालें या फोनबंक से कोई संपर्क चुनें।
2. दबाएं फिर *हैंड्सफ्री*।

*यदि आप पहले से फोन पर बात कर रहे हों, तो हैंड्सफ्री मोड में जाने और वापस आने के लिए ⌐ को देर तक दबाएं।*

## कॉल के दौरान विकल्प

कॉल के दौरान, निम्न विकल्प चुनने के लिए OK या ⌐ *विकल्प* दबाएं।

### *हैंड्सफ्री सक्रिय करना*

यह विकल्प आपको आपने मोबाइल फोन के हैंड्सफ्री विकल्प का प्रयोग करने की अनुमति देता है।

### *मूक करना / मूक हटाना*

आपको माइक्रोफोन को मूक करने या मूक हटाने की अनुमति देता है ताकि कॉलकर्ता आपकी आवाज़ न सुन सके।

### *संवाद रिकार्ड करना*

*अधिकांश देशों में, कानून के अधीन टेलीफोन पर की जाने वाली बातचीत को रिकार्ड किया जा सकता है। हम आपको सुझाव देते हैं कि यदि आप अपने बातचीत को रिकार्ड करना चाहें तो कॉलकर्ता को सूचित करें और ऐसा केवल उनके सहमत होने पर ही करें।*

कॉल के दौरान, बातचीत रिकार्ड करने हेतु, *संवाद रेकार्ड करें* चुनें और OK दबाएं। रिकार्डिंग को समाप्त करने के लिए पुनः OK या ⌐ *रक्षित करें* दबाएं: एक संपादन खिड़की आपको रिकार्डिंग के साथ एक नाम जोड़ने की अनुमति देती है, जो फिर *मीडिया एलबम* > *ध्वनि एलबम* > *रेकॉर्डिंग* में, और *अतिरिक्त* > *ध्वनि रेकॉर्डिंग* में भी उपलब्ध होती है।

मेमोरी की क्षमता के अनुसार (पृष्ठ 19 पर "मेमोरी की स्थिति" देखें), रिकार्डिंग्स की संख्या एवं अवधि भिन्न हो सकती है।

*यदि आप मूक और फिर संवाद रेकार्ड करें चुनते हैं, तो केवल कॉलकर्ता की आवाज़ ही रिकार्ड की जाती है।*

### *नोटपैड*

आपको कोई नंबर रक्षित करने की अनुमति देता है। इसे आप फिर फोनबुक में रक्षित कर सकते हैं, कॉल कर सकते हैं, या इस नंबर पर संदेश भेज सकते हैं।

### *कॉल के दौरान अन्य विकल्प*

कॉल चालू रहने पर निम्न कार्य करने हेतु ⌐ *विकल्प* दबाएं: आप *नाम सूची* या *कॉल सूची* को एक्सेस कर सकते हैं या प्रयोग कर सकते हैं, *कॉल समाप्त* द्वारा कॉल समाप्त कर सकते हैं, *इक्वलाइज़र* की संटिंग्स बदल सकते हैं, *एसएमएस* भेज या पढ़ सकते हैं, या *संगठक* की नियुक्तियाँ देख सकते हैं या प्रबंधित कर सकते हैं।

## तीव्र कॉल

*त्वरित कॉल* लक्षण को एक्सेस करने के लिए, निष्क्रिय अवस्था में ▲ दबाएं। इससे आप अपने अत्यंत प्रायः डायल किए जाने वाले चार नंबर निर्धारित कर सकते हैं। फिर आप संबद्ध चिह्न या चित्र का चुनाव करते हुए उनमें से किसी एक को शीघ्रता से डायल कर सकते हैं।

*यह लक्षण, सेटिंग्स > शॉर्टकट्स > त्वरित कॉल से, मुख्य मीनू से भी उपलब्ध। होता है।*

### तीव्र कॉल संपर्क सेट करना

1. निष्क्रिय अवस्था में, *त्वरित कॉल* स्क्रीन को एक्सेस करने के लिए ▲ दबाएं। कॉन्फिगर करने के लिए एक चिह्न चुनें और OK या ⍐ *सेट* दबाएं।
2. संपर्क सूची में नाम चुनें, और *चित्र एलबम* को पुनः एक्सेस करने के लिए OK दबाएं और एक चित्र चुनें। प्रत्येक चिह्न के लिए इसी प्रकार आगे बढ़ें।

### तीव्र कॉल संपर्क को कॉल करना

कॉल करने के लिए, निष्क्रिय अवस्था में ▲ दबाएं, फिर अपनी पसंद का चिह्न चुनें और OK दबाएं।

चिह्न को पुनः कॉन्फिगर करने हेतु, उसे चुनें और नाम और/अथवा चित्र को *बदलने* के लिए OK दबाएं।

किसी संपर्क के साथ पहले ही कोई चित्र संबंधित होने पर, वह *त्वरित कॉल* स्क्रीन में प्रदर्शित होता है। किसी एक मीनू में चित्र बदलने से वह दूसरे में भी नवीनीकृत हो जाता है।

## एक से अधिक कॉलें करना

एक साथ दो या अधिक कॉलें या कॉन्फ्रेन्स कॉलें करना आपके ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर करता है।

### दूसरी कॉल करना

किसी सक्रिय कॉल या होल्ड पर कॉल के दौरान आप दूसरी कॉल कर सकते हैं। फोन पर बात करते हुए, कोई नंबर डायल करें (या फोनबंक में संपर्क चुनें), और OK दबाएं। पहली कॉल होल्ड कर दी जाती है और दूसरा नंबर डायल किया जाता है। फिर आप विकल्प चुनने के लिए OK दबा सकते हैं जिनमें शामिल हैं:

- कॉलें बदलने के लिए *कॉल बदलें* (कॉलें बदलने के लिए आप ◀ या ▶ भी दबा सकते हैं)।
- कॉलें जोड़ने के लिए *स्थानांतरित करें*। स्थानांतरण पूर्ण होने पर आपका संपर्क समाप्त हो जाता है।
- कॉलकर्ता को एक कॉन्फ्रेन्स कॉल में लाने हेतु *सम्मेलन*।

### दूसरी कॉल का उत्तर देना

आपको पहले से बातचीत में होने पर दूसरी कॉल प्राप्त करने पर, फोन एक बीप सतर्क देता है और स्क्रीन पर *कॉल प्रतीक्षा* प्रदर्शित होता है। फिर आप:

| | |
|---|---|
| OK दबाएं | कॉल का उत्तर देने हेतु (पहली कॉल होल्ड पर रखी जाती है)। |
| ⍐ दबाएं | कॉल अस्वीकार करने हेतु। |
| OK या ⍐ *विकल्प* दबाएं | विकल्प सूची खोलने हेतु। वर्तमान कॉल को समाप्त करने के लिए आप *कॉल समाप्त* चुन सकते हैं, फिर इनकमिंग कॉल का उत्तर दें। |

*दूसरी कॉल प्राप्त करने हेतु, आपके द्वारा वॉयस कॉलों के लिए कॉल अग्रेषित करें (पृष्ठ 62 देखें) निष्क्रिय और कॉल प्रतीक्षा (पृष्ठ 62 देखें) सक्रिय किया गया होना चाहिए।*

### तीसरी कॉल का उत्तर देना

यदि आप कॉल में हो और एक कॉल होल्ड पर हो, तो आप तीसरी कॉल भी प्राप्त कर सकते हैं। ऐसा करने के लिए, आपको कोई एक कॉल समाप्त करनी होगी या नए कॉलकर्ता को एक कॉन्फ्रेन्स में लाना होगा।

| | |
|---|---|
| दबाएं | कॉल अस्वीकार करने हेतु। |
| या *विकल्प* दबाएं | विकल्प सूची खोलने हेतु। इनकमिंग कॉल का उत्तर देने के लिए आप *स्वीकारें*, या वर्तमान कॉल को समाप्त करने के लिए आप *कॉल समाप्त* चुन सकते हैं, फिर इनकमिंग कॉल का उत्तर दें। |

*यह सेवा दो वर्तमान वार्तालापों तक सीमित है (एक सक्रिय और एक होल्ड पर)।*

## कॉन्फ्रेन्स कॉल

*सेवा पर निर्भर।*

एक कॉन्फ्रेन्स कॉल कई आउटगोइंग कॉलें करके या एक विविध कॉल संदर्भ से सक्रिय की जाती है। यह आपको एक साथ पाँच लोगों से बात करने की अनुमति देती है।

1. किसी के साथ पहली कॉल करें, फिर दूसरी (ऊपर देखें)।
2. या *विकल्प* दबाएं और *सम्मेलन* चुनें। पाँच सदस्यों से संपर्क होने तक प्रक्रिया दोहराएं।
3. कॉन्फ्रेन्स के किसी सदस्य को हटाने के लिए *पार्टी हटाएं* चुनें, या केवल इस सदस्य के साथ व्यक्तिगत कॉल के लिए *व्यक्तिगत कॉल* चुनें (अन्य सदस्यों को होल्ड पर रखा जाता है)।
4. इन सभी कॉलों को एक साथ समाप्त करने के लिए दबाएं।

यदि कॉन्फ्रेन्स कॉल के दौरान कोई इनकमिंग कॉल हो और पाँच से कम सदस्य हों, तो आप इस नई कॉल को स्वीकार कर सकते हैं और इस सदस्य को *सम्मेलन* कॉल में जोड़ सकते हैं (यदि पहले से पाँच सदस्य संपर्क में हों, तो आप कॉल का उत्तर दे सकते हैं, परन्तु उसे कॉन्फ्रेन्स में नहीं जोड़ सकते)।

# 3. पाठ्य प्रविष्टि

सम्पादन स्क्रीनों में दो विभिन्न तरीकों से पाठ्य प्रविष्ट किया जा सकता है: T9® पूर्वाभास पाठ्य इनपुट, या परम्परागत पाठ्य इनपुट के प्रयोग द्वारा। इन दो विधियों का प्रयोग करने हेतु तकनीकें नीचे वर्णित हैं।

## T9® पाठ्य इनपुट

टेजिक यूरो. पैट. ऐप्प 0842463

T9® पूर्वाभास पाठ्य इनपुट एक मोबाइल फोन में पाठ्य प्रविष्ट करने हेतु एक बुद्धिमान संपादन अवस्था है। यह आपके द्वारा दबाई गई कुन्जियों के आधर पर आपके इच्छित शब्द को अनुमानित कर आपको अधिक तीव्रता से पाठ्य प्रविष्ट करने की अनुमति देता है। कोई शब्द बनाने के लिए आपको हर आवश्यक अक्षर की सदृश कुन्जी को केवल एक बार दबाना होगा और आपके द्वारा प्रयुक्त कुन्जियों के आधर पर T9® एक शब्द सुझाती है। कई शब्द उपलब्ध होने पर, सूची में पहला शब्द प्रदर्शित और हाईलाइट किया जाता है। सूची ब्राउज़ करने के लिए ▴/▾ या ⍐ दबाएं और शब्द प्रविष्ट करने के लिए OK दबाएं।

### इसे कैसे प्रयोग करें?

प्रत्येक कुन्जी द्वारा दर्शाए जाने वाले अक्षर और चिह्न इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| 2abc से 9wxyz | अक्षर प्रविष्ट करने के लिए। |
| ⍐ या ▴/ ▾ | संभावित शब्दों की सूची ब्राउज़ करने के लिए। |
| ▸ 1 OK | चुनिंदा शब्द प्रविष्ट करने हेतु तीन में से कोई एक कुन्जी दबाएं उसके बाद एक खाली स्थान दें। |
| ⍐ | बैकस्पेस हेतु लघु दबाएं, सम्पूर्ण पाठ्य हटाने के लिए देर तक दबाएं। |
| 0 | अक्षर का आकार बदलने हेतु : सामान्य, छोटे या बड़े अक्षर। |
| #= | चिह्नों एवं विरामों की तालिका देखने हेतु। फिर 3 उपलब्ध तालिकाओं को ब्राउज़ करने हेतु ⍐ >> या ◂ और ▸ दबाएं। |
| *+ | T9® मोड से परम्परागत पाठ्य इनपुट से संख्यात्मक विधि में बदलने के लिए। |

### *उदाहरण: शब्द "home" कैसे प्रविष्ट करें:*

1. 4ghi 6mno 6mno 3def दबाएं। स्क्रीन सूची का प्रथम अक्षर प्रदर्शित करती है: Good।
2. स्क्रॉल करने हेतु ▴ या ⍐ दबाएं और Home चुनें।
3. शब्द Home चुने जाने की पुष्टि करने के लिए OK या ▸ दबाएं।

### *शब्दकोश*

यदि आपका प्रविष्ट किया जाने वाला इच्छित शब्द T9® शब्दकोश में नहीं हो, तो आप उसे डाटाबेस में रक्षित कर सकते हैं। हाईलाइट किए गए अंडरस्कोर्स की एक श्रृंख्ला (_ _ _ _ _) द्वारा प्रदर्शित प्रविष्टि तक पहुँचने तक सूची के अंत तक स्क्रॉल करने हेतु ⍐ *I>2>3* दबाएं।
परम्परागत पाठ्य संपादन स्क्रीन खोलने हेतु ⍐ स्पेल। रिक्त स्थान डाले बिना नीचे दिए गए तरीकों के प्रयोग द्वारा नया शब्द प्रविष्ट करें और संपूर्ण होने पर ⍐ ओके दबाएं। फिर आपको अपने द्वारा लिखे जा रहे संदेश पर पुनः वापिस भेज दिया जाता है और नया शब्द प्रविष्ट हो जाता है।

### *भाषा*

आप संदेश लिखते समय [#=] कुन्जी को देर तक दबाकर इनपुट भाषा बदल सकते हैं। उपलब्ध भाषाएं आपके द्वारा मोबाइल फोन खरीदने के स्थान पर निर्भर करेंगी।

## परम्परागत पाठ्य इनपुट

T9® से परम्परागत पाठ्य इनपुट में जाने हेतु [*+] दबाएं। इस विधि में इच्छित वर्ण तक पहुँचने में एक से अधिक कुन्जियाँ दबाने की आवश्यकता होती है: अक्षर “h” कुन्जी 4 पर दूसरा अक्षर है, अतः आपको “h” प्रविष्ट करने के लिए उसे दो बार दबाना होगा। एक प्रविष्टि मिटाने हेतु [-] निरस्त करें को लघु दबाएं, सम्पूर्ण पाठ्य हटाने के लिए देर तक दबाएं।

### *उदाहरण: शब्द "home" कैसे प्रविष्ट करें:*

[4 GHI], [4 GHI] (GHI) [6 MNO], [6 MNO], [6 MNO] (MNO), [6 MNO] (MNO), [3 DEF], [3 DEF] (DEF) दबाएं। संदेश पूर्ण होने पर [OK] दबाएं।

अक्षर, नंबर और चिह्न सामने दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक कुन्जी पर स्थित हैं।

| | लघु दबाएं | देर तक दबाएं |
|---|---|---|
| [1] | रिक्त स्थान 1 . , @ / : ; " ' ! ¡ ? ¿ # + - * = % < > ( ) & £ $ ¥ | 1 |
| [2 ABC] | a b c 2 à ä å æ ç | 2 |
| [3 DEF] | d e f 3 é è Δ Φ | 3 |
| [4 GHI] | g h i 4 Γ ì | 4 |
| [5 JKL] | j k l 5 Λ | 5 |
| [6 MNO] | m n o 6 ñ ò ö | 6 |
| [7 PQRS] | p q r s 7 β Π Θ Σ | 7 |
| [8 TUV] | t u v 8 ü ù | 8 |
| [9 WXYZ] | w x y z 9 ø Ω Ξ Ψ | 9 |
| [0] | अक्षर का आकार बदलने हेतु: सामान्य, छोटे या बड़े अक्षर। | 0 |
| [#=] | चिह्नों एवं विरामों की तालिका खोलने हेतु। फिर 3 उपलब्ध तालिकाओं को ब्राउज़ करने हेतु [-] >> या ◂ और ▸ दबाएं। | पाठ्य संस्करण हेतु प्रयोग होने वाली भाषा बदलता है |
| [*+] | मोड बदलने हेतु: T9®, परम्परागत या संख्यात्मक। | मोड भी बदलता है |

# 4. अतिरिक्त

इस मीनू में आपको यात्रा के दौरान स्वयं को व्यवस्थित और सूचित रखने में सहायता करने हेतु तैयार की गई विशेषताएं और विकल्प शामिल हैं।

## कैलकुलेटर

आपके फोन में एक अंतर्निमित कैल्कुलेटर है जिसे आप मूलभूत परिकलन हेतु प्रयोग कर सकते हैं। नीचे दी गई तालिका में प्रदर्शित विधि के अनुसार कुन्जीपटल द्वारा संख्याएं और नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा ऑपरेटर प्रविष्ट किए जाते हैं:

| | |
|---|---|
| *जमा* | ▸ या [*+] कुन्जी दबाएं। |
| *घटा* | ◂ या दो बार [*+] कुन्जी दबाएं। |
| *गुणा* | ▴ या 3 बार [*+] कुन्जी दबाएं। |
| *भाग* | ▾ या 4 बार [*+] कुन्जी दबाएं। |
| *बराबर* | [OK] या [#=] दबाएं। |

स्क्रीन के शीर्ष भाग में एक चिह्न ऑपरेटर प्रविष्ट करने हेतु नेवीगेशन कुन्जियाँ प्रदर्शित करता है।

दशमलव बिन्दु प्राप्त करने हेतु [0.+] को दबाएं और दबाकर रखें।

*कैल्कुलेटर का परिणाम संकेतक होता है। परिकलन की शुद्धता 2 दशमलव स्थान होती है। फिर अगली क्रिया के लिए परिणाम को 2 दशमलव अंक के बाद विच्छेदित कर दिया जाता है।*

## धन परिवर्तक

यह मीनू आपको अपनी पसंद की विनिमय दर के प्रयोग द्वारा एक मुद्रा से दूसरी मुद्रा में राशि परिवर्तित करने की अनुमति देता है। आप *स्थानीय* से *विदेशी* में परिवर्तित कर सकते हैं या विपरीत। *विनिमय दर* क्षेत्र में एक दर और *स्थानीय* या *विदेशी* क्षेत्रों में एक रकम प्रविष्ट करें : राशि स्वतः ही परिकलित हो जाती है।

## संगठक

यह मीनू आपके संगठक में इवेंट्स बनाने, रक्षित और प्रबंधित करने की अनुमति देता है। संगठक सतर्क *चालू* होने पर (पृष्ठ 47 पर "ध्वनि सतर्क देखें"), कोई इवेंट निश्चित होने पर एक बीप आपको सतर्क करती है।

*संगठक अन्य विशेषताओं के साथ मोबाइल की मेमोरी क्षमता को सांझा करता है (फोनबुक, चित्र एल्बम, ध्वनि, आदि)। अपने फोन में उपलब्ध मेमोरी जानने के लिए मीडिया एलबम > मैमोरी अवस्था चुनें।*

### *नया इवेंट बनाना*

1. *घटनाएँ* में, *<नया>*, फिर (*छुट्टी*, *मीटिंग*, *करने को*) बनाने हेतु इवेंट प्रकार चुनें।
2. इवेंट की आरंभिक तिथि एवं समय प्रविष्ट करें और उसे नामित करें (जैसे "स्मिथ के साथ मीटिंग")।
3. एक रिमाइंडर और एक फ्रीक्वेन्सी सेट करें : चुनिंदा समय पर सतर्क दिए जाएंगे।

*रिमाइंडर केवल मीटिंग एवं करने को इवेंट्स पर लागू होता है। समय क्षेत्र (नीचे "विश्व घड़ी" देखें) बदलते हुए यह अद्यतन किया जाएगा।*

## *पुराने इवेंट्स मिटाना*

यह मीनू आपको पिछले इवेंट मिटाने की अनुमति देता है। सभी पिछले इवेंट मिटाने के लिए आरंभिक तिथि (भूतपूर्व या भविष्य) प्रविष्ट करें और इस तिथि से प्रारंभ होने वाले सभी इवेंट्स मिटाने के लिए दो बार OK दबाएं।

*अपने संगठक से सभी इवेंट्स मिटाने हेतु, यह सुनिश्चित करने के लिए कई वर्ष आगे की एक आरंभिक तिथि प्रविष्ट करें (जैसे 31 दिसंबर 2010) कि इस तिथि से पहले के सभी इवेंट्स एक साथ मिट जाएं।*

## *इवेंट्स प्रबंधन करना*

सूची में एक इवेंट चुनें और नीचे दिए गए विकल्पों को एक्सेस करने हेतु OK या − *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चुनित इवेंट को मिटाने के लिए। |
| *बदलें* | चुनित इवेंट को बदलने के लिए। |
| *इंफ्रारेड द्वारा भेजें* | चुनित इवेंट को अन्य इंफ्रारेड उपयुक्त उपकरण में भेजने के लिए। |
| *ध्वनि बदलें* | चुनित इवेंट से संबद्ध अलार्म प्रकार को बदलने के लिए। |

*किसी पुर्नावृत्ति वाले इवेंट को बदलने से उस इवेंट के सभी अनुरोध परिवर्तित हो जाते हैं।*

## *इवेंट्स दृश्य*

आपके संगठक में रक्षित इवेंट्स *दैनिक दृश्य*, *सप्ताह दृश्य* और *मासिक दृश्य* में प्रदर्शित किए जा सकते हैं। कोई एक दृश्य चुनें और OK दबाएं, फिर पिछला या अगला दिन, सप्ताह या महीना प्रदर्शित करने हेतु ◄ या ► प्रयोग करें।

# विश्व घड़ी



यह मीनू आपको स्थानीय समय एवं अपनी पसंद के विदेशी समय क्षेत्र का समय दोनों प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। ध्यान रखें यदि आप अपनी होम स्क्रीन पर स्थानीय एवं विदेशी समय प्रदर्शित करने का चुनाव करते हैं, तो आपके द्वारा अपने वॉलपेपर के रूप में चुना गया चित्र वहाँ प्रदर्शित नहीं होगा, परन्तु मानक विश्व घड़ी वॉलपेपर द्वारा बदल जाएगा।

## *स्थानीय सेटिंग*

| | |
|---|---|
| *समय सेट करें* | आपको उपयुक्त कुन्जियाँ दबाकर समय सेट करने की अनुमति देता है। |
| *स्थानीय क्षेत्र* | अपने क्षेत्र के अनुरूप समय क्षेत्र चुनने हेतु ▲ या ▼ चलाएं। |
| *ग्रीष्म काल* | आपको स्थानीय समय क्षेत्र के लिए ग्रीष्म काल विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट करने की अनुमति देता है। |

## *विश्व घड़ी*

यदि आप निष्क्रिय स्क्रीन पर स्थानीय समय एवं किसी अन्य विदेशी समय क्षेत्र का समय दोनों प्रदर्शित करना चाहते हों तो इस विकल्प को सक्रिय करें। विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट करने हेतु ▲ या ▼ दबाएं। *चालू* होने पर, आप अपनी पसंद का क्षेत्र *स्थानीय / विदेशी बदलें* मीनू द्वारा प्रदर्शित कर सकते हैं।

*पृष्ठ 42 पर "तिथि सेट करें" में कोई घड़ी नहीं विकल्प चुनने पर यह विशेषता उपलब्ध नहीं होती।*

### *स्थानीय/विदेशी बदलना*

स्थानीय से विदेशी क्षेत्र प्रदर्शित करने हेतु और विपरीत।

### *विदेशी सेटिंग*

| | |
|---|---|
| *विदेशी ज़ोन* | अपनी पसंद का समय क्षेत्र चुनने हेतु ▴ या ▾ चलाएं। |
| *डेलाइट सेविंग* | आपको विदेशी समय क्षेत्र के लिए डेलाइट रक्षण विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट करने की अनुमति देता है। |

*अलार्म, रिमाइंडर, प्रोग्राम किए गए इवेंट्स समय क्षेत्र पर निर्भर नहीं करतेः यदि आप समय क्षेत्र A में प्रातः 9:00 बजे कोई अलार्म या इवेंट सेट करते हैं, तो वह आपके द्वारा समय क्षेत्र B में बदलने पर भी प्रातः 9:00 बजेगा या निर्धारित रहेगा।*

## ध्वनि रिकार्डिंग



यह मीनू आपको, मेमोरी स्थिति (पृष्ठ 19 पर "मेमोरी स्थिति" देखें) के अनुसार, 12 मिनट की अवधि तक की रिकार्डिंग करने की अनुमति देता है।.

रिकार्डिंग आरंभ करने हेतु *<नया>* चुनें। आपके समाप्त करने पर, रिकार्डिंग बंद करने हेतु, ⎕ *रक्षित करें* दबाएं। फिर आप नई ध्वनि फाइल के लिए एक नाम प्रविष्ट कर सकते हैं या OK दबाकर प्रस्तावित प्राथमिक नाम स्वीकार कर सकते हैं। फिर आप *ध्वनि रिकार्डिंग* की सूची में वापिस जा सकते हैं और सूची में नई रिकार्डिंग प्रदर्शित किया जाता है।

आपके द्वारा एक ध्वनि फाइल चुनने पर, वह स्वतः ही एक लूप में चलने लगती है। विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं। आप *रिकार्डिंग चलाएं, नाम बदलें* या *मिटाएं, रिंगर* या *एसएमएस/एमएमएस रिंगर के तौर पर* सेट कर सकते हैं।

*एक फ्लैशिंग चेतावनी चिह्न सूचित करता है कि आपकी रिकार्डिंग शीघ्र ही अधिकतम प्रामाणिक अवधि तक पहुँच जाएगी। यदि आप रिकार्डिंग बंद नहीं करते, तो एक लाल लिफाफा चिह्न आपको सूचित करता है कि आपकी रिकार्डिंग एमएमएस द्वारा भेजने हेतु बहुत लंबी है।*

## अलार्म घड़ी



आपके मोबाइल फोन में स्नूज़ विशेषता के साथ एक अंतर्निमित अलार्म घड़ी है। आप तीन विभिन्न अलार्म तक सेट कर सकते हैं और चुन सकते हैं कि अलार्म पुनः बजे या नहीं। अलार्म सेट करने हेतु, नीचे दिए गए क्रमों का पालन करें:

1. कोई अलार्म चुनें और उसे *चालू* पर सेट करें।
2. फिर समय प्रविष्ट करें और OK दबाएं।
3. फिर फ्रीक्वेन्सी चुनें: *एक बार, प्रतिदिन, कार्यदिवस पर*।
4. अंत में, अलार्म प्रकार चुनें : ध्वनि एल्बम से *बज़र* या कोई धुन और OK दबाएं।

अन्य अलार्म सेट करने हेतु उपरोक्त क्रम दोहराएं।

*आपका मोबाइल फोन बंद होने पर और/अथवा संकेत ध्वनि मौन पर सेट होने पर भी अलार्म घड़ी बजेगी। अलार्म बजने पर, उसे बंद करने हेतु कोई भी कुन्जी दबाएं (केवल स्नूज़ मोड चालू होने को छोड़कर, नीचे देखें)।*

### *स्नूज़ मोड*

यह मीनू आपको स्नूज़ मोड को *चालू* या *बंद* सेट करने की अनुमति देता है। अलार्म बजने और स्नूज़ मोड *चालू* होने पर:

• अस्थायी तौर पर बजना बंद करने हेतु ( *बंद करें* के अलावा) कोई भी कुन्जी दबाएं। अलार्म 7 मिनट बाद बजेगा।
• अलार्म का बजना और पुर्नावृत्ति बंद करने हेतु *बंद करें* दबाएं।
अलार्म की 9 पुर्नावृत्तियों के बाद स्नूज़ मोड स्वतः ही निष्क्रिय हो जाता है।

*स्नूज़ मोड सेटिंग आपके द्वारा सेट किए गए सभी अलार्मों पर लागू होती है।*

## इंफ्रारेड



आपका मोबाइल फोन आपको इंफ्रारेड द्वारा विभिन्न बाहरी यंत्रों से संपर्क करने की अनुमति देता है। यह मीनू आपको इन बाहरी यंत्रों से संपर्क सेट करने हेतु अधिक विशेषताएं प्रदान करता है।

***इंफ्रारेड***

आपके मोबाइल फोन में एक इंफ्रारेड पोर्ट है जिससे आप एक वॉयरलेस संपर्क द्वारा अन्य इंफ्रारेड-संगत यंत्रों (जैसे कोई अन्य मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, पीडीए, आदि) को डाटा प्रेषित या से डाटा प्राप्त कर सकते हैं।

*कॉपीराइट संरक्षित फाइलें प्रेषित नहीं की जा सकतीं। किसी पीसी से संपर्क करते समय, सुनिश्चित करें कि आपने उसका इंफ्रारेड विकल्प सक्रिय कर दिया हो।*

### यंत्रों की स्थिति

दो यंत्रों के बीच डाटा संचार से पहले, वे एक दूसरे के अनुसार उचित स्थिति में रखे जाने चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि:
• इंफ्रारेड पोर्ट एक-दूसरे के सामने हों]
• वे एक-दूसरे से 50 से.मी. से कम देरी पर हों।
• इंफ्रारेड किरणपुंज को कुछ अवरुद्ध न कर रहा हो।

### डाटा प्रेषण

अपने मोबाइल फोन से इंफ्रारेड द्वारा डाटा भेजने के लिए, आपको पहले प्रेषण हेतु वस्तु चुननी होगी : चित्र, ध्वनि, नाम या इवेंट चुनते समय, एक उप-मीनू आपको फिर इंफ्रारेड विकल्प द्वारा *भेजें* तक एक्सेस प्रदान करता है।
संचार हेतु इंफ्रारेड संगत यंत्र प्राप्त होते ही, प्रेषण स्वतः हो जाता है। आपके द्वारा प्रक्रिया का पालन करने हेतु स्क्रीन पर संदेश प्रदर्शित किए जाते हैं।

*समय समाप्त होने से पहले आपके फोन द्वारा कोई अन्य यंत्र न खोजे जाने पर, इंफ्रारेड संपर्क टूटने पर, या आपके द्वारा प्रक्रिया निरस्त करने पर, प्रेषण निरस्त हो जाता है।*

### डाटा प्राप्ति

आपके द्वारा *प्राप्त करें* चुनने पर आपका फोन इंफ्रारेड द्वारा कोई वस्तु प्राप्त करने हेतु तैयार हो जाता है और उसे भेजने के लिए किसी अन्य इंफ्रारेड यंत्र की प्रतीक्षा करता है। डाटा प्रेषण के समान, स्क्रीन पर संदेश प्रदर्शित किए जाते हैं और आप प्रक्रिया का पालन कर सकते हैं।

*समय समाप्त होने से पहले आपके फोन का किसी अन्य यंत्र से संपर्क न होने पर, इंफ्रारेड संपर्क टूटने पर, प्रेषित फाइल बहुत बड़ी होने पर या आपके द्वारा प्रक्रिया निरस्त करने पर, प्राप्ति निरस्त हो जाती है।*

### डाटा रक्षित करना

आपको यह सूचित करने हेतु एक संदेश प्रदर्शित होगा कि आपको एक फाइल प्राप्त हुई है। नीचे दिए गए विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं।

| | |
|---|---|
| *रक्षित करें* | डाटा रक्षित करने, अंततः फाइल को पुनर्नामित करने हेतु। |
| *दिखाएं* | आपको प्राप्त डाटा का ब्यौरा प्रदर्शित करने हेतु। |
| *छोड़ दें* | प्राप्त डाटा पर ध्यान न देने हेतु। |

## स्वतः चालू/बंद

ये दो विभिन्न मीनू आपको अपने मोबाइल फोन को पूर्व-निर्धारित समयों पर स्वतः चालू या बंद होने के लिए सेट करने की अनुमति देते हैं। इससे आप अपने फोन की बैटरी का समय बढ़ा सकते है (जैसे रात में), निश्चित समयों पर बाधित नहीं हो सकते और अपने फोन को पुनः स्वतः चालू कर सकते हैं। *ऑटो स्वीच ऑन* सेट करने हेतु, विकल्प को चुनें और OK दबाएं। *चालू* चुनें और OK दबाएं। वह समय प्रविष्ट करें जब आप अपने फोन को स्वतः चालू करना चाहते हों और OK दबाएं। *एक बार*, *प्रतिदिन*, *कार्यदिवस पर* में से इच्छित फ्रीक्वेन्सी चुनें और OK दबाएं। सक्रियण की पुष्टि करने के लिए एक संदेश प्रदर्शित होता है।

# 5. मीडिया एलबम



## मैमोरी स्थिति



यह मीनू आपको अपने फोन में उपलब्ध मेमोरी का प्रतिशत प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। विभिन्न विशेषताएं मेमोरी की क्षमता को सांझा करती हैं: चित्र, ध्वनियाँ, रिकार्ड किए गए मेमो और ध्वनि कमांड हेतु ध्वनि टैग, रक्षित किए गए संदेश, फोनबुक और संगठक प्रविष्टियाँ, खेल, आदि।

मेमोरी की स्थिति देखने हेतु OK दबाएं। प्रदर्शन आपको मुक्त मेमोरी का प्रतिशत और किलोबाइट्स (के.बी.) में फोन की कुल मेमोरी दिखाता है। प्रत्येक विशेषता द्वारा प्रयोग की जाने वाली मेमोरी की विस्तृत सूची देखने हेतु पुनः OK दबाएं।

आपके मोबाइल फोन में कई ध्वनियाँ एवं चित्र हैं। आप केवल असुरक्षित चित्र या ध्वनियाँ मिटा सकते हैं, उदाहरणस्वरूप अपनी ध्वनियों एवं चित्रों के लिए मेमोरी में स्थान मुक्त करने हेतु।

कोई नई आइटम रक्षित करने पर *सूची पूर्ण* संदेश प्रदर्शित होने पर आपको नई आइटम बनाने या जोड़ने हेतु एक आइटम मिटानी होगी।

## ध्वनि एलबम



यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन में रक्षित ध्वनि फाइलों को प्रबंधित करने की अनुमति देता है। विकल्प हैं:

| | |
|---|---|
| *सब दर्शाना* | एक ही सूची में अपनी सभी ध्वनि फाइलें एक्सेस करने हेतु। |
| *मेरी धुनें* | अपनी डाउनलोड की गई ध्वनि फाइलें एक्सेस करने हेतु। |
| *सुरक्षित धुनें* | कॉपीराइट संरक्षित ध्वनि नमूनों की सूची एक्सेस करने हेतु। |

*सुरक्षित धुनें भेजी या मिटाई नहीं जा सकतीं।*

| | |
|---|---|
| *रेकार्डिंग* | ध्वनि रिकार्डिंग की सूची एक्सेस करने हेतु। |

सूचीबद्ध होने पर, आप एक ध्वनि फाइल चुन सकते हैं और नीचे दिए गए मीनू विकल्पों को एक्सेस करने हेतु OK दबाएं।

| | |
|---|---|
| *इससे भेजें ...* | चुनिंदा ध्वनि फाइल को *ई-मेल* द्वारा (पृष्ठ 31 देखें), *इन्फ्रारेड* द्वारा (पृष्ठ 17 देखें), *एमएमएस* द्वारा (पृष्ठ 39 देखें) भेजने हेतु। ध्यान रखें की *रेकार्डिंग* फोल्डर के फाइल एम एम एस द्वारा भेजे नहीं जा सकते। |
| *रिंग टोन के रुप में* | चुनिंदा ध्वनि फाइल को संकेत ध्वनि के रूप में सेट करने हेतु। |
| *एसएमएस/एमएमएस रिंगर के रुप में* | चुनिंदा ध्वनि को *संदेश रिंगर* के रूप में सेट करने हेतु। यह विकल्प *सेटिंग्स* > *ध्वनियाँ* मीनू में सक्रिय की जानी चाहिए (पृष्ठ 46 देखें)। |
| *नाम बदलें* | चुनिंदा ध्वनि फाइल का *नाम बदलें*। |

| | |
|---|---|
| *मिटाएं/सभी मिटाएं* | चुनिंदा ध्वनि फाइल या एक साथ सभी फाइलें *मिटाएं*। |

## चित्र एलबम



यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन में रक्षित आकृतियों को प्रदर्शित करने और बदलने की अनुमति देता है। विकल्प नीचे वर्णित हैं।

***सही प्रकार रक्षित और प्रदर्शित होने के लिए चित्र उचित आकार और आपके मोबाइल फोन के प्रारूप में होने चाहिए।***

| | |
|---|---|
| *सब दर्शाना* | एक ही सूची में अपनी सभी आकृति फाइलें एक्सेस करने हेतु। |
| *मेरे फोटो* | फोन के अंतर्निर्मित कैमरा से खींची गई फोटो एक्सेस करने हेतु। |
| *अपना चित्र* | आपको अपने फोन में प्राप्त आकृतियों को एक्सेस करने हेतु। |
| *नियत चित्र* | संरक्षित आकृति नमूनों की सूची एक्सेस करने हेतु। ***सुरक्षित आकृतियाँ भेजी या मिटाई नहीं जा सकतीं।*** |
| *चिन्ह* | अपने डाउनलोड किए गए चिन्हों की सूची एक्सेस करने हेतु। |

फोल्डरों के अन्दर, आकृतियाँ एक पाठ्य सूची के रूप में प्रदर्शित की जाती हैं। कोई आकृति चुनें और आकृति देखने हेतु ▸ दबाएं। OK दबाने से आप नीचे दिए गए मीनू विकल्पों को एक्सेस कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| *इससे भेजें ...* | चुनिंदा फाइल को *ई-मेल* द्वारा (पृष्ठ 31 देखें), *इन्फ्रारेड* द्वारा (पृष्ठ 17 देखें), *एमएमएस* द्वारा (पृष्ठ 39 देखें) भेजने हेतु। ध्यान दें कि आप कॉपीराइट द्वारा संरक्षित चित्र नहीं भेज सकते। |
| *वॉलपेपर के रूप में सेट करें* | चुनिंदा चित्र को वॉलपेपर के रूप में सेट करने हेतु। |
| *संशोधित करें* | निम्न विकल्पों को एक्सेस करने हेतु यह मीनू प्रयोग करें: |
| • *पाठ जोड़ें* | चुनिंदा चित्र में पाठ्य जोड़ने हेतु। संपादन स्क्रीन में अपना पाठ्य प्रविष्ट करें और OK दबाएं। पाठ्य को स्क्रीन पर चलाने हेतु नेवीगेशन कुन्जियों का प्रयोग करें: पाठ्य को एक बार में 1 पिक्सेल चलाने हेतु थोड़ी देर के लिए दबाएं, 5 पिक्सेल चलाने हेतु अधिक देर तक दबाएं।<br>पाठ्य संपादक पर वापिस जाने हेतु ▭ *पीछे* दबाएं, या प्रमाणीकृत करने और अगले विकल्प पर जाने हेतु ▭ *ओके* दबाएं। |
| • *फ्रेम या चिन्ह जोड़ें* | चुनिंदा चित्र में फ्रेम या *चिन्ह* जोड़ने हेतु। |

- *इरेज़र* — चित्र में किया गया अंतिम परिवर्तन *मिटाएं*, या *पुनः सेट करें*, यानि एक साथ सभी परिवर्तन रद्द करें। रद्द करने हेतु ⌐ *पीछे* दबाएं, या प्रमाणीकृत करने हेतु ⌐ *ठीक* दबाएं।
- *भेजें* — चुनिंदा चित्र को इन्फ्रारेड, ई-मेल या एमएमएस द्वारा भेजने हेतु।
- *रक्षित करें* — चित्र को आपके द्वारा किए गए सभी परिवर्तनों के साथ रक्षित करने हेतु।

*घुमाएं* — चुनिंदा आकृति को *-90 डिग्री*, *+90 डिग्री* या *+180 डिग्री* घुमाने हेतु इस विकल्प का प्रयोग करें।

*देखें* — चुनिंदा फाइल को प्रदर्शित करने हेतु।

*प्रोपर्टीज* — उसकी विशेषताएं (आकार, प्रारूप, रिज़ोल्यूशन, आदि) प्रदर्शित करने हेतु।

*नाम बदलें* — चुनिंदा आकृति को *पुनर्नामित करें*।

*मिटाएं/ सभी मिटाएं* — चुनिंदा फाइल या एक साथ सभी फाइलें *मिटाएं*।

***सुरक्षित आकृतियाँ में चित्र भेजे या मिटाए नहीं जा सकते।***

## टीवी स्लाइडशो



यह मीनू आपको आपके फोन की *चित्र एलबम* में सूचीबद्ध चित्र (स्वचालित ढंग से एक स्लाइडशो में या हस्तचालित ढंग से एक-एक कर) और/अथवा टीवी लिंक सहायक उपकरण द्वारा किसी टीवी स्क्रीन पर प्रदर्शित करने की अनुमति देता है।

***संभवतः आपके उत्पाद के साथ टीवी लिंक प्रदान न किया जाए। इस स्थिति में, आपको वह अलग से खरीदना होगा।***

### *हस्तचालित*

यह मीनू आपको हस्तचालित ढंग से चित्र प्रदर्शित करने की अनुमति देता है। ▴ या ▾ दबाकर चित्रों की सूची ब्राउज़ करें। ग्राफिकल पूर्ण-स्क्रीन प्रदर्शन सक्रिय करने और टीवी तक भेजने हेतु ▸ दबाएं, सूची में वापस जाने के लिए ◂ दबाएं। कोई चित्र चुने जाने पर, घुमाने के विकल्प (90° या 180°) खोलने हेतु OK या ⌐ *चुनें* दबाएं।

### *स्वचालित*

यह मीनू आपको स्वचालित ढंग से एक स्लाइडशो में चित्र प्रदर्शित करने की अनुमति देता है।

1. स्लाइडशो के प्रत्येक चित्र के बीच लागू होने वाला समय (10, 15 या 20 सेकेंड) चुनें और OK या ⌐ *चुनें* दबाएं।
2. प्रदर्शित होने वाली सूची में ◂ या ▸ दबाकर अपनी पसंद के चित्र चुनें। एक साथ सभी चित्रों को चुनने या छोड़ने हेतु *सभी चुनें(छोड़ें)* चुनें।
3. स्लाइडशो चालू करने हेतु OK दबाएं और उसे बंद करने हेत ⌐ दबाएं।

दोनों मोड में, अंतिम चयन स्वतः ही रक्षित किया जाता है और, आपके द्वारा टीवी स्लाइडशो मीनू से बाहर आने के बाद भी, लगातार कई बार चलाया जा सकता है।

# 6. मनोरंजन

*वेस्टर्न होरोस्कोप, चंद्र कैलेंडर और चीनी उत्सव विशेषताएं केवल चीनी भाषा के मीनू में उपलब्ध हैं (पृष्ठ 23 देखें)। फोन खरीदने के स्थान के अनुसार सभवतः आपके फोन में चीनी भाषा का मीनू हो या न हो।*

## काउंटडाउन

जब आप *काउंटडाउन* मीनू में प्रवेश करते हैं, काउंटडाउन स्क्रीन आरंभिक समय 00:00:0 के साथ दिखता है। काउंटडाउन मीनू में प्रवेश करें और काउंटडाउन समय HH:MM:SS फॉर्मेट में प्रविष्ट करें।

1. काउंटडाउन आरंभ करने के लिए *आरंभ करें* दबाएं।
2. काउंटडाउन टाइमर बंद करने के लिए *बंद करें* दबाएं और निकलने के लिए *पीछे* दबाएं।
3. काउंटडाउन की समाप्ति पर, फोन एक अलार्म बजाएगा। काउंटडाउन से निकलने पर यह प्रकार्य निष्क्रिय हो जाएगा।

## ब्रिक खेल

इस खेल का लक्ष्य ईंटों को एक गेंद से मारकर नष्ट करना है। सभी ईंटों को नष्ट करने से आप अगले स्तर तक एक्सेस प्राप्त करते हैं।.

निम्न कुन्जियाँ प्रयोग की जाती हैं:

| | |
|---|---|
| 4 और 6 | रैकेट को बाएं या दाएं घुमाने हेतु। |
| * और # | गेंद को बाएं या दाएं फैंक कर खेल आरंभ करने हेतु। |
| 0 | 2 मिनट तक के लिए खेल को रोकने हेतु (जिसके बाद स्क्रीन निष्क्रिय अवस्था में वापिस आ जाती है और खेल हारा जाता है)। |

## जावा

आपके मोबाइल फोन में एक जावा रन-टाइम परिवेश है, जो आपको जावा अनुप्रयोग, जैसे नेटवर्क पर खेल डाउनलोड करना, चलाने की अनुमति देता है।

पहली बार जावा आरंभ करने पर, एक संदेश आपको सतर्क करता है कि जावा की स्थापना एवं नियोजन में कुछ क्षण लग सकते हैं। यह एक बार ही प्रदर्शित होता है।

### *सेटिंग*

जावा स्थापित होने पर, आप नियोजन हेतु आगे बढ़ सकते हैं।

**स्वतः आरंभ**

आपको जावा का स्वचालित ढंग से आरंभ होने को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है। *चालू* होने पर, एक जावा अनुप्रयोग स्थापना के तुरन्त बाद स्वतः आरंभ हो जाएगी।

#### नेटवर्क एक्सेस

*धारक* — कोई संपर्क आरंभ करते समय प्रयोग हेतु नेटवर्क प्रकार चुनने और संबंधित सेटिंग नियोजित करने के लिए।
- *जीएसएम* या *जीपीआरएस*: आपका मोबाइल ई-मेल संपर्कों हेतु केवल जीएसएम या जीपीआरएस नेटवर्क ही प्रयोग करेगा।
- *जीपीआरएस पहले*: आपका मोबाइल पहले जीपीआरएस नेटवर्क से संपर्क करने का प्रयास करेगा, फिर जीपीआरएस नेटवर्क उपलब्ध न होने पर जीएसएम नेटवर्क से।

*ऊपर दिए गए विकल्प को चुनने हेतु आपके पास जीएसएम और जीपीआरएस दोनों सेटिंग नियोजित होनी चाहिए। विवरण के लिए पृष्ठ 48 देखें।*

*डीएनएस पता* — आपको उस बाहरी नेटवर्क का डीएनएस पता प्रविष्ट करने की अनुमति देता है जिससे आप जुड़ना चाहते हैं।

*नेटवर्क एकाउंट* — आपको *सेटिंग्स* > *नेटवर्क* > *सेटिंग अभिगम* में नर्धारित किए गए डाटा प्रोफाइलों में से एक चुनने की अनुमति देता है (पृष्ठ 48 देखें)।

#### नेटवर्क

यह मेनू आपको, डीएनएस एवं प्रॉक्सी पतों सहित, ऑपरेटर की विशिष्ट सेटिंग तक एक्सेस प्रदान करता है। उपलब्ध होने पर, इस मीनू की सभी आइटम पूर्व-नियोजित हैं, ताकि आपको उन्हें बदलने की आवश्यकता न हो।

### *जावा अनुप्रयोग*

1. पहली बार इस मेनू को चुनने पर, शुरूआत चालू होने के लिए *ओके* दबाएं। इसमें कुछ मिनट लग सकते हैं।
2. वापिस जावा विन्डो में, आप इनमें से कुछ भी कर सकते हैं:
   - *डफॉल्ट फोल्डर* की विषय-वस्तु को एक्सेस करने हेतु दबाएं, फिर सूचीबद्ध खेल चलाने हेतु *मेनू* और *चुनें* दबाएं,
   - या, आपको नए फोल्डर बनाने और प्रबंधित करने के विकल्पों को एक्सेस करने के लिए, *मेनू* दबाएं।
3. अपने मोबाइल फोन डाउनलोड किए गए जावा खेल स्थापित करने हेतु *स्थापित करें* चुनें: कोई खेल खेलने के लिए आपको पहले हमेशा स्थापना के साथ आगे बढ़ना चाहिए।
4. जावा अनुप्रयोग से बाहर आने के लिए *बाहर आएं* दबाएं, या उपलब्ध विकल्पों की सूची एक्सेस करने के लिए *मेनू* दबाएं।

*आपका मोबाइल फोन "मिडिलेट्स" के विषय में संदेश प्रदर्शित कर सकता है। मिडिलेट्स जावा अनुप्रयोग या खेल होते हैं।*

## स्टॉपवाच



आपके द्वारा स्टॉपवाच मीनू में प्रविष्ट होने पर, स्क्रीन 00:00:0 के आरंभ समय के साथ स्टॉपवाच प्रदर्शित करती है।

स्टॉपवाच समयक को चालू करने हेतु *आरंभ करें* या दबाएं। सॉफ्टकुन्जियाँ *आरंभ करें/बंद करें* और *पुनः सेट करें* बन जाती हैं।

स्टॉपवाच को पुनः सेट करने हेतु *पुनः सेट करें* दबाएं। फिर बाहर आने के लिए *पीछे* दबाएं।

# 7. ऑपरेटर सेवाएं

इस मीनू में आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं एवं विशेषताएं शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप, आपकी सेवा के अनुसार, नीचे दिए गए मीनू भिन्न हो सकते हैं या उपलब्ध नहीं हो सकते। अधिक जानकारी हेतु अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

*प्रदान की गई सेवाओं में फोन कॉल करना या एसएमएस भेजना शामिल हो सकते है जिसके लिए आपसे शुल्क लिया जा सकता है।*

## ऑप. सेवाएं +

यह मीनू विकल्प विशिष्ट ऑपरेटर सेवाओं हेतु रक्षित है। इन विकल्पों हेतु अधिक जानकारी हेतु कृप्या अपने नेटवर्क ऑपरेटर से संपर्क करें।

## वैप

यह मीनू आपको अपने नेटवर्क के साथ प्रदान की गई सेवाओं, जैसे समाचार, खेल, मौसम, आदि को एक्सेस करने की अनुमति देता है।

*आपका फोन पूर्व-नियोजित होने पर, आपके लिए इस भाग में दी गई सेटिंग को बदलना आवश्यक नहीं है। कुछ ऑपरेटरों के साथ, सेटिंग को दूर से सेट किया जा सकता है।*

एक वैप सत्र आरंभ करने हेतु, *ऑपरेटर* > *वैप* > *होमपेज* चुनें।

| | |
|---|---|
| ▲ या ▼ प्रयोग करें | ऑन-लाइन पृष्ठ ब्राउज़ करने हेतु। |
| [OK] या [-] *चुनें* दबाएं | हाईलाइट की गई कोई आइटम चुनने हेतु। |
| [-] *पीछे* दबाएं | पिछले पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| [☎] दबाएं या *विकल्प* > *बाहर आएं* चुनें | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |

आपका मोबाइल फोन आपके द्वारा *सेटिंग* > *नेटवर्क* (पृष्ठ 48 देखें) मेनू में निर्धारित *सेटिंग अभिगम* के अनुसार नेटवर्क से जुड़ता है। संपर्क त्रुटि होने की स्थिति में, स्क्रीन पर "मेनू पर जाएं" प्रदर्शित करती है: वैप विकल्प (पृष्ठ 28 देखें) एक्सेस करने हेतु [OK] या [-] *विकल्प* दबाएं।

### *होमपेज*

यह आपके द्वारा एक वैप सत्र आरंभ करते समय एक्सेस की जाने वाली पहली वैप साइट की कड़ी है। अधिकांश मामलों में, यह मीनू आइटम पूर्वनियोजित होती है और आपके ऑपरेटर के वैप मुख्यपृष्ठ से जुड़ेगी। इस प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को बदलने हेतु पृष्ठ 28 पर "विकल्प" देखें।

### *पृष्ठित मैमोरी*

यह मीनू आपको अपने पसंदीदा वैप साइट पते रक्षित करने, उन्हें पुनर्नामित करने और शीघ्रता से उन्हें सूची से एक्सेस करने की अनुमति देता है। ब्राउज़ करते समय [-] *विकल्प* दबाएं, फिर *पृष्ठित मैमोरी* चुनें: नाम और यूआरएल क्षेत्र स्वत: ही आपके द्वारा ब्राउज़ किए जा रहे पृष्ठ की जानकारी से भर जाएंगे।

*पृष्ठित मैमोरी जोड़ें* चुनें और प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें। OK दबाएं, फिर उसी प्रकार यूआरएल पता प्रविष्ट करने हेतु आगे बढ़ें।

*पृष्ठित मैमोरी प्रबंधित करें* मीनू द्वारा आप चुनिंदा पृष्ठचिह्न को *मिटाएं* या *संपादित करें*।

## *यूआरएल पर जाएं*

यह मीनू आपको एक वैप साइट पता प्रविष्ट करने और उसे चुनने पर सीधे संपर्क करने (वैप पतों को पृष्ठचिह्न के रूप में रक्षित किए बिना उन्हें एक्सेस करने का एक तीव्र तरीका) की अनुमति देता है।

आपके द्वारा इस मीनू में प्रविष्ट किए गए और कम से कम एक बार संपर्क किए गए सभी पते, एक सूची में प्रदर्शित होंगे। कोई एक आइटम चुनें और संबंधित पृष्ठ का संपूर्ण पता पुनः प्रविष्ट किए बिना, उससे पुनः संपर्क करने हेतु OK दबाएं।

## *सेटिंग*

वैप साइट एक्सेस करने के लिए, आपको पहले एक वैप संपर्क प्रोफाइल नियोजित करना होगा।

### प्रोफाइल चुनना

उपलब्ध प्रोफाइलों में से एक चुनने, फिर उनमें से प्रत्येक के लिए संपर्क सेटिंग निर्धारित करने हेतु।

*नीचे वर्णित सभी संपर्क सेटिंग चुनिंदा प्रोफ़ाइल पर लागू होती हैं।*

### ब्राउज़र विकल्प

वैप पृष्ठों के साथ संलग्न आकृतियों का डाउनलोड होना सक्रिय या निष्क्रिय करने हेतु।

*बंद चुनना ब्राउज़ किए गए पृष्ठों के व्यापक डाउनलोड को बढ़ा देगा।*

### प्रोफाइल पुनर्नामित करना

वर्तमान चुनिंदा प्रोफाइल को पुनर्नामित करने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।

### कैशे

फोन की मेमोरी का वह भाग खाली करने हेतु जहाँ किसी वैप सत्र के दौरान ब्राउज़ किए गए पृष्ठ रक्षित किए जाते हैं।

### नेटवर्क

- *होमपेज* : मुख्यपृष्ठ का नाम और पता बदलने हेतु (प्रदर्शित होने के लिए संपादन स्क्रीन का नया नाम प्रविष्ट करना शुरू करें)।
- *नेटवर्क एक्सेस* आपको अपने द्वारा *सेटिंग* > *सेटिंग अभिगम* में निर्धारित किए गए डाटा प्रोफाइलों में से एक चुनने की अनुमति देता है (पृष्ठ 48 देखें)।
- *धारक* आपको संपर्क आरंभ करते हुए चुनिंदा प्रोफाइल द्वारा प्रयोग किया जाने वाला नेटवर्क प्रकार चुनने की अनुमति देता है (पृष्ठ 42 देखें)।
- *प्रतिनिधि पता* और *प्रतिनिधि पोर्ट* आपको चुनिंदा प्रोफाइल के प्रयोग द्वारा एक वैप संपर्क आरंभ करते हुए गेटवे पता और पोर्ट नंबर निर्धारित करने की अनुमति देता है।
- *सुरक्षा* : स्थापित सुरक्षा *प्रमाणपत्र* की सूची (फिर उसका विवरण प्रदर्शित करने या उसे मिटाने), *सत्र की सूचना* या *वर्तमान प्रमाणपत्र* प्रदर्शित करने हेतु।

## *पुश इनबॉक्स*

यह मीनू आपको नेटवर्क और/अथवा अपने ऑपरेटर द्वारा स्वतः भेजे गए संदेश पढ़ने और प्रबंधित करने की अनुमति देता है।

*कुछ स्थितियों में, आपको यह सूचित करने हेतु स्क्रीन पर एक लाल "@" चिह्न प्रदर्शित होता है कि आपको एक नया पुश संदेश प्राप्त हुआ है। उसे पढ़ने हेतु OK या - पढ़ें या निष्क्रिय अवस्था में वापिस जाने हेतु - पीछे दबाएं।*

पुश संदेशों में संबंधित वैप सेवाओं को शीघ्र एक्सेस करने हेतु यूआरएल कड़ियाँ शामिल होती हैं: कड़ी पर एक क्लिक ब्राउज़िंग या आपके हैंडसेट में मल्टीमीडिया फाइलें डाउनलोड करने हेतु वैप साइट से संपर्क स्थापित करेगा।

***आपका पुश इनबॉक्स पूर्ण होने पर, एक संदेश आपको*** *वैप > पुश इनबॉक्स* ***में से कुछ संदेश मिटाने हेतु कहेगा।***

### *विकल्प*

ब्राउज़ करते हुए, निम्न को एक्सेस करने हेतु ⊟ *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *होमपेज* | प्राथमिक मुख्यपृष्ठ को एक्सेस करने हेतु। |
| *पीछे* | पहले ब्राउज़ किए गए पृष्ठ पर वापिस जाने हेतु। |
| *अग्रेषित करें* | ब्राउज़ किए गए अगले पृष्ठ पर जाने हेतु। |
| *रिफ़्रेश* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान पृष्ठ को उसके मूल सर्वर से पुनः लोड करने हेतु। |
| *होमपेज जैसे सेट करें* | ब्राउज़ किए गए वर्तमान वैप पृष्ठ को प्राथमिक मुख्यपृष्ठ के रूप में रक्षित करने हेतु। |
| *इस रूप में रक्षित करें...* | *चित्र एल्बम* में प्रदर्शित पृष्ठों में अंतःस्थापित आकृतियों को रक्षित करने हेतु। |
| *बाहर आएं* | वैप सत्र समाप्त करने हेतु। |
| *पृष्ठित मैमोरी*<br>*यूआरएल पर जाएं*<br>*सेटिंग*<br>*पुश इनबॉक्स* | इन विकल्पों का विवरण देखने हेतु पृष्ठ 27 देखें। |

# 8. सन्देश

## सेटिंग्स

### *मेरा शब्दकोश*

यह लक्षण आपको संदेश लिखने के लिए T9 शब्दकोश में वृद्धि करने की अनुमति देता है। T9 के साथ प्रविष्टि करने के विषय में विस्तृत जानकारी हेतु, कृप्या पृष्ठ 12 पर "T9® पाठ्य इनपुट" देखें)। कोई नया शब्द बनाने और रक्षित करने के लिए *<नया>* चुनें, या शब्दकोश की विषय-वस्तु को एक ही बार में मिटाने के लिए *<सभी मिटाएं>* चुनें।

### *एसएमएस*

| | |
|---|---|
| *जवाब देने का मार्ग* | *चालू* होने पर, यह विकल्प आपको संदेश के साथ अपने एसएमएस संदेश केन्द्र का नंबर प्रेषित करने की अनुमति देता है। फिर प्राप्तकर्ता आपके अपने एसएमएस केन्द्र द्वारा उत्तर देता है और अपने नहीं। इससे प्रसारण की गति बढ़ जाती है। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |
| *सुपुर्दगी रिपोर्ट* | *चालू* होने पर, यह विकल्प आपको एसएमएस द्वारा सूचित करता है कि आपका अपना एसएमएस प्राप्त किया गया था या नहीं। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |
| *स्वतः एसएमएस रक्षण* | *चालू* होने पर, यह विकल्प प्रेषित संदेशों को स्वतः *पुरालेख* मीनू में रक्षित करता है। |
| *एसएमएस केन्द्र* | अपना प्राथमिक एसएमएस केन्द्र चुनें। **यदि आपके सिम कार्ड पर उपलब्ध न हो, तो आपको अपने एसएमएस केन्द्र का नंबर प्रविष्ट करना होगा।** |
| *हस्ताक्षर* | *चालू* होने पर, आपको अपने संदेश के अंत में हस्ताक्षर जोड़ने की अनुमति देता है। आप हस्ताक्षर को *संपादित*, *बदलें* या *रक्षित करें* कर सकते हैं। |
| *वैधता अवधि* | एसएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा निर्धारित करें। ऐसा प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से सम्पर्क में न होने पर लाभदायक होता है (और इसलिए तुरन्त आपका संदेश प्राप्त नहीं कर सकता)। **यह लक्षण सेवा पर निर्भर करता है।** |

### *एमएमएस*

यह मीनू आपको उपलब्ध एमएमएस प्रोफाइलों में से किसी एक को *सक्रिय करें*, *संशोधित करें* या *नाम बदलें* करने की अनुमति देता है। संभव है आपके मोबाइल फोन को पूर्व-निर्धारित किया गया हो। सेटिंग्स बदलने के लिए, सूची में एमएमएस प्रोफाइल चुनें और नीचे वर्णित सेटिंग्स को एक्सेस करने के लिए *संशोधित करें* चुनें।

## अनुप्रयोग सेटिंग्स

*पुर्नप्राप्ति मोड*

आपको निम्न में से चुनने की अनुमति देता है:

- *मैन्युअल*: आप *इनबॉक्स* में एक सूचना चुनकर, डाउनलोड करने के लिए *पढ़ें* चुनकर, फिर *चलाएं* चुनकर हस्तचालित विधि द्वारा सर्वर से संपर्क करते हैं।
- *स्वचालित*: नए एमएमएस सीधे *इनबॉक्स* में रक्षित किए जाते हैं। एमएमएस चुनें और उसे चलाने के लिए ﾝ दबाएं।

*रोमिंग के दौरान यह लक्षण निष्क्रिय हो जाता है।*

*वैधता अवधि*

एमएमएस केन्द्र में अपने संदेशों को रक्षित करने की समय सीमा, *1 घंटे* से *1 सप्ताह* (अधिकतम) तक, निर्धारित करने हेतु। ऐसा प्राप्तकर्ता के नेटवर्क से सम्पर्क में न होने पर लाभदायक होता है (और इसलिए तुरन्त आपका संदेश प्राप्त नहीं कर सकता)।

*पढ़ी रिपोर्ट*

इस विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट किया जा सकता है और आपके द्वारा भेजे गए एमएमएस की स्थिति बदलने, यानि उसे पढ़ा गया या मिटाया दिया गया, पर आपको (एक एसएमएस द्वारा) सूचित करता है।

*सुपुर्दगी रिपोर्ट*

इस विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट किया जा सकता है और सुपुर्दगी की स्थिति, यानि आपका एमएमएस प्राप्त किया गया या अस्वीकार कर दिया गया, के विषय में आपको (एक एसएमएस द्वारा) सूचित करता है।

*स्वत: रक्षित करें*

इस विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट किया जा सकता है और आपको भेजे गए संदेश *आउटबॉक्स* मीनू में स्वत: रक्षित करने की अनुमति देता है।

*स्लाइड अवधि*

आपको एमएमएस की प्रत्येक स्लाइड के बीच समय की अवधि चुनने की अनुमति देता है।

*पहचान छुपाएं*

अपने एमएमएस के प्राप्तकर्ताओं से अपनी पहचान (यानि, अपने फोन नंबर) को *हमेशा छुपाने* या *कभी न छुपाने* हेतु।

*सीमाबद्ध प्रचार*

विकल्प को *चालू* या *बंद* सेट करने हेतु। *चालू* होने पर, आप नेटवर्क द्वारा प्रेषित कम विज्ञापन प्राप्त करेंगे।

## नेटवर्क सेटिंग्स

*नेटवर्क पहुँच*

अपने द्वारा सेट किए गए संपर्क प्रोफाइलों में एक चुनने के लिए (पृष्ठ 48 पर "एक्सेस सेटिंग्स" देखें)।

*धारक*

संपर्क चालू करने पर प्रयोग होने वाला नेटवर्क प्रकार चुनने हेतु: *जीएसएम*, *जीपीआरएस* या *जीपीआरएस प्रथम*।

*एमएमएस केन्द्र*

जिस सर्वर से आप संपर्क करेंगे उसका एसएमएस पता प्रविष्ट करने हेतु।

*गेटवे पता*
*गेटवे पोर्ट*

सर्वर के गेटवे का आईपी और पोर्ट नंबर प्रविष्ट करने हेतु।

### *ई-मेल*

यह मीनू आपको उपलब्ध ईमेल प्रोफाइलों में से किसी एक को *सक्रिय करें*, *संशोधित करें* या *नाम बदलें* करने की अनुमति देता है। संभव है आपके मोबाइल फोन को पूर्व-निर्धारित किया गया हो। सेटिंग्स बदलने के लिए, सूची में ईमेल प्रोफाइल चुनें और नीचे वर्णित सेटिंग्स को एक्सेस करने के लिए *संशोधित करें* चुनें।

*यदि किसी खाते को पूर्व-निर्धारित किया गया हो, तो वह लॉक हो सकता है, उस स्थिति में उसे पुनर्नामित नहीं किया जा सकता।*

#### नेटवर्क एक्सेस

इससे पहले कि आप अपनी ई-मेल देखें, आपको पहले इंटरनेट से अपने कनेक्शन को कॉन्फिगर करना होगा।

#### जीएसएम सेटिंग्स

अपने द्वारा इंटरनेट से संपर्क करने हेतु किसी जीएसएम कनेक्शन का प्रयोग करने पर, आपका मोबाइल फोन आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान किए गए एक नंबर को डायल करता है और इस कनेक्शन में, किसी पीसी से डायल-अप इंटरनेट कनेक्शन के समान, डाटा प्रेषित एवं प्राप्त किया जाता है। जीएसएम कनेक्शन के पैरामीटर नीचे दी गई तालिका में वर्णित है।

| | |
|---|---|
| *फोन नंबर* | आपका मोबाइल फोन एक कनेक्शन स्थापित करने हेतु इस नंबर को डायल करता है। पहले *आईएसडीएन नंबर* (इंटिग्रेटिड सर्विस डिजिटल नेटवर्क) या *एनालॉग नंबर* (अपने नेटवर्क ऑपरेटर के अनुसार) चुनें और फिर अपने ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया *फोन नंबर* प्रविष्ट करें, |
| *लॉगिन और पासवर्ड* | आपके जीएसएम नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया लॉगिन और पासवर्ड। |
| *स्वचालित डिस्कनेक्ट* | एक निष्क्रियता समय-समाप्त मान प्रविष्ट करें जिसके बाद फोन स्वतः कॉल समाप्त कर देगा (यदि कोई कनेक्शन चालू था)। मान 30 सेकेंड से अधिक होनी चाहिए। |

#### *जीपीआरएस सेटिंग्स*

जीएसएम को एक डायल-अप इंटरनेट कनेक्शन के समान प्रयोग करने पर, एक जीपीआरएस कनेक्शन ब्रॉडबैंड के बराबर होता है। जीपीआरएस (या ग्लोबल पैकेट रेडियो सर्विस) एक रेडियो सिग्नल के प्रयोग द्वारा शीघ्र डाटा भेजने हेतु एक प्रोटोकॉल है।

एक जीपीआरएस कनेक्शन को कॉन्फिगर करने हेतु, आपको एक प्रयोक्ता नाम और पासवर्ड भरने की आवश्यकता हो सकती है, हालांकि कुछ जीपीआरएस कनेक्शन्स उनके बिना कार्य करते हैं। आपको *एपीएन* (या एक्सेस प्वाइंट नेम) भरने की आवश्यकता होगी।

#### *धारक*

यह मीनू विकल्प आपको एक इंटरनेट कनेक्शन स्थापित करने की विधि चुनने की अनुमति देता है।

- *जीएसएम*: आपका मोबाइल केवल ई-मेल कनेक्शन्स के लिए जीएसएम नेटवर्क का प्रयोग करेगा।
- *जीपीआरएस*: आपका मोबाइल केवल ई-मेल कनेक्शन्स के लिए जीपीआरएस नेटवर्क का प्रयोग करेगा।
- *जीपीआरएस प्रथम*: आपका मोबाइल पहले जीपीआरएस नेटवर्क से संपर्क करने का प्रयास करेगा। कोई जीपीआरएस नेटवर्क उपलब्ध न होने पर, फिर वह जीएसएम नेटवर्क हेतु प्रयास करेगा।

इन लक्षणों के काम करने के लिए, आपको पहले संबद्ध सेटिंग्स प्रविष्ट करनी होंगी।

### ई-मेल सर्वर

आपकी ई-मेल सेवा से संपर्क करने के लिए आवश्यक सेटिंग्स को कॉन्फिगर करने हेतु।

| | |
|---|---|
| *पासवर्ड* | आपकी ई-मेल खाते को एक्सेस करने के लिए पासवर्ड। |
| *ईमेल पता* | आपका ई-मेल पता। |
| *एसएमटीपी पता* | सिम्पल मेल ट्रांस्पोर्ट प्रोटोकॉल (एसएमटीपी) पता। यह आपकी आउटगोइंग मेल के लिए सर्वर है और आमतौर पर smtp.yourmail.com जैसे एक फॉर्मेट में होता है। |
| *पीओपी3 पता* | पोस्ट ऑफिस प्रोटोकॉल (पीओपी) पता। यह आपकी इनकमिंग मेल के लिए सर्वर है और आमतौर पर pop3.yourmail.com जैसे एक फॉर्मेट में होता है। |
| *लॉगिन* | आपकी ई-मेल खाते को एक्सेस करने के लिए लॉगिन (या प्रयोक्ता नाम)। |

*आपको अपने ई-मेल सेवा प्रदाता से पीओपी3 और एसएमटीपी पते प्राप्त करने होंगे।*
*यदि आप अपनी ई-मेल को एक्सेस करने हेतु एक जीपीआरएस कनेक्शन का प्रयोग करना चाहते हैं, तो आपको ई-मेल भेजने के लिए संभवतः अपने मोबाइल सेवा प्रदाता के एसएमटीपी सर्वर का प्रयोग करने की आवश्यकता हो सकती है।*

### विकसित

| | |
|---|---|
| *पीओपी3 पोर्ट* | पीओपी3 सर्वर का पोर्ट नंबर। प्रायः यह पोर्ट 110 होता है। |
| *एसएमटीपी पोर्ट* | एसएमटीपी सर्वर का पोर्ट नंबर। प्रायः यह पोर्ट 25 होता है। |
| *डीएनएस पता* | आपके डोमेन नेम सर्वर का आईपी पता। |
| *एसएमटीपी प्रमाणीकरण* | एसएमटीपी प्रमाणीकरण प्रायः *बंद* पर सेट किया जाता है। अधिक जानकारी के लिए अपने प्रदाता से संपर्क करें। |

### *एसएमएस प्रसारण*

यह मीनू आपको नेटवर्क के सभी सदस्यों को नियमित रूप से प्रसारित किए जाने वाले एसएमएस प्रसारणों की प्राप्ति के प्रबंधन की अनुमति देता है। यह आपको निम्न विकल्पों तक एक्सेस प्रदान करता है:

| | |
|---|---|
| *जिला कोड* | निष्क्रिय स्क्रीन पर स्थायी तौर पर प्रदर्शित होने वाले अपने इच्छित संदेशों के प्रकार को चुनने हेतु (इस मामले में, *जिला कोड* और *विषय* दोनों मीनू में प्रकार प्रविष्ट करें)। |
| *अभिग्रहण* | सेल प्रसारण सन्देशों की प्राप्ति को *चालू* या *बंद* सेट करने हेतु। |

*विषय* प्राप्त किए जाने वाले अपने इच्छित संदेशों के प्रकार निर्धारित करने हेतु। विषय कॉन्फिगर करने के लिए, *<नया>* चुनें, ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया कोड प्रविष्ट करें, और, यदि चाहें, तो एक नाम जोड़ें। आप सूची में कोई मौजूदा विषय भी चुन सकते हैं, जिसे आप पुनर्नामित कर सकते हैं, उसका कोड बदल या मिटा सकते हैं।

*आप सूची में 15 विभिन्न विषयों तक प्रविष्ट कर सकते हैं। विभिन्न विषयों के संबद्ध कोड प्राप्त करने हेतु, अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।*

## संदेश लिखना

### *नई ई-मेल*

*आपके मोबाइल फोन समझौते में शामिल न होने पर, आपको ई-मेल भेजने और प्राप्त करने हेतु किसी ई-मेल सेवा का सदस्य बनना होगा। इस मामले में, आपको सभी पैरामीटर आपके सेवा प्रदाता द्वारा बताए जाते हैं।*

यह मीनू आपको एक साथ, एक या अधिक प्राप्तकर्ताओं को, जेपीईजी चित्र जैसे संलग्नक सहित, ई-मेल भेजने की अनुमति देता है। प्राप्त होने पर, आपके संदेश अग्रेषित और संलग्नक उपयुक्त सॉफ्टवेयर द्वारा देखे जा सकते हैं।

*यदि आप अपनी ई-मेल भेजने से पहले ही संदेश लिखें > नई ई-मेल मीनू से बाहर आ जाते हैं या आप प्रेषित होते समय रद्द कर देते हैं, तो ईमेल की विषय-वस्तु बिना रक्षित किए मिट जाती है।*

*संपर्क जोड़ें* अपनी ई-मेल के प्राप्तकर्ता चुनने हेतु, बशर्ते कि आपने अपने फोन की पता-पुस्तिका में रक्षित संपर्कों के लिए ई-मेल पते प्रविष्ट किए हों (पृष्ठ 57 पर "पता-पुस्तिका" देखें)। आपके द्वारा संपर्क जोड़ने के बाद, उनमें से एक चुनें और ई-मेल पता *बदलें* के लिए OK दबाएं, उसे सूची से *हटाएं*।

*यदि आप सिम की फोनबुक से कोई संपर्क चुनते हैं, तो आप एक संपादन खिड़की द्वारा एक ई-मेल पता प्रविष्ट कर सकते हैं।*

*ईमेल बनाएं* आपको अपना संदेश लिखने की अनुमति देता है। विषय और पाठ्य प्रविष्ट करें, फिर अगले विकल्प पर जाने के लिए OK दबाएं:

- अपनी ई-मेल में ध्वनि या चित्र जोड़ने के लिए *ध्वनि जोड़ें* या *ग्राफ़िक जोड़ें*,
- चुनिंदा प्राप्तकर्ता(ओं) को भेजने के लिए, *अभी भेजें*,
- अपनी ई-मेल पुनः लिखने के लिए *संशोधित करें*।

*आप एक बार में केवल एक चित्र (जेपीईजी, जीआईएफ या बीएमपी) या एक ध्वनि जोड़ सकते हैं। यदि आप कोई ई-मेल लिखते हुए कोई इनकमिंग कॉल स्वीकार करते हैं, तो मीनू बंद हो जाता है और आपके द्वारा कॉल काटने पर फोन निष्क्रिय में वापस चला जाता है।*

### *नया एसएमएस*

एसएमएस लिखने एवं भेजने के लिए, नीचे दिए क्रमों का पालन करें:

1. *संदेश बनाएं* > *नया एसएमएस* चुनें। एसएमएस संदेश के लिए पाठ्य प्रविष्ट करें, प्रेषण हेतु फोन नंबर, फिर − *चुनें* या OK दबाएं। आप संपर्क सूची से अपने प्राप्तकर्ता का नाम भी चुन सकते हैं।

| | |
|---|---|
| *रक्षित करें* | वर्तमान संदेश और उसके संलग्नकों को *आलेख* मीनू में रक्षित करने हेतु। |
| *अभी भेजें* | वर्तमान संदेश प्रेषित करने हेतु। |
| *ध्वनि जोड़ें* | धुन संलग्न करने हेतु। |
| *ग्राफ़िक जोड़ें* | आकृति या चित्र संलग्न करने हेतु। |
| *इनपुट भाषा* | टाइपिंग के लिए भाषा बदलने हेतु। |

आप अपने एसएमएस के साथ एक साथ दो भिन्न प्रकार के संलग्नक भेज सकते हैं। आकृति और चित्र विशेष हैं: यदि आप पहले एक एनिमेशन, फिर एक चित्र चुनते हैं, तो केवल चित्र लिया जाएगा और इसके विपरीत।
ऊपर दिए गए विकल्प चुनने के बाद OK दबाएं और आप अपने चुनिंदा संपर्क भेज सकेंगे या प्राप्तकर्ता जोड़ सकेंगे।

***नया एसएमएस अस्थायी तौर पर सिम में रक्षित किया जाएगा, और फिर उसे पढ़ने के बाद फोन की मेमोरी में भेज दिया जाएगा।***

### *नया एमएमएस*

*नया एमएमएस* चुनने पर, आपको पहले वह संपर्क प्रविष्ट करने हेतु कहा जाता है जिसे आप एमएमएस भेजना चाहते हैं। आप एक या अधिक मौजूदा संपर्क चुन सकते हैं, कोई नया मोबाइल फोन नंबर या कोई नया ईमेल पता प्रविष्ट कर सकते हैं।
इसके बाद आपको *एमएमएस बनाएं* के लिए कहा जाएगा। एमएमएस लेखन स्क्रीन में, पाँच चिह्न आपको *चित्र* जोड़ने, *पाठ्य* जोड़ने, *ध्वनि* जोड़ने, संदेश *भेजने* या *एमएमएस विकल्प* को एक्सेस करने की अनुमति देते हैं। एक विकल्प से अगले पर जाने के लिए ▲ या ▼ चुनें और मीनू को एक्सेस करने के लिए OK या − दबाएं।

1. अपना संदेश तैयार करें: *चित्र* जोड़ें, *पाठ्य* और/या *ध्वनि* जोड़ें। अधिक स्लाइड्स बनाने के लिए ▸ दबाएं।
2. बाईं ओर अंतिम चिह्न आपको *एमएमएस विकल्प* को एक्सेस करने की अनुमति देता है (नीचे देखें)।
3. चुनिंदा प्राप्तकर्ता(ओं) को एमएमएस भेजने हेतु *भेजें* चुनें।

चित्र *चित्र एलबम* से चुने जाते हैं। कॉपीराइट संरक्षित चित्र एमएमएस द्वारा नहीं भेजे जा सकते। *ध्वनि एलबम* की धुनों में से ध्वनियाँ चुनी जा सकती हैं।
नए एमएमएस बनाते हुए निम्न विकल्प उपलब्ध होते हैं:

| | |
|---|---|
| *स्लाइड जोड़ें* | नई स्लाइड बनाने और उसे आपके स्लाइड शो में जोड़ने हेतु। कई स्लाइड्स बनाने के बाद स्लाइड्स ब्राउज़ करने के लिए ◂ या ▸ दबाएं। |
| *विषय संपादित करें* | आपके संदेश का विषय संपादित और बदलने या प्रविष्ट करने हेतु। |
| *अगली स्लाइड / पिछली स्लाइड* | अगली/पिछली स्लाइड को स्थानांतरित करने हेतु। ध्यान दें कि यह विकल्प केवल एमएमएस में एक से अधिक स्लाइड होने पर प्रदर्शित होता है। |
| *स्लाइड मिटाएं* | चुनिंदा पृष्ठ को मिटाने हेतु (संदेश में एक से अधिक होने पर)। |
| *ड्राफ्ट के रूप में रक्षित करें* | आपके संदेश को एक ऐसे ड्राफ्ट के रूप में रक्षित करने हेतु जिसे आप संपादित कर सकते हैं, पूरा कर सकते हैं और बाद में भेज सकते हैं। |

| | |
|---|---|
| *टेम्प्लेट के रूप में रक्षित करें* | आपके संदेश को एक ऐसे टेम्प्लेट के रूप में रक्षित करने हेतु, जिसे आप अन्य एमएमएस के आधार के तौर पर प्रयोग कर सकते हैं (जैसे "जन्मदिन मुबारक" प्रकार के संदेश)। |
| *एमएमएस पुनरावलोकन करें* | आपके द्वारा बनाए गए स्लाइड शो का पूर्वावलोकन करने हेतु। |
| *स्लाइड अवधि* | *सेटिंग्स* > *एप्लिकेशन सेटिंग्स* में सेट स्लाइड की अवधि को बदलने, और हर स्लाइड के बीच एक विलम्ब सेट करने हेतु। |

अपना संदेश पूर्ण होने पर, *अभी भेजें* चुनें और OK दबाएं। एक प्रगति बार आपको अपने संदेश प्रेषण पर ध्यान देने की अनुमति देती है, यदि आप प्रेषण रद्द करना चाहें तो - *निरस्त करें* दबाएं। यदि आपने एमएमएस को एक ड्राफ्ट के रूप में रक्षित किया हो, तो वह *ड्राफ्ट* मीनू में उपलब्ध होगा। यदि आप एमएमएस भेज चुके हैं, तो आपके द्वारा *स्वतः रक्षित करें* विकल्प सक्रिय करने पर वह *आउटबॉक्स* में उपलब्ध होगा (नीचे देखें)।

**इनबॉक्स**

## *ई-मेल*

यह मीनू आपको अपने मेलबॉक्स से संपर्क करने और सर्वर से ई-मेल शीर्ष (प्रेषक और विषय पंक्तियाँ) डाउनलोड करने की अनुमति देता है। फिर आप संबद्ध ई-मेल प्राप्त करने का चुनाव कर सकते हैं।

1. *मेलबॉक्स खोलें* चुनें: आपका फोन स्वतः ही ई-मेल सर्वर से संपर्क स्थापित करता है और किन्हीं ई-मेल शीर्षों (एक बार में पाँच) की सूची डाउनलोड करता है।
2. सूची के अंत (या आरंभ) में *अगला* (या *पिछला*) प्रदर्शित होने पर, अन्य ई-मेल शीर्ष शेष होते हैं: उपलब्ध विकल्पों में से एक चुनें और उन्हें प्राप्त करने के लिए OK दबाएं।
3. शीर्ष चुनें, और *विवरण* प्रदर्शित करने हेतु OK दबाएं। प्रत्येक शीर्ष में निम्न स्थिति चिह्न प्रदर्शित हो सकते हैं:

| | |
|---|---|
| | ई-मेल बहुत बड़ी हो (50 केबी से अधिक), वह डाउनलोड न की जा सकती हो। |
| | ई-मेल मिटाए जाने हेतु चिह्नित हो (पृष्ठ 37 देखें)। |

4. शीर्ष के साथ कोई चिह्न न होने पर, आप OK दबाएं और ई-मेल डाउनलोड करने हेतु *मेल प्राप्त करें* चुनें। प्रत्येक चुनिंदा शीर्ष के लिए प्रत्येक संबद्ध ई-मेल को डाउनलोड करने के लिए इस संचालन को दोहराएं।

आपको प्राप्त होने वाली ई-मेल में संलग्नक (आकृति, पाठ्य फाइल, या अन्य ई-मेल) होने पर, उनकी पहचान एक विशेष चिह्न द्वारा की जाती है:

| | |
|---|---|
| | ई-मेल शीर्ष का विवरण शामिल है (तिथि एवं समय, प्रेषक का ई-मेल पता, आदि), इस विवरण को प्रदर्शित करने हेतु OK दबाएं। |
| | ई-मेल का पाठ्य स्वयं एक संलग्नक के रूप में देखा जा सकता है, उसे पढ़ने हेतु OK दबाएं (इस मामले में कोई विकसित विकल्प नहीं)। |
| | ई-मेल के साथ एक पाठ्य फाइल (केवल पाठ्य, ".txt" फॉर्मेट) संलग्न है, उसे पढ़ने हेतु OK दबाएं (इस मामले में कोई विकसित विकल्प नहीं)। |

| | |
|---|---|
|  | इस संलग्नक को देखने हेतु आवश्यक अनुप्रयोग आपके फोन में उपलब्ध नहीं है, या ई-मेल अपलोड करने के लिए बहुत बड़ी है। |
|  | आपको प्राप्त ई-मेल में एक अन्य ई-मेल संलग्न है। पाँच ई-मेल तक संलग्न की जा सकती हैं, हालांकि कोई विकसित विकल्प नहीं होंगे। |
|  | इस ई-मेल के साथ एक चित्र संलग्न है। उसे सूची में से चुनें और उसे अपने फोन में रक्षित करने हेतु दो बार OK दबाएं (यदि आप चाहें तो उसे पुनर्नामित कर सकते हैं)। |

आपको *चित्र एलबम* में कोई चित्र देखने से पहले उसे डाउनलोड और रक्षित करना होगा। चित्र रक्षित करने हेतु पर्याप्त मेमोरी न होने पर, आपको नए चित्र को रक्षित करने हेतु मेमोरी खाली करने के लिए अन्य वस्तुएं (आकृतियाँ, ध्वनियाँ, संदेश, आदि) मिटानी होंगी।
संभवतः उचित फॉर्मेट में न होने पर आपके मोबाइल फोन में कोई आकृति फाइल स्वीकार न हो। आकृतियाँ जेपीईजी, बीएमपी या जीआईएफ फॉर्मेट में होनी चाहिए।

*आकृति का अनुकूलतम आकार 128 x 160 (स्क्रीन का आकार) पिक्सेल होता है। यदि आप अपने घर के कम्प्यूटर से आकृतियाँ स्थानांतरित कर रहे हों, तो आप उचित आकार की आकृतियाँ बनाने के लिए एक आकृति संपादन प्रोग्राम का प्रयोग भी कर सकते हैं।*

5. एक ई-मेल शीर्ष चुनें और निम्न विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संपर्कों में जोड़ें* | आपकी फोनबुक में प्रेषक का ई-मेल पता जोड़ने हेतु, चाहे आपने अब तक उसकी ई-मेल को डाउनलोड नहीं किया है।<br>नया संपर्क बनाने, या ई-मेल पता जोड़ने या बदलने हेतु सूची में नाम के लिए *<नया>* चुनें।<br>*इस मामले में आपने फोन की फोनबुक का चुनाव किया है; सिम फोनबुक चुने जाने पर यह मीनू आइटम प्रदर्शित नहीं होगा।* |
| *मिटाएं* | ई-मेल को मिटाने हेतु चिह्नित करने हेतु (उसे अचिह्नित करने हेतु पुनः यह विकल्प चुनें)। आपके द्वारा ई-मेल मीनू से बाहर आने पर, आपको ई-मेल सर्वर से चुनिंदा वस्तु(ओं) को मिटाने की पुष्टि करने हेतु कहा जाएगा। |
| *उत्तर दें* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु (जिसका पता स्वतः ही सूची में जोड़ दिया जाएगा)। पृष्ठ 36 पर "इनबॉक्स" में दिए गए विवरण के अनुसार आगे बढ़ें। |
| *आगे भेजें* | डाउनलोड की गई ई-मेल किसी अन्य व्यक्ति को अग्रेषित करने हेतु। पृष्ठ 36 पर "इनबॉक्स" में दिए गए विवरण के अनुसार आगे बढ़ें। |

### एसएमएस

यह मीनू आपको प्राप्त एसएमएस संदेश पढ़ने की अनुमति देता है। संदेश एक सूची में प्रदर्शित किए जाते हैं। सूची के अंत में, *<सभी मिटाएं>* आइटम से आप एक ही बार में सभी संदेश मिटा सकते हैं। नए संदेश प्राप्त करने के लिए मेमोरी में स्थान मुक्त करने हेतु पुराने संदेशों को मिटाना लाभदायक होता है।

कोई संदेश प्रदर्शित होने पर, नीचे दिए गए मीनू विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK या - *विकल्प* दबाएं।

| | |
|---|---|
| *मिटाएं* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |
| *एसएमएस संपादन* | एसएमएस संपादित करने, परिवर्तित करने और किसी अन्य व्यक्ति को पुनः भेजने हेतु। |
| *एसएमएस द्वारा जवाब* | प्रेषक को उत्तर देने हेतु। |
| *फोन में स्थानांतरित करें* | फोन की मेमोरी में संदेश रक्षित करने हेतु। फिर आप उन्हें *संदेश* > *एसएमएस* > *पुरालेख* में देख सकते हैं। संदेश को आलेख में स्थानांतरित करने से वह *एसएमएस इनबॉक्स* सूची से मिट जाता है। |
| *को अग्रेषित करें* | चुनिंदा संदेश अग्रेषित करने हेतु। ध्यान दें कि संलग्नक अग्रेषित नहीं किए जा सकते। |
| *हैंड्सफ्री कॉल करें* | संदेश प्रेषक के हैंड्सफ्री को कॉल करें। |
| *वापस कॉल* | संदेश प्रेषक को कॉल करें (ऑपरेटर पर निर्भर)। |
| *नंबर रक्षित करें* | संदेश के साथ संलग्न होने पर प्रेषक का नंबर रक्षित करने हेतु। |
| *नंबर निकालना* | स्वयं संदेश में शामिल नंबर को निकालने हेतु, यदि यह नंबर दोहरे उद्धरण चिह्नों में दिया गया हो (कई नंबर शामिल किए और निकाले जा सकते हैं)। **यह मीनू केवल निकालने योग्य नंबर मौजूद होने पर ही प्रदर्शित होता है।** |
| *धुन रक्षित करें* | एसएमएस के साथ भेजी गई धुन को रक्षित करने हेतु। **यह मीनू केवल निकालने योग्य धुन मौजूद होने पर ही प्रदर्शित होता है।** |
| *ग्राफिक रक्षित करें* | एसएमएस के साथ भेजे गए ग्राफिक और/या एनिमेशन को रक्षित करने हेतु। **यह मीनू केवल निकालने योग्य आकृति मौजूद होने पर ही प्रदर्शित होता है।** |
| *एसएमएस इनबॉक्स छाँटना* | *पढ़ लिए गए एसएमएस स्वतः फोन मैमोरी में भेज दिए जाते हैं तथा समय और तिथि द्वारा छाँट दिए जाते हैं।* *अनपढ़े एसएमएस संदेश सिम मैमोरी में रखे जाते हैं और सिम के क्रम में छाँटें जाते हैं।* |

## *एमएमएस*

किसी व्यक्ति द्वारा आपको एक एमएमएस भेजने पर, एक चिह्न और ध्वनि सतर्क आपको सूचित करेगा। संदेश प्रेषक द्वारा एक *पढ़ी रिपोर्ट* हेतु मांगे जाने पर, एक प्रॉम्प्ट आपसे पूछेगा कि वह भेजी जाए या नहीं। एमएमएस डाउनलोड होने पर, वह *इनबॉक्स* में उपलब्ध होता है।

*डाउनलोड करने हेतु एमएमएस की मात्रा आपके फोन में उपलब्ध मेमोरी से अधिक होने पर, आपको डाटा मिटाकर (चित्र, ध्वनियाँ, आदि) मेमोरी मुक्त करनी होगी।*

आपका एमएमएस इनबॉक्स सभी *पढ़े* और *अनपढ़े एसएमएस* , *सूचनाएं*, *सुपुर्दगी* और *पढ़ी रिपोर्ट* की सूची प्रदर्शित करता है। कोई संदेश पढ़ने के लिए, उसे चुनें और ▸ दबाएं। निम्न मीनू विकल्पों को एक्सेस करने के लिए OK या ⊟ *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संदेश दिखाएं* | स्वचालित मोड में वापस जाने हेतुः फिर एमएमएस एक निरंतर स्लाइड शो के रूप में चलता है। |
| *आगे भेजें* | किसी अन्य व्यक्ति को चुनिंदा एमएमएस भेजने हेतु। |
| *एसएमएस विवरण* | चुनिंदा संदेश का विवरण प्रदर्शित करने हेतु (आकार, तिथि, आदि)। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा संदेश मिटाने हेतु। |

एमएमएस खोलने पर, निम्न को एक्सेस करने के लिए ⊟ *विकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *संदेश दिखाएं* | स्वचालित मोड में वापस जाने हेतुः फिर एमएमएस एक निरंतर स्लाइड शो के रूप में चलता है। |
| *अगली / पिछली स्लाइड* | अगली या पिछली स्लाइड पर जाने हेतु। आप हस्तचालित मोड में एमएमएस देखते हुए ◂ या ▸ भी दबा सकते हैं। ध्यान दें कि यह विकल्प केवल एमएमएस में एक से अधिक स्लाइड होने पर प्रदर्शित होता है। |
| *चित्र रक्षित करें* | मौजूदा स्लाइड के चित्र को हटाने और उसे *चित्र एलबम* में रक्षित करने हेतु। |
| *ध्वनि रक्षित करें* | मौजूदा स्लाइड की ध्वनि को हटाने (कोई ध्वनि संलग्न होने पर) और उसे *ध्वनि एलबम* में रक्षित करने हेतु। |
| *बंद करें* | एमएमएस को बंद करने और विकल्पों की सूची में वापस जाने हेतु। |

***एमएमएस प्राप्त करने से पहले सूचनाएं न मिटाएं, या आप एमएमएस प्राप्त नहीं कर सकेंगे। आपको संपूर्ण एमएमएस प्राप्त होने पर सूचनाएं स्वतः ही मिट जाती हैं।***

### *ड्राफ्ट्स*

ड्राफ्ट्स के रूप में या आपके द्वारा अपना एमएमएस रक्षित या प्रेषित करने से पहले बाहर निकलने परस्वतः रक्षित सभी संदेशों की सूची प्रदर्शित करता है। आप *चलाएं* , *संपादित*, *भेजें* , *विवरण* देखें और ड्राफ्ट्स *मिटाएं* ।

### *टेम्प्लेट्स*

टेम्प्लेट्स के रूप में रक्षित सभी संदेशों को सूचीबद्ध करता है। आप उन्हें *चलाएं*, *संपादित* और *मिटाएं*।

### *एमएमएस*

टेम्प्लेट्स के रूप में रक्षित सभी संदेशों को सूचीबद्ध करता है। आप उन्हें *चलाएं* , *संपादित* और *मिटाएं*।

### *एसएमएस*

सभी पूर्व-निर्धारित संदेशों को सूचीबद्ध करता है जैसे, "मैं आपकी प्रतीक्षा कर रहा/रही हूँ" या "कृप्या वापस कॉल करें"। इन्हें इस मीनू से सीधे चुनने से आप शुरू से टाइप करने से बच जाएंगे।

## आउटबॉक्स

### *एमएमएस आउटबॉक्स*

आपके द्वारा *प्रेषित* या बनाए गए परन्तु अब तक *अप्रेषित* संदेशों को सूचीबद्ध करता है। आप इन सभी संदेशों को *चलाएं* , *मिटाएं* या *विवरण* देखें, किसी को *भेजें* या *आगे करें* ।

***आपके द्वारा रक्षित किए गए संदेश केवल** *ड्राफ्ट* – *आउटबॉक्स* **फोल्डरों से ही भेजे जा सकते हैं। आप अपने द्वारा मिटाई गई किसी भी वस्तु (चाहे संदेश, सूचना या रिपोर्ट) को पुनः प्राप्त नहीं कर सकते। मिटाना रद्द करने के लिए** *वापस* **दबाएं।***

### *एसएमएस आउटबॉक्स*

रक्षित किए गए संदेशों को सूचीबद्ध करता है, चाहे वे भेजे गए या नहीं। आप इस फोल्डर में सूचीबद्ध किसी भी संदेश को *मिटाएं* या *आगे करें*, या किसी अन्य व्यक्ति को भेजने के लिए चुनिंदा संदेश को *संपादित*। सूची के अंत में, *<सभी मिटाएं>* आपको एक ही बार में सभी संदेश मिटाने की अनुमति देता है। नए संदेश प्राप्त करने के लिए मेमोरी में स्थान मुक्त करने हेतु पुराने संदेशों को मिटाना लाभदायक होता है।

# 9. सेटिंग



यह मीनू आपको प्रत्येक उपलब्ध विकल्प (ध्वनियाँ, समय एवं तिथि, सुरक्षा, आदि) से संबंधित सेटिंग बदलने और अपने फोन को अनुकूल बनाने की अनुमति देता है।

## तिथि एवं समय

### *समय सेट करना*



आपको कुन्जीपटल या नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा समय सेट करने की अनुमति देता है।

समय सेट करने से पहले आपको अपना *समय क्षेत्र* चुनना और *डेलाइट सेविंग* (यदि उचित हो) सक्रिय करना होगा।

### *तिथि सेट करना*

आपको उपयुक्त संख्यात्मक कुन्जियाँ या नेवीगेशन कुन्जियाँ दबाकर तिथि सेट करने की अनुमति देता है।

### *स्थानीय क्षेत्र*

आपको अपना वर्तमान समय क्षेत्र चुनने की अनुमति देता है। मीनू में प्रवेश करने पर, आपको दुनिया का एक नक्शा प्रस्तुत किया जाता है जिसे आप ऊपर और नीचे नेवीगेशन कुन्जियों द्वारा नेवीगेट कर सकते हैं। प्रत्येक समय क्षेत्र की पहचान ग्रीनीच मीन टाइम (जीएमटी) से उसकी संबंधित स्थिति और उस समय क्षेत्र में मुख्य शहरों के अनुसार की जाती है।

### *ग्रीष्म काल*

आपको ग्रीष्म काल रक्षण को *चालू* (गर्मियों में) या *बंद* (सर्दियों में) पर सेट करने की अनुमति देता है। यदि ग्रीष्म काल *चालू* हो और आप समय को 12:00 पर सेट करते हैं, तो विकल्प को *बंद* पर बदलते हुए वह स्वतः ही 11:00 में बदल जाएगा।

## स्वतंत्रता

यह मीनू आपको इन तक पहुँच प्रदान करता है:

*स्वतंत्रता मीनू में अधिकांश क्रियाओं को निष्क्रिय करने से बैटरी की क्षमता बढ़ती है।*

### *प्रकाश सेंसर*

प्रकाश सेंसर एक विशिष्टता है जो कि हैंडसेट को उर्जा की खपत को परिवेशी प्रकाश का उपयोग कर बेहतर बनाता है।

प्रकाश सेंसर के प्रकार्य नीचे उल्लेखित हैं:

- तेज रोशनी और धूप वाले वातावरण में स्क्रीन अधिकतम उर्जा स्तर पर सेट कर दिया जाता है और कुंजीपटल की बैकलाइट को बंद कर दिया जाता है।
- कम रोशनी वाले वातावरण में स्क्रीन अधिकतम से कम उर्जा स्तर पर सेट कर दिया जाता है और कुंजीपटल की बैकलाइट को चालू कर दिया जाता है।

जब आप फोन का पॉवर चालू करते हैं या क्लैमशेल खोलते हैं, कुंजीपटल बैकलाइट चालू हो जाता है और स्क्रीन की पावर अधिकतम स्तर पर होता है। आप प्रकाश सेंसर को सक्रिय या निष्क्रिय कर सकते हैं।

#### *बैकलाइट*

आपको विभिन्न बैकलाइट अवधि के चयन की अनुमति देता है।

#### *बाहरी LED*

हेडसेट में एक बाहरी LED होता है, आप इसे सक्रिय या निष्क्रिय कर सकते हैं।चालू रहने के दौरान, डिफॉल्ट रुप से प्रकाश जगमग करेगा, यह इंगित करेगा की फोन चालू है। यह निम्नलिखित घटनाओं के घटित होने पर भी जल उठता है:

- अलार्म के बजने पर।
- नए एसएमएस, नए एमएमएस, नई संगठक घटना, नए वॉयसमेल या छूटी कॉलें के पाए जाने पर।
- इनकमिंग कॉल के दौरान।
- एक एसएमएस, एमएमएस, संगठक घटना, वॉयसमेल या छूटी कॉल के नहीं पढ़े जाने पर।
- बैटरी निम्न होने पर (लाल प्रकाश)।

## सुरक्षा



यह मीनू आपको अपने मोबाइल फोन और आपके द्वारा उसमें रक्षित किए गए डाटा की सुरक्षा से संबंधित विशेषताओं तक एक्सेस प्रदान करता है।

#### *कोड बदलना*

आपको अपने *पिन* और *पिन 2* कोड, एवं अवरोधन कोड, को बदलने की अनुमति देता है। आपके सिम कार्ड पर निर्भर करते हुए, कुछ विशेषताओं या विकल्पों हेतु आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान किए गए एक पिन2 गुप्त कोड की आवश्यकता हो सकती है।

*यदि आप 3 बार गलत पिन2 कोड प्रविष्ट करते हैं, तो आपका सिम कार्ड अवरुद्ध हो जाएगा। उसे मुक्त करने हेतु, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से पुक2 कोड हेतु निवेदन करें। यदि आप लगातार 10 बार गलत पुक कोड प्रविष्ट करते हैं, तो सिम कार्ड अवरुद्ध और अप्रयोग्य हो जाएगा। ऐसा होने पर, अपने ऑपरेटर या विक्रेता से संपर्क करें।*

#### *पिन सुरक्षा*

यह आपको पिन सुरक्षा को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है। *चालू* होने पर, अपना फोन चालू करते समय आपसे अपना पिन कोड प्रविष्ट करने हेतु कहा जाएगा।

*यह विकल्प बंद होने पर आप अपना पिन कोड नहीं बदल सकते।*

#### *सार्वजनिक नाम*

आपको *सार्वजनिक नाम* सूची नामक नामों की एक विशिष्ट सूची को प्रबंधित करने, और *प्रतिबंधित कॉल* द्वारा इस सूची पर कॉलें प्रतिबंधित करने की अनुमति देती है।

*यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए एक पिन2 कोड आवश्यक है (पृष्ठ 43 देखें)।*

| | |
|---|---|
| *सार्वजनिक नाम* | आपको एक पिन2 कोड द्वारा अपनी *सार्वजनिक नाम* सूची देखने, संपादित और परिवर्तित करने की अनुमति देती है। |

*प्रतिबंधित कॉल* — *केवल सार्वजनिक* चुने जाने पर आपको सार्वजनिक नामों की सूची पर कॉलें प्रतिबंधित करने की अनुमति देती है।

***यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए एक पिन2 कोड आवश्यक है (पृष्ठ 49 देखें)। यह विकल्प संभवत: वैप और जीपीआरएस पर ई-मेल संपर्कों पर भी लागू हो सकता है।***

### कॉल अवरोधन

आपको केवल विशिष्ट कॉलों तक अपने फोन का प्रयोग सीमित रखने की अनुमति देता है। यह *आने वाली कॉल* (*सभी कॉल* या *रोमिंग के दौरान*) पर और/या *जाने वाली कॉल* (*सभी कॉल*, *अंतर्राष्ट्रीय कॉल* और *अंतर्राष्ट्रीय घर छोड़कर*) पर लागू किया जा सकता है। दोनों मामलों में, *निरस्त करें* विकल्प तुरन्त सभी कॉलों पर लागू होता है। स्थिति विकल्प से आप यह जान सकते हैं कि कोई कॉल प्रकार अवरुद्ध है या नहीं।

***यह विशेषता सेवा पर निर्भर है और इसके लिए आपके सेवा प्रदाता द्वारा दिया गया विशिष्ट कॉल अवरोधन पासवर्ड आवश्यक है।***

### सूचना गोपनीयता

आपको, अपनी पसंद के कोड द्वारा, अपने *संदेश*, *संपर्क* या *कॉल सूचना* की सुरक्षा करने और उन्हें आपका फोन प्रयोग करने वाले किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पढ़े जाने से बचाने की अनुमति देता है।

### फायरवॉल

यह मीनू आपको अपने द्वारा ब्लैकलिस्ट में शामिल किए गए लोगों से प्राप्त सभी कॉलें और एसएमएस अस्वीकार करने की अनुमति देता है।

#### सेटिंग

यह मीनू आइटम चुनें और नीचे दिए गए विकल्पों को एक्सेस करने हेतु ⊟ *चुनें* दबाएं।

*सूचना* — किसी अस्वीकृत कॉल या एसएमएस हेतु सूचित किए जाने का तरीका चुनने के लिए : निष्क्रिय स्क्रीन में प्रदर्शित एक *स्थिति चिह* या एक *चिह फ़ीडबैक* के साथ। आप *कोई सूचना नहीं* भी चुन सकते हैं।

*सक्रियण* — आपको फायरवॉल विकल्प *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है। *चालू* होने पर, आपका मोबाइल फोन ब्लैकलिस्ट में सूचित लोगों से प्राप्त सभी कॉलें और एसएमएस अस्वीकार कर देगा। अस्वीकार की गई कॉलें *कॉल सूची* में और अस्वीकार किए गए एसएमएस *स्पैम एसएमएस बॉक्स* में प्रदर्शित होते हैं।

#### ब्लैकलिस्ट

यह मीनू उन संपर्कों की सूची प्रदर्शित करता है जिनकी कॉलें और एसएमएस अस्वीकार कर दिए जाएंगे। सूची में कोई नाम और संबंधित नंबर प्रविष्ट करने हेतु *<नया>* चुनें, फिर चुनें कि क्या आप इस व्यक्ति से *एसएमएस* और/अथवा *कॉलें* अस्वीकार करना चाहते हैं।

सूची में एक नाम चुनें और OK या ⊟ *चुनें* दबाकर संबंधित जानकारी को *बदलें* या उसे *मिटाएं*। ब्लैकलिस्ट विवरण प्रदर्शित करने के लिए *विवरण* चुनें।

***आप फ़ोनबुक, कॉल सूची और एसएमएस इनबॉक्स से ब्लैकलिस्ट में सीधे एक नाम जोड़ सकते हैं: संबद्ध सूची में एक संपर्क, कॉल या संदेश चुनें, ⊟ वकल्प दबाएं और केवल ब्लैकलिस्ट में जोड़ें चुनें। संबंधित नंबर ब्लैकलिस्ट में जोड़ दिया जाएगा।***

## प्रोफाइल

एक प्रोफाइल पूर्वनिर्धारित सेटिंग का एक समूह होता है जो आपको अपने फोन को शीघ्रता से अपने परिवेश के अनुकूल बनाने की अनुमति देता है। उदाहरणस्वरूप *मीटिंग* चुनने पर आपके रिंगर को मौन कर दी जाएगी, कंपन सतर्क सक्रिय हो जाएगा और कुन्जी ध्वनियाँ निष्क्रिय हो जाएंगी (अन्य आइटम आपकी *निजी* सेटिंग के अनुसार सेट की जाती हैं)। आपकी मीटिंग समाप्त होने पर, *निजी* चुनने पर आपकी सभी सामान्य सेटिंग पुनः सक्रिय हो जाएंगी। कोई भी प्रोफाइल चुनने पर प्रत्येक प्रोफाइल का विवरण प्रदर्शित किया जाता है।

आप एक प्रोफाइल के साथ कोई हॉटकुन्जी भी जोड़ सकते हैं (जैसे, *घर से बाहर* सक्रिय करने के लिए 3 को देर तक दबाना)। एक ही कुन्जी को देर तक दबाना उस कुन्जी को निष्क्रिय कर देता है और आप एक प्रोफाइल के साथ कोई हॉटकुन्जी भी जोड़ सकते हैं (जैसे, *घर से बाहर* सक्रिय करने के लिए 3 को देर तक दबाना)। एक ही कुन्जी को देर तक दबाना उस कुन्जी को निष्क्रिय कर देता है और आपको अपनी *निजी* सेटिंग पर वापिस ले जाता है। अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 50 पर "हॉटकुन्जियाँ" देखें।

**व्यक्तिगत** क्षेत्र में प्रदर्शित होने वाली जानकारी इस पर निर्भर करेगी कि आपका मोबाइल फोन किस प्रकार नियोजित किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| **स्वतंत्रता** | *कंपन चेतावनी* | बंद |
| | *रिंगटोन* | मौन |
| | *बैकलाइट* | इको |
| | *कुन्जी स्वर* | बंद |

| | | |
|---|---|---|
| **हेडसेट** | *कंपन चेतावनी* | चालू |
| | *रिंगटोन* | मध्यम |
| | *बैकलाइट* | 10 से. |
| | *कुन्जी स्वर* | बंद |
| | *एनीमेशन* | चालू |
| ***कार, बाहर*** | *कंपन चेतावनी* | निजी सेटिंग |
| | *रिंगटोन* | उच्च |
| | *बैकलाइट* | 10 से. |
| | *कुन्जी स्वर* | बंद |
| ***मीटिंग*** | *कंपन चेतावनी* | निजी सेटिंग |
| | *रिंगटोन* | बंद |
| | *बैकलाइट* | 10 से. |
| | *कुन्जी स्वर* | बंद |

| | | |
|---|---|---|
| ***मौन*** | *कंपन चेतावनी* | चालू |
| | *रिंगटोन* | बंद |
| | *बैकलाइट* | निजी सेटिंग |
| | *कुन्जी स्वर* | बंद |

## ध्वनियाँ

### *मौन*

यह मोड *चालू* होने पर, सभी सतर्क निष्क्रिय हो जाते हैं और कंपन सतर्क सक्रिय हो जाता है।

*मौन मोड कुन्जीध्वनियों पर भी लागू होता है।*

### *संकेतक ध्वनि प्रबलता*



यह विकल्प आपको अपने रिंगर की ध्वनि को नियोजित करने की अनुमति देता है। अपने रिंगर की ध्वनि को *मौन* से *बढ़ती* के बीच नियोजित करने हेतु ▴ या ▾ दबाएं।

### *संकेतक ध्वनि*

आपको एक संकेतक ध्वनि चुनने की अनुमति देता है। सूची में आपके द्वारा रिकार्ड की गईं ध्वनियाँ और धुनें भी शामिल होती हैं। सूची में स्क्रॉल करें और चुनिंदा धुन को चलाकर सुनने हेतु प्रतीक्षा करें।
 
।फोन में अंतर्निहित MP3 रिंगर की एक सूची है।

- मोबाइल फोन के टूल सॉफटवेयर का उपयोग कर अपना पसंदीदा संगीत फाइल डाउनलोड करें और MP3 रिंगटोन का आनंद लें।
- यूएबी डाटा केबल का उपयोग अपने पंसदीदा रिंगटोन को फोन में स्थानांतरित करने में करें। अगर डाउनलोड सफल रहता है तो फाइल *मेरी धुन* फोल्डर (फाइल आकार निर्भर करता है) (सीडी रोम और डाटा केबल कुछ देशों में फोन के साथ नहीं दिया जाता है)में रक्षित हो जाता है।
- आप फाइल को एमएमएस या आईआरडीए के माध्यम से बांट सकते हैं।

*आप कोई भी रिंगर किसी भी अन्य हैंडसेट से नहीं प्राप्त कर सकते हैं।*

### *संदेश संकेतक ध्वनि*

हर बार एक नया संदेश प्राप्त होने पर आपको एक सतर्क को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है। *चालू* होने पर, आप ध्वनियों की सूची से अपना पसंदीदा सतर्क चुन सकते हैं।

### *कंपन सतर्क*

आपको कॉल प्राप्त करते हुए, संगठक में सेट किसी इवेंट के नियत होने पर, आपको संदेश प्राप्त होने पर और अलार्म बजने पर, कंपन सतर्क को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है।

आपके द्वारा चार्जर या सिग्रेट लाइटर एडाप्टर लगाने पर कंपन सतर्क हमेशा *बंद* रहता है

### *कुन्जी ध्वनियाँ*

आपको कुन्जीध्वनियों को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है।

### *स्वतः ध्वनि चालू एवं बंद*

आपको अपना मोबाइल फोन चालू या बंद करते समय उसकी ध्वनियों को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है।

### *समकारी*

यह विकल्प आपको विभिन्न ऑडियो सेटिंग से चुनने की अनुमति देता है। यह केवल किसी कॉल के प्रगति में होने पर ही सक्रिय होता है। सूची में स्क्रॉल करें और अंतर सुनने के लिए कुछ सेकण्ड के लिए प्रतीक्षा करें।

### *ध्वनि सतर्क*

आपको निम्न आइटम के लिए सतर्क ध्वनियाँ सेट करने की अनुमति देता है:

- *व्यस्थापक* : आपके संगठक में प्रोग्राम किया गया कोई इवेंट नियत होने पर,
- *छूटी कॉल* आपसे कोई इनकमिंग कॉल छूटने पर,
- *बैटरी चेतावनी* : बैटरी कम होने और चार्जिंग की आवश्यकता होने पर,
- *मिनट चेतावनी* आपको अपनी कॉल की अवधि प्रबंधित करने में सहायता करने हेतु कॉल के दौरान हर एक मिनट बाद बजने वाले एक बीप सतर्क के लिए (कॉलकर्ता बीप नहीं सुन सकता)।

◂ या ▸ दबाकर अपनी पसंदीदा आइटम चुनें या चयन हटाएं।

***यह मीनू आपके केवल सतर्क ध्वनियों को चालू या बंद पर सेट करने की अनुमति देता है, स्वयं सतर्कों को नहीं। उदाहरणस्वरूप, व्यस्थापक सतर्क को बंद सेट करने से आपका फोन रिमाइंडर स्क्रीन (यदि आपने एक प्रोग्राम की हो) प्रदर्शित करना बंद नहीं करेगा, परन्तु संबंधित ध्वनि नहीं चलाई जाएगी।***

## प्रदर्शन



यह मीनू आपको प्रदर्शन पर मीनू प्रदर्शित होने की विधि निर्धारित करने की अनुमति देता है।

### *बैकलाइट*

इनकमिंग कॉलें या संदेश प्राप्त, मीनू ब्राउज़ आदि करते समय बैकलाइट सक्रिय हो जाती है। उपलब्ध विकल्पों में से एक चुनें।

## नेटवर्क



अपने फोन ऑपरेटर के नेटवर्क पर जीपीआरएस उपलब्धता के विषय में संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने और एक उपयुक्त सेवा हेतु अपने फोन ऑपरेटर से संपर्क करें। आपको संभवतः अपने फोन को, इस भाग में दिए गए मीनू के प्रयोग द्वारा, अपने ऑपरेटर द्वारा प्रदान की गई जीपीआरएस सेटिंग के साथ नियोजित करना होगा। फिर प्रयोग हेतु प्रत्येक अनुप्रयोग (जैसे, वैप, एमएमएस, ई-मेल, आदि) के मीनू में धारक (जीएसएम या जीपीआरएस) चुनें।

### *एक्सेस सेटिंग*

यह मीनू आपको विभिन्न डाटा प्रोफाइल बनाने की अनुमति देता है जो विभिन्न सेवाओं से जुड़ने के लिए प्रयोग किए जा सकते हैं: उदाहरणस्वरूप, वैप प्रयोग करते समय या एमएमएस भेजते समय, जीएसएम या जीपीआरएस नेटवर्क से संपर्क करने हेतु चुनिंदा प्रोफाइल का प्रयोग किया जाएगा।

नीचे दिए गए विकल्प ऑपरेटर और/अथवा सेवा पर निर्भर हैं। संपर्कों के दौरान त्रुटि संदेश मुख्य रूप से गलत पैरामीटर्स के कारण होते हैं: संभवतः कुछ मामलों में एसएमएस द्वारा प्राप्त होने वाली, उपयुक्त सेटिंग प्राप्त करने के लिए, पहली बार प्रयोग करने से पूर्व अपने ऑपरेटर से संपर्क करें। पुनर्प्रोग्रामिंग और पुनर्नामांकन दूर करते हुए, कुछ पूर्व-नियोजित प्रोफाइल लॉक हो सकते हैं।

सूची से एक आइटम चुनें और नीचे दिए गए विकल्पों को एक्सेस करने हेत OK दबाएं:

| | |
|---|---|
| *नाम बदलें* | चुनिंदा प्रोफाइल को पुनर्नामित करने हेतु। |
| *दिखाएं* | चुनिंदा प्रोफाइल के सभी पैरामीटर प्रदर्शित करने हेतु। |
| *जीएसएम सेटिंग्स* | जीएसएम सेटिंग बदलने हेतु:<br>• *लॉगिन* और *पासवर्ड*,<br>• संपर्क स्थापित करने हेतु *फोन नंबर* आवश्यक और आपके ऑपरेटर द्वारा प्रदान किया गया (*आईएसडीएन* या *ऐनालॉग*),<br>• *निष्क्रियता समय*, 30 सेकण्ड से अधिक कोई मान जिसके बाद फोन का संपर्क स्वत: समाप्त हो जाएगा (कोई संपर्क चालू होने पर)। |
| *जीपीआरएस सेटिंग* | जीपीआरएस सेटिंग बदलने हेतु:<br>• *लॉगिन*, *पासवर्ड*, *निष्क्रियता समय*<br>• *एपीएन* मीनू आपको उस बाहरी डाटा नेटवर्क का पता, संपर्क स्थापित करने हेतु एक पाठ्य स्ट्रिंग, प्रविष्ट करने की अनुमति देता है, जिससे आप जुड़ना चाहते हैं। |

### जीपीआरएस संपर्क

यह मीनू आपको अपने फोन का जीपीआरएस सेवा से जुड़ने का तरीका निधारित करने की अनुमति देता है।

| | |
|---|---|
| *हमेशा चालू* | आपका फोन स्वत: ही जीपीआरएस सेवा (यदि उपलब्ध हो) से जुड़ जाता है। यह विकल्प जीपीआरएस की विशेषताओं तक तीव्र एक्सेस प्रदान करता है, परन्तु ऊर्जा की खपत बढ़ा देता है। |
| *डाटा कॉल के लिए* | आपका फोन केवल आवश्यकता पड़ने पर ही जीपीआरएस सेवा से जुड़ेगा। यह विकल्प ऊर्जा की खपत कम करता है, परन्तु संपर्क में विलम्ब को बढ़ा देता है। |

### पुन: पंजीकरण करना

*स्वचालित* मोड चुने जाने पर आपको क्षेत्र में उपलब्ध नेटवर्क्स की सूची प्रदान करता है। वह नेटवर्क चुनें जिसमें आप पंजीकृत होना चाहते हैं और पुष्टि करने हेतु [OK] दबाएं।

### प्राथमिकता सूची

आपको प्राथमिकता के क्रम में एक नेटवर्क सूची बनाने की अनुमति देता है। एक बार निर्धारित करने पर, फोन आपकी प्राथमिकताओं के अनुसार नेटवर्क में पंजीकृत होने का प्रयास करेगा।

## शॉर्टकट



यह विशेषता आपको अपने द्वारा प्राय: प्रयोग होने वाली विशेषताओं और विकल्पों तक शॉर्टकट निर्धारित करने की अनुमति देता है।

### हॉटकुन्जियाँ

आपको किसी विशिष्ट क्रिया या किसी कुन्जी से जुड़े संपर्क हेतु सीधा एक्सेस निर्धारित करने की अनुमति देता है। फिर निष्क्रिय अवस्था में कुन्जी को देर तक दबाने से क्रिया स्वत: सक्रिय हो जाएगी या संबंधित नंबर पर कॉल करेगी। कई हॉटकुन्जियाँ पूर्व-निर्धारित होती हैं, जैसे मौन हेतु [6], परन्तु आप उन्हें (केवल [2] से [9] कुन्जियों तक) पुन: प्रोग्राम कर सकते हैं। निम्न कुन्जियाँ लॉक की गई हैं:

| | |
|---|---|
| 1 | ध्वनि मेलबॉक्स को कॉल करने हेतु। |
| *+ | अंतर्राष्ट्रीय कॉल डायल करने हेतु। |

*आपके सेवा प्रदाता के अनुसार, अन्य हॉटकुन्जियाँ पूर्व-निर्धारित एवं लॉक की जा सकती हैं।*

1. सूची में, 2 से 9 में से कोई कुन्जी चुनें, और OK दबाएं। कुन्जी पहले से प्रोग्राम किए जाने पर, *बदलें* चुनें।
2. वह क्रिया चुनने हेतु सूची ब्राउज़ करें जिसे आप इस कुन्जी के साथ जोड़ना चाहते हैं और OK या - *चुनें* दबाएं। आपके द्वारा *फ्लैश डायल* चुनने पर, आपसे संपर्क सूची में एक संपर्क चुनने हेतु कहा जाएगा।
3. किसी हॉटकुन्जी प्रयोग करने हेतु, निष्क्रिय अवस्था में प्रोग्राम की गई कुन्जी को दबाएं और दबाकर रखें।

## ध्वनि कमांड

आपको किसी विशिष्ट क्रिया को एक ध्वनि टैग के साथ जोड़ते हुए उस तक सीधी पहुँच निर्धारित करने की अनुमति देता है।

*आप हॉटकुन्जियों द्वारा समर्थित अधिकांश क्रियाओं के साथ एक ध्वनि कमांड जोड़ सकते हैं।*

1. *<नया>* चुनें, फिर कोई क्रिया चुनने हेतु सूची ब्राउज़ करें और OK या OK या - *चुनें* दबाएं।
2. OK *दबाएं और बोलें* प्रदर्शित होने पर, अपना ध्वनि टैग रिकार्ड करें। सुनिश्चित करें कि आप एक शान्त वातावरण में हों, एक छोटा एवं सरल शब्द चुनें और उसे स्पष्ट रूप से उच्चारित करें।
3. अगला मीनू आपको *मिटाएं*, *चलाएं*, *क्रिया* और *ध्वनि बदलें* विकल्पों तक एक्सेस प्रदान करता है। कोई अन्य ध्वनि टैग बनाने के लिए - *वापस* दबाएं।

ध्वनि कमांड प्रयोग करने हेतु, निष्क्रिय अवस्था म OK दबाएं और दबाकर रखें, फिर रिकार्ड किया गया ध्वनि टैग बोलें।

किसी ध्वनि कमांड को पुनः प्रोग्राम करने हेतु: उसे चुनें, - *ठीक* दबाएं और *क्रिया बदलें* चुनें। यह आपको उपलब्ध क्रियाओं की सूची प्रदान करता है।

## ध्वनि डायल

आपको एक ध्वनि टैग सेट करने की अनुमति देता है जो केवल एकध्वनि टैग बोलकर एक संबंधित संपर्क हेतु प्राथमिक नंबर डायल करता है। ध्वनि डायल सेट करने हेतु, इस प्रकार आगे बढ़ें:

1. *<नया>*, फिर सूची में कोई संपर्क चुनें, फिर OK या - *विकल्प* दबाएं।

*फोन में फोनबुक चुने जाने पर, प्रदर्शित सूची में से अपनी पसंद का नंबर चुनें।*

2. *वाइस टैग जोड़ें?* प्रदर्शित होने पर, स्क्रीन पर प्रदर्शित निर्देशों का पालन करें।

ध्वनि डायल प्रयोग करने हेतु, निष्क्रिय अवस्था में OK दबाएं और दबाकर रखें, फिर जिस नंबर को आप डायल करना चाहते हैं उससे संबंधित ध्वनि टैग बोलें।

*ध्वनि डायल और ध्वनि कमांड के बीच 15 ध्वनि टैग तक निर्धारित और सांझा किए जा सकते हैं। रिकार्ड किए गए ध्वनि टैग अपने विशिष्ट मीनू में उपलब्ध होते हैं और मिटाए, चलाए या बदले जा सकते हैं।*

### *तीव्र कॉल*

यह विशेषता आपको अपने चार पसंदीदा या बार-बार डायल किए जाने वाले नंबर सेट करने की अनुमति देता है। फिर आप स्क्रीन पर सदृश चिह्न या चित्र चुनकर, *संपर्क* सूची में प्रवेश और ब्राउज़ करने की आवश्यकता को दूर करते हुए, उनमें से एक को शीघ्रता से कॉल कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु पृष्ठ 10 पर "तीव्र कॉल" देखें।

## भाषा



यह मीनू आपको समस्त मीनू पाठ्य के लिए एक भाषा चुनने की अनुमति देता है। सूची ब्राउज़ करने हेत ▲ या ▼ का प्रयोग करें और [OK] या [-] *चुनें* दबाकर एक भाषा चुनें।

# 10. कैमरा

आपके मोबाइल फोन में एक अंतर्निर्मित डिजिटल कैमरा है। आप चित्र खींच सकते हैं, उन्हें अपने फोन में रक्षित कर सकते हैं या *ब्लूटुथ* या *इन्फ्रारेड* द्वारा अपने पीसी में स्थानांतरित कर सकते हैं, उन्हें वॉलपेपर के रूप में प्रयोग कर सकते हैं या *एमएमएस* या *ईमेल* द्वारा अपने मित्रों को भेज सकते हैं। यह अध्याय कैमरा प्रयोग करने की विधि का विस्तृत ब्यौरा प्रदान करता है।

## किस प्रकार...

यह भाग आपके कैमरा के साथ अत्यंत सामान्य क्रियाएं करने की विधि से संबंधित जानकारी देता है।

### *कैमरा सक्रिय करें*

कैमरा मोड सक्रिय करने हेतु, केवल *कैमरा* दबाएं: कैमरा अनुप्रयोग स्वतः चालू हो जाता है।

*निष्क्रियता की एक अवधि के बाद, कैमरा स्वचालित ढंग से समाप्त हो जाता है।*

कैमरा सक्रिय होने पर, पूर्वावलोकन स्क्रीन प्रदर्शित होती है। ध्यान दें कि लेन्स पूर्वनियोजित और केन्द्र-मुक्त हो।

नीचे दी गई तालिका कैमरा मोड में विभिन्न कुन्जियों के प्रचालन का ब्यौरा देती है।

| | |
|---|---|
| ▲ ▼ | आगे जाएं/पीछे लाएं। |
| ◀ ▶ | प्रदर्शन पूर्ति बढ़ाने/घटाने हेतु। |
| OK | चित्र खींचने हेतु। |
| या | *कैमरा* मोड से बाहर आने और मुख्य स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |
| 0 | स्वतः-समयक सक्रिय/निष्क्रिय करने हेतु। |
| * | बर्स्ट मोड सक्रिय/निष्क्रिय करने हेतु। |
| # | आकृति का रिज़ोल्यूशन बदलने हेतु। |
| | *विकल्प* मीनू एक्सेस करने हेतु। |
| | पिछली स्क्रीन पर वापिस जाने हेतु। |

### *चित्र खींचें*

1. अपना चित्र फ्रेम में लें और चित्र खींचने हेतु OK दबाएं।
2. चित्र खींचने के बाद, एक दृश्य स्क्रीन प्रदर्शित होती है। चित्र को छोड़ने हेत , उसे रक्षित करने हेतु OK या निम्न मीनू विकल्प एक्सेस करने हेतु MENU दबाएं (ब्यौरे हेतु नीचे दिया गया "कैमरा मीनू" देखें)।

| | |
|---|---|
| *जमा* | चित्र को अपने निजी फोटो फोल्डर में डिफॉल्ट नंबर(बाद में आप फोल्डर में इसका पुर्ननामाकंन कर सकते हैं) उपयोग कर रक्षित करने हेतु। |
| *द्वारा भेजें ...* | चित्र को एमएमएस, ईमेल, इंफ्रारेड या ब्लुटुथ द्वारा भेजने हेतु। |
| *संशोधित करें* | चित्र को रक्षित और संशोधित करने हेतु (पेज 20 में "चित्र एलबम देखें")। |
| *छोड़ दें* | चित्र को नजर अंदाज करें और वापस पूर्वालोकन मोड में जाएं। |

*यदि दृश्य स्क्रीन का समय समाप्त होने से पहले कोई क्रिया नहीं होती, तो चित्र स्वतः ही रक्षित कर दिया जाएगा।*

चित्रों के नाम चित्र खींचने की तिथि पर रखे जाते हैं, जैसे 4 अक्तूबर को, 15:41:57 बजे खींचे गए चित्र के लिए "0410_154157.jpg"। आपके द्वारा रक्षित किए जाने वाले चित्रों की संख्या सेटिंग के अनुसार भिन्न हो सकती है: रेज़ोल्यूशन जितना अधिक होगा, फाइल का आकार उतना ही बड़ा होगा। पर्याप्त मेमोरी शेष न रहने पर एक संदेश आपको चेतावनी देगा। इस स्थिति में, आपको नया चित्र रक्षित करने से पहले डाटा मिटाना होगा।

### *स्वतः-समयक प्रयोग करना*

1. *कैमरा* मोड में, [0.+] दबाएं।
2. अपना चित्र नियोजित करें, और 10 सेकेंड (यह मान बदला नहीं जा सकता) की उल्टी-गिनती शुरू करने हेतु [OK] दबाएं।

*समयक बंद करने और पूर्वावलोकन मोड में वापिस जाने हेतु [-] दबाएं।*

3. चित्र खींचने से पहले तीन सेकेंड के लिए एक ध्वनि बजती है, फिर बाद में वास्तव में चित्र खींचने पर वह पुनः बजती है।

### *एमएमएस फोटो टॉक*

यह विशेषता आपको एमएमएस द्वारा एक चित्र भेजने और उसमें एक ध्वनि रिकार्डिंग जोड़ने की अनुमति देती है। *चित्र एलबम* से चित्र चुना जा सकता है या आपके द्वारा हाल ही में कैमरा से खींचा गया चित्र हो सकता है।

1. चित्र खींचें, फिर *मीनू* दबाएं, या *चित्र एलबम* से चित्र चुनें, फिर [OK] या [-] *विकल्प* दबाएं। दोनों स्थितियों में, *द्वारा भेजें...* > *एमएमएस* चुनें।
2. *ध्वनि जोड़ें?* संदेश प्रदर्शित होने पर, रिकार्डिंग आरंभ करने हेतु [-] *हाँ* दबाएं। फिर बंद करने और अपनी रिकार्डिंग रक्षित करने के लिए [-] *रक्षित करें* दबाएं, या [-] *नरस्त करें* दबाएं।
3. सूची में प्रदर्शित होने वाला एक संपर्क चुनें और फिर एमएमएस रचना स्क्रीन पर जाएं। अपना संदेश भेजने हेतु [-] *भेजें* दबाएं, या उसे भेजने से पहले उसे परिवर्तित करें (अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ 35 पर "नया एमएमएस" देखें)।

## कैमरा मीनू

यह भाग *कैमरा* मीनू के विकल्पों का विस्तृत ब्यौरा देता है।

### *मेरे फोटो*

आपके द्वारा चित्र खींचने और रक्षित करने पर, फाइल आपके *मेरे फोटो* फोल्डर में रक्षित की जाती है। आपके द्वारा मीनू खोलने पर, आपके चित्र सूक्ष्मचित्रों के रूप में प्रदर्शित होते हैं। सूची में ऊपर-नीचे करने हेतु नेवीगेशन कुन्जियों का प्रयोग करें।

आकृति के पूर्ण-स्क्रीन में देखने हेतु, [OK] दबाएं। आकृतियों की सूची में ऊपर-नीचे जाने के लिए ऊपर और नीचे नेवीगेशन कुन्जियों का प्रयोग करें। निम्न को एक्सेस करने हेतु [-] *वकल्प* दबाएं:

| | |
|---|---|
| *देखें* | आकृति के पूर्ण-स्क्रीन में प्रदर्शित करने हेतु। |
| *द्वारा भेजें...* | आकृति को किसी अन्य यन्त्र मे स्थानांतरित करने हेतु इस मीनू का प्रयोग करें। विकल्प हैं: *एमएमएस*, *ईमेल*, *इन्फ्रारेड* और *ब्लूटुथ*। |
| *वॉलपेपर के रूप में सेट करें* | फोटो को अपनी स्क्रीन की पृष्ठभूमि में प्रदर्शित होने वाली आकृति के रूप में सेट करने हेतु। |
| *संशोधित करें* | यह विकल्प आकृति संपादन प्रोग्राम आरंभ कर देता है। (ब्यौरे हेतु पृष्ठ 20 पर "चित्र एल्बम" देखें)। |

| | |
|---|---|
| *प्रोपर्टीज* | विकल्प का चयन चुनिंदा आकृति की निम्न विशेषताएं प्रदर्शित करता है: *नाम* , *आकार* (के.बी. में), *रिज़ोल्यूशन* और *फॉर्मेट* । |
| *घुमाएं* | यह विकल्प आपको एक आकृति घुमाने की अनुमति देता है; विकल्प हैं: *- 90 डिग्री*, *+ 90 डिग्री* , *+ 180 डिग्री* । परिवर्तन स्वतः ही लागू हो जाते हैं। |
| *नाम बदलें* | किसी आकृति फाइल को पुनर्नामित करने हेतु इस विकल्प का प्रयोग करें। |
| *मिटाएं/सभी मिटाएं* | अपने *मेरे फोटो* फोल्डर में कुछ या सभी फाइलें मिटाने हेतु इस विकल्प का प्रयोग करें। |

### स्लाइड शो

इस विकल्प का चयन *मेरे फोटो* फोल्डर की विषय-वस्तु का एक स्लाइड शो आरंभ कर देता है। स्लाइड शो के दौरान, प्रत्येक फोटो कुछ देर के लिए स्क्रीन पर प्रदर्शित की जाएगी। स्लाइड शो समाप्त करने और पिछली स्क्रीन पर वापिस आने हेतु कोई भी कुन्जी दबाएं।

### लगातार चित्र खींचना

इस मीनू का सक्रियन आपको बटन दबाते ही "एक साथ" 9 फोटो खींचने की अनुमति देता है। ध्यान दें कि इस मोड का प्रयोग करने हेतु, रिज़ोल्यूशन *वॉलपेपर* पर सेट किया जाना चाहिए (अधिक जानकारी के लिए, पृष्ठ 56 पर "सेटिंग" देखें)।

कैमरा द्वारा आकृतियाँ संसाधित करना समाप्त करने पर, वे स्क्रीन पर सूक्ष्मचित्रों के रूप में प्रदर्शित होती हैं। फिर आप नीचे वर्णित विकल्पों को एक्सेस करने हेतु ⎯ *विकल्प* दबा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| *रक्षित करें* | चुनिंदा आकृति को रक्षित करने हेतु। |
| *सभी रक्षित करें* | समूह में सभी आकृतियाँ रक्षित करने हेतु। |
| *द्वारा भेजें...* | चुनिंदा आकृति को एमएमएस, ईमेल, इन्फ्रारेड या ब्लूटुथ द्वारा भेजने हेतु। |
| *मिटाएं* | चुनिंदा आकृति मिटाने हेतु। |
| *सभी मिटाएं* | समूह में सभी आकृतियाँ मिटाने हेतु। |

आपके द्वारा समूह में कोई आकृति रक्षित करते हैं या मिटाते हैं, तो वह सूक्ष्मचित्र दृश्य से हट जाती है और *मेरे फोटो* फोल्डर में रक्षित कर दी जाती है।

### चित्र दिशा

यह विशेषता आपको यह चुनने की अनुमति देती है कि चित्र किस प्रकार प्रदर्शित किए जाने चाहिए ताकि वे सही प्रकार देखे जा सकें। विकल्प हैं: *लैंडस्केप* और *पोर्ट्रेट* ।

### फ्रेम

यह विशेषता आपको सजावटी फ्रेमों के साथ चित्र खींचने की अनुमति देती है। *मानक फ्रेम* फोल्डर में वे फ्रेम शामिल होते हैं जो आपके द्वारा अपना मोबाइल फोन खरीदने पर उसमें लोड किए गए थे।

### रंग मोड

*कलर मोड* विशेषता आपको अपनी आकृतियों में विभिन्न दर्शनीय प्रभाव जोड़ने की अनुमति देती है। विकल्प हैं: *कोई नहीं*, *एम्बॉस्ड* , *ब्लैक एण्ड वाईट*, *नेगेटिव*, *सेपिया* , *डिजिटल* , *ऐज* और *ऐज 2*।

### रात्रि मोड

सक्रिय होने पर, यह विशेषता आपको कम रोशनी की परिस्थितियों में चित्र खींचने की अनुमति देती है।

### स्वतः-समयक

यह विशेषता आपको एक समय-लंबित चित्र खींचने की अनुमति देती है ताकि आप भी फ्रेम में आ सकें। *सेल्फ़-टाइमर* का प्रयोग करने हेतु, इस मीनू में *चालू* चुनें, व्यू-फाइंडर मोड में वापिस आएं, अपना चित्र फ्रेम में लाएं, और फिर OK दबाएं।

### चमक

अपनी मोबाइल फोन स्क्रीन की प्रदर्शन पूर्ति नियोजित करने हेतु इस मीनू विकल्प का प्रयोग करें।

### सेटिंग

*रिज़ॉल्यूशन* — अपने द्वारा खींचे गए चित्रों का आकार चुनने हेतु इस मीनू विकल्प का प्रयोग करें। विकल्प हैं:
- *1.3 एमपिक्स (1280 x 1024)*
- *वीजीए (640 x 480)*
- *मध्यम (320 x 240)*
- *वॉलपेपर (128 x 160)*

कृप्या ध्यान दें कि रेज़ोल्यूशन जितना अधिक होगा, फाइल का आकार उतना ही बड़ा होगा।

*चित्र की गुणवत्ता* — यह मीनू आपको अपने कैमरा से खिंचे चित्रों की गुणवत्ता नियोजित करने की अनुमति देता है: *निम्न*, *मध्यम*, *उच्च*। जितनी कम गुणवत्ता, आपको अपने मोबाइल फोन में अधिक फोटो रक्षित करने की अनुमति देते हुए, आकृति फाइलें आकार में उतनी ही छोटी होंगी।

*डिफॉल्ट सेटिंग्स* — सभी कैमरा सेटिंग को उनके प्राथमिक मान पर पुनः सेट करने हेतु। एक चेतावनी संदेश प्रदर्शित होता है: *क्या आप वास्तव में सभी पैरामीटर पुनः सेट करना चाहते हैं ? हाँ* या *नहीं* चुनें।

## सहायता

यह मीनू विकल्प आपको अपने मोबाइल फोन से चित्र खींचने हेतु ऑन-स्क्रीन सहायता प्रदान करता है।

# 11. पता पुस्तिका



सम्पर्क दो उपलब्ध फोनबुक्स में से एक में रक्षित किए जाते हैं : आपके सिम कार्ड में (प्रविष्टियों की संख्या कार्ड की क्षमता पर निर्भर करती है) या आपके फोन में (999 नामों तक)। नए नाम प्रविष्ट करते समय, सम्पर्क केवल आपके द्वारा चुनी गई फोनबुक में ही जोड़े जाएंगे।

## फोन में प्रतिलिपि करना

यह विकल्प आपके सिम कार्ड की विषय-वस्तु को आपके फोन में प्रतिलिपि कर देगा। यदि आपने पहली बार अपना फोन चालू करने पर अपनी सिम फोनबुक की स्वतः प्रतिलिपि को रद्द या निरस्त कर दिया हो, तो इस विकल्प के साथ आप उसे हस्तचालित रूप से कर सकते हैं।

*दो बार इस विकल्प को चुनने से सभी नामों की प्रतिलिपि बन जाएगी।*

## सम्पर्क चयन

यह मीनू आपको प्रयोग हेतु फोनबुक, *सिम में* या *फोन में*, चुनने की अनुमति देता है। फोनबुक चुनने हेतु ▲ या ▼ दबाएं, फिर ⊟ *चुनें* या OK दबाएं। चुनिंदा फोनबुक में जोड़े गए संपर्क, *सिम में प्रतिलिपि करें* या *फोन को कॉपी करें* विकल्पों द्वारा, फिर अन्य में प्रतिलिपि किए जा सकते हैं।

*आपका मोबाइल फोन एक बार में केवल एक ही फोनबुक प्रबंधित करता है और दूसरी से संबंधित जानकारी को छोड़ देगा, जैसे यदि दोनों फोनबुक्स में "स्मिथ" मौजूद हो और आप फोन में से उसे मिटा देते हैं, वह सिम में अपरिवर्तित रहता है।*

## सभी मिटाना

एक साथ सभी संपर्क मिटाने हेतु। यह विकल्प केवल ऑनबोर्ड फोनबुक पर ही लागू होता है, सिम फोनबुक पर नहीं।

## तीव्र कॉल करना

*त्वरित कॉल* विशेषताओं को एक्सेस करने हेतु, जो आपको अपने चार प्रायः कॉल होने वाले नंबर सेट करने की अनुमति देता है। पृष्ठ 10 पर "तीव्र कॉल" देखें।

## पता पुस्तिका

यह मीनू आपको कोई नाम खोजने, फिर संबंधित जानकारी (टेलीफोन नंबर, और ई-मेल पते, आदि) को संपादित और प्रबंधित करने की अनुमति देता है। यह आपको मुख्य स्क्रीन से कोई नाम चुनने के समान ही क्षेत्रों तक एक्सेस प्रदान करता है

चुनिंदा संपर्क का नंबर, स्क्रीन के निचले भाग में, एक हाईलाइट की गई रेखा में प्रदर्शित होगा। किसी नाम को खोजने के लिए:

| | |
|---|---|
| [1] से [9] और [#=] | जो अक्षर आप सूची में प्रविष्ट करना चाहते हैं उसके लिए कुन्जी दबाएं (जैसे अक्षर “U” को एक्सेस करने हेतु [0] को दो बार दबाएं)। सूची में इस अक्षर से आरंभ होने वाला प्रथम रिकार्ड चुना जाता है। |
| [#=] या <*खोज ...*> | यह कुन्जी दबाएं या इस विकल्प को चुनें, फिर उस नाम के प्रथम अक्षर प्रविष्ट करें जिसे आप खोज रहे हैं, और सीधे उस नाम पर जाने के लिए [OK] दबाएं। |

## *सिम फोनबुक में*

अपनी सिम फोनबुक में एक संपर्क चुनें और निम्न विकल्पों को एक्सेस करने हेतु [OK] या *विकल्प* दबाएं:

| | | |
|---|---|---|
| *बदलें* | *MMS भेजें* | *फोन को कॉपी* |
| *विवरण* | *वॉइस डायल* | *मिटाएं* |
| *कॉल* | *चमक डायल* | *SMS भेजें* |
| *काली सूची में जोड़ें* | | |

## *ऑनबोर्ड फोनबुक में*

अपने फोन की फोनबुक का एक संपर्क चुनें। चुनिंदा नाम में विभिन्न नंबर या क्षेत्र शामिल होने पर (नीचे देखें), एक क्षेत्र से दूसरे में जाने के लिए केवल ◂ या ▸ दबाएं (स्क्रीन के निचले भाग में हाईलाइट होते हुए, चुनिंदा क्षेत्र की जानकारी प्रदर्शित होगी)।

निम्न विकल्पों को एक्सेस करने हेतु [OK] या *विकल्प* दबाएं:

| | | |
|---|---|---|
| *नाम बदलें* | *माधुर्य चुनें* | *इंफ्रारेड द्वारा भेजें* |
| *दिखाएं* | *SMS भेजें* | *मिटाएं* |
| *कॉल करें* | *MMS भेजें* | *काली सूची में जोड़ें* |
| *चित्र चुनें* | | |

इस संपर्क हेतु रक्षित की गई नंबरों की सूची या क्षेत्र को एक्सेस करने के लिए <*दिखाएं*> चुनें। नया क्षेत्र बनाने या कोई नंबर चुनने हेतु <*नया*> चुनें और विकल्पों के दूसरे समूह को एक्सेस करने के लिए [OK] दबाएं। *बदलें*, *कॉल*, *SMS भेजें*, *MMS भेजें* और *मिटाएं* ऊपर दिए गए विकल्पों के समान हैं। इसके अतिरिक्त आप देखेंगे:

| | |
|---|---|
| *बदलें* | चुनिंदा क्षेत्र का नंबर बदलने हेतु। |
| *दिखाएं* | चुनिंदा क्षेत्र का ब्यौरा प्रदर्शित करने हेतु। |
| *SIM कार्ड को कॉपी* | आपके फोन की फोनबुक का कोई संपर्क सिम फोनबुक में प्रतिलिपि करने हेतु (फिर फोनबुक बदलते या कोई अन्य फोन प्रयोग करते हुए हमेशा इसका अद्यतन किया जाता है)। |
| *वॉइस डायल* | एक ध्वनि टैग सेट करने हेतु जो उच्चारित करने पर संपर्क को कॉल करेगा (पृष्ठ 50 देखें)। |
| *चमक डायल* | अपने चुने हुए संपर्क को कॉल करने हेतु उपयोग में लाने के लिए लघुमार्ग सेट करने के लिए। |

*डिफॉल्ट बनाना* आपके द्वारा प्रविष्ट किया गया प्रथम नंबर प्राथमिक नंबर बन जाता है जो OK दबाकर स्वतः डायल किया जा सकता है। यह विकल्प आपको कोई अन्य प्राथमिक नंबर सेट करने की अनुमति देता है।

*प्रकार बदलें* चुनिंदा नंबर का क्षेत्र प्रकार बदलने या निर्धारित करने हेतु।

*वर्णसंख्यात्मक क्षेत्र (लेख और ई-मेल) केवल बदले या मिटाए जा सकते हैं।*

### अपने संपर्कों को अनुकूल बनाना

फोन की फोनबुक में रक्षित किए गए संपर्कों को किसी चित्र और/अथवा ध्वनि द्वारा वैयक्तिक किया जा सकता है, ताकि किसी व्यक्ति द्वारा कॉल करने पर, उसके नाम के साथ जुड़ा चित्र और/अथवा ध्वनि प्रदर्शित किया जाएगा/बजाई जाएगी।

*यह क्रिया केवल आपके द्वारा ऑनबोर्ड फोनबुक चुनने पर उपलब्ध होती है।*

### अपने नम्बर

संपर्क सूची में प्रदर्शित होने वाली *अपने नंबर* आइटम आपको स्वयं अपना फोन नंबर रक्षित करने की अनुमति देती है। हम सुझाव देते हैं कि आप अपना मोबाइल नंबर एवं कोई अन्य संबद्ध जानकारी प्रविष्ट करें।

*हालांकि इसके सभी क्षेत्र खाली हो सकते हैं, अपने नंबर आइटम मिटाई नहीं जा सकती।*

### आपातकालीन नम्बर

आपातकालीन नंबर आपके देश में आपातकालीन सेवाओं के नंबर को कॉल करेगा। अधिकांश मामलों में, आप सिम कार्ड डाले बिना या अपना पिन प्रविष्ट किए बिना इस नंबर पर कॉल कर सकते हैं।

*यूरोप में मानक आपातकालीन नंबर 112 है, यू.के. में यह 999 है।*

## संपर्क जोड़ना

### सिम में फोनबुक में

1. सूची में *एक संपर्क जोड़ें* चुनें, फिर − *चुनें* या OK दबाएं।
2. नाम प्रविष्ट करें और OK दबाएं।
3. संबद्ध नंबर प्रविष्ट करें, फिर नाम के साथ जोड़ा गया नंबर प्रकार (*फोन*, *फैक्स* या *डाटा*) चुनें और इस नाम को अपनी फोनबुक में रक्षित करने हेतु OK दबाएं।

*आपके सिम के अनुसार, कोई भी नंबर 40 अंकों तक सीमित होता है। अंतर्राष्ट्रीय पूर्वलग्न, देश एवं क्षेत्र कोड प्रविष्ट करने से आप किसी भी स्थान से नंबर डायल कर सकते हैं।*

### फोन के अन्दर फोनबुक में

1. सूची में *एक संपर्क जोड़ें* चुनें, फिर − *चुनें* या OK दबाएं।
2. प्रथम, फिर अंतिम नाम प्रविष्ट करें (20 लातिनी वर्णों तक); दो में से एक क्षेत्र खाली हो सकता है, परन्तु दोनों नहीं।
3. फिर नंबर प्रकार या द्वो प्रकार चुनें। संख्यात्मक क्षेत्रों में 40 अंकों और एक "+" चिह्न तक शामिल हो सकते हैं और वर्ण संख्यात्मक क्षेत्रों (ई-मेल और लेख) में 50 लातिनी वर्णों तक हो सकते हैं। प्रत्येक

संपर्क में अधिकतम 5 संख्यात्मक क्षेत्र (जैसे 2 मोबाइल नंबर, 3 कार्यस्थल के नंबर, एक ई-मेल पता और एक पाठ्य लेख) हो सकते हैं।

4. संबद्ध नंबर या पाठ्य प्रविष्ट करें, और [OK] दबाएं।
5. इस संपर्क को वैयक्तिक बनाने के लिए, पृष्ठ 59 पर "अपने संपर्कों को वैयक्तिक बनाना" देखें।

## सेवा नंबर

*सेवा और ऑपरेटर पर निर्भर।*

यह मीनू आपको उपभोक्ता सेवाओं सहित विभिन्न सर्वर्स को कॉल करने, कुछ जानकारी प्राप्त करने, मेलिंग सूची का सदस्य बनने, आदि की अनुमति देता है। उपलब्ध सेवाएं आपकी सेवा के अनुसार भिन्न हो सकती हैं।

## स्थिति

कुल उपलब्ध संख्या में से, अपने द्वारा रक्षित किए गए संपर्कों की कुल संख्या प्रदर्शित करने हेतु यह मीनू चुनें।

# 12. कॉल सूचना



इस भाग में वर्णित मीनू आपके मोबाइल फोन द्वारा कॉलें एवं संबंधित मूल्य प्रबंधित करने की विधि को प्रबंधित करने हेतु प्रयोग किए जाते हैं।

## कॉल समय



यह मीनू आपको अपनी कॉलों की अवधि और मूल्य को नियंत्रित करने की अनुमति देता है। नीचे दिए गए अधिकांश विकल्प सेवा पर निर्भर हैं।

### *डाटा गणक*

जीपीआरएस गणक आपको जीपीआरएस सत्रों द्वारा प्राप्त डाटा की मात्रा को नियंत्रित रखने की अनुमति देता है। यह लक्षण सेवा और नेटवर्क पर निर्भर है। यह आपको निम्न विकल्पों तक एक्सेस प्रदान करता है:

| | |
|---|---|
| *PC सत्र* | यह विकल्प अंतिम संपर्क सत्र या आपके पीसी स्थानांतरण की स्थानांतरण मात्रा प्रदर्शित करेगा। |
| *मोबाइल सत्र* | यह विकल्प अंतिम संपर्क सत्र या आपके मोबाइल फोन की स्थानांतरण मात्रा (जैसे जीपीआरएस द्वारा एक वैप संपर्क के बाद) प्रदर्शित करेगा। |

*आपके माबाइल फोन द्वारा प्रबंधित कॉल गणक आपके ऑपरेटर द्वारा प्रयोग किए जाने वाले गणकों से भिन्न हो सकते हैं। अतः आपको स्क्रीन पर प्रदर्शित कॉल गणकों को सूचनात्मक वस्तुओं के रूप में मानना चाहिए, परन्तु वास्तविक शुल्क दर के आधार के रूप में नहीं।*

### *कॉल गणक*

यह विशेषता आपकी इनकमिंग और आउटगोइंग जीएसएम कॉलों को नियंत्रित करने हेतु प्रयोग की जाती है।

| | |
|---|---|
| *अंतिम कॉल की सूचना* | आपकी अंतिम कॉल की अवधि और/अथवा मूल्य प्रदर्शित करने हेतु। |
| *कुल अवधि* | *जाने वाली* या *आने वाली* कॉलों की समय अवधि *दिखाएं* या *पुनः सेट* । |
| *पूरी लागत* | एकत्रित मूल्य प्रदर्शित करने और गणक को शून्य पर सेट करने हेतु (संभवतः पिन/पिन2 कोड द्वारा सुरक्षित)। |

- *शुल्क मूल्य* के आधार पर *दिखाएं* कि कितना खर्च किया जा चुका है।
- वर्तमान कुल मूल्य को *पुनः सेट* ।
- शेष क्रेडिट देखने हेतु *शेष दिखाएं* (*लागत सीमा* पर आधारित)।
- *लागत सीमा बंद*
- शेष दिखाएं मीनू में प्रयोग की गई मूल्य सीमा प्रविष्ट करने हेतु *लागत सीमा* ।
- प्रति यूनिट दर सेट करने हेतु *शुल्क मूल्य* । पहले प्रयोग की जाने वाली मुद्रा (अधिकतम 3 वर्ण), फिर प्रति यूनिट मूल्य प्रविष्ट करें।

## सेटिंग्स

यह मीनू आपको कॉलिंग संबंधी सभी विकल्पों को सेट करने की अनुमति प्रदान करता है: कॉल अंतरण, कॉल प्रतीक्षा, आदि।

## *कॉल समाप्ति पर सूचना*
कॉल समाप्त करते समय प्रत्येक कॉल की अवधि और/अथवा मूल्य के संगठित प्रदर्शन को *चालू* या *बंद* पर सेट करने हेतु।

## *किसी कुन्जी द्वारा उत्तर*
*चालू* होने पर, यह विकल्प आपको (कॉल अस्वीकार करने हेतु प्रयोग की जाती है) छोड़कर कोई भी कुन्जी दबाकर कॉल स्वीकार करने की अनुमति देता है।

## *कॉल प्रतीक्षा*

| | |
|---|---|
| *GSM कॉल सहित* | *सभी कॉल* , *वॉइस कॉल*, *फैक्स कॉल्स* और *डाटा कॉल्स* पर लागू होता है। यह विकल्प सक्रिय होने पर, कॉल के दौरान आपको किसी की कॉल आने पर आप एक बीप सुनेंगे। यह जानने हेतु कि जीएसएम कॉल प्रतीक्षा सक्रिय है या नहीं *अवस्था* विकल्प चुनें। |
| *GPRS कॉल सहित* | एक जीपीआरएस संपर्क चालू रहते हुए आपको ध्वनि इनकमिंग कॉलों हेतु कॉल प्रतीक्षा को *चालू* या *बंद* पर सेट करने की अनुमति देता है। |

## *कॉलकर्ता आईडी*
अपने मित्र को अपनी पहचान (यानि, आपका फोन नंबर) *दिखाएं* या *छिपाएं*। *अवस्था* आपको सूचित करेगा कि कौनसा विकल्प सक्रिय है।

## *कॉल अग्रेषित करना*
इनकमिंग कॉलों को अपने मेलबॉक्स या किसी नंबर (चाहे आपके संपर्कों में हो या नहीं) पर अंतरित करने हेतु और इन पर लागू होता है: *डाटा कॉल्स*, *वॉइस कॉल* और *फैक्स कॉल्स*।

| | |
|---|---|
| *शर्त रहित* | सभी इनकमिंग कॉलों को अंतरित करता है। यदि आप यह विकल्प चुनते हैं, तो आप उसे निष्क्रिय करने तक कोई कॉल प्राप्त नहीं करेंगे। |
| *शर्त के साथ* | आपको यह चुनने की अनुमति देता है कि आप कब इनकमिंग कॉलें अंतरित करना चाहते हैं: *यदि उत्तर न हो*, *यदि पहुँच से बाहर हो* या *यदि व्यस्त हो*। प्रत्येक विकल्प को स्वतंत्र रूप से सेट किया जा सकता है। |
| *अवस्था* | समस्त अग्रेषित कॉलों की स्थिति प्रदर्शित करता है। |

यह विकल्प सक्रिय करने से पहले, आपको अपना ध्वनि मेलबॉक्स नंबर प्रविष्ट करना होगा (अगला भाग देखें)। यह विशेषता सेवा पर निर्भर है, और कॉल स्थानांतरण से भिन्न है, जो एक/कई कॉलें प्रगति में होने पर होता है।

## *मेलबॉक्स*
मेलबॉक्स के नंबर प्रविष्ट करने हेतु (आपके सिम कार्ड में उपलब्ध न होने पर)।

---

*कुछ मामलों में, आपको दो नंबर प्रविष्ट करने की आवश्यकता हो सकती है: एक अपने मेलबॉक्स को सुनने के लिए, दूसरा कॉलें अग्रेषित करने हेतु। अधिक जानकारी के लिए अपने ऑपरेटर से संपर्क करें।*

---

## *स्वतः पुनर्डायल*
*चालू* होने पर, यदि आपके द्वारा कॉल किया जाने वाला व्यक्ति व्यस्त हो, तो एक सफल संपर्क स्थापित होने या प्रयासों की अधिकतम संख्या (10) पूर्ण होने तक आपका फोन स्वतः ही नंबर को पुनर्डायल करता रहेगा। प्रत्येक प्रयास के आरंभ में फोन बीप करता है और संपर्क सफल होने पर एक विशेष बीप करता है। प्रत्येक प्रयास के साथ पुनर्डायलों के बीच समय बढ़ जाता है।

## कॉल सूची

यह मीनू आपको आउटगोइंग और इनकमिंग कॉलों की सूची, स्वतः पुनर्डायल हेतु प्रयासों और कॉलों का ब्यौरा प्रदान करता है। विभिन्न प्रकार की कॉलें - की गई कॉलें, छूटी कॉलें और प्राप्त कॉलें - विभिन्न चिह्नों द्वारा प्रदर्शित की जाती हैं। शीर्ष पर सबसे हाल की कॉल के साथ वे क्रमवार ढंग से प्रदर्शित की जाती हैं। यदि आपके संपर्कों में मित्र सूचीबद्ध है रक्षित किया गया हो, तो संबंधित नाम प्रदर्शित होता है।

### *पुनः सेट करना*

संपूर्ण सूची को एक साथ पुनः सेट करने और सभी सूचीबद्ध कॉलें मिटाने हेतु।

### *कॉल सूची*

सूची से एक नंबर चुनें, और नंबर पुनर्डायल करने हेतु ⌐ दबाएं या विकल्प एक्सेस करने के लिए OK या ⌐ *विकल्प* दबाएं: *विवरण*, *कॉल* या इस मित्र को *हैण्ड्सफ्री कॉल करें*, *SMS भेजें*, *MMS भेजें*, चुनिंदा कॉल को *मिटाएं* या (पहले से आपकी फोनबुक में न होने पर) संबंधित नंबर को *जमा* करें।

# चित्र एवं चिह्न

निष्क्रिय अवस्था में, स्क्रीन पर एक साथ कई चिह्न प्रदर्शित किए जा सकते हैं।

*यदि नेटवर्क का चिह्न प्रदर्शित न हो, तो नेटवर्क वर्तमान तौर पर उपलब्ध नहीं होगा। आप किसी निकृष्ट अभिग्रहण क्षेत्र में हो सकते हैं, किसी अन्य स्थान पर जाना सहायक हो सकता है।*

**मौन** - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए नहीं बजेगा।

**कंपन** - आपका फोन कोई कॉल प्राप्त करते हुए कम्पन करेगा।

**GPRS संलग्न** - आपका फोन जीपीआरएस नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

**SMS संदेश** - आपने एक नया संदेश प्राप्त किया है।

**वॉइस मेल** - आपने एक नया ध्वनि संदेश प्राप्त किया है।

**बैटरी** - रेखाएं बैटरी का स्तर दर्शाती हैं (4 रेखाएं = पूर्ण, 1 रेखा = कम)।

**अलार्म घड़ी** सक्रिय।

**रोमिंग** - आपके फोन द्वारा अपने नेटवर्क से अलग किसी नेटवर्क में पंजीकृत होने पर (विशेषतः आपके विदेश में होने पर) प्रदर्शित किया जाता है।

**SMS सम्पूर्ण** - संदेशों के लिए मेमोरी सम्पूर्ण हो गई है। नए संदेश रक्षित करने हेतु पुराने मिटाएं।

**नंबर पर स्वतंत्र कॉल अंतरण** - आपकी सभी इनकमिंग ध्वनि कॉलें ध्वनि मेल के अलावा किसी अन्य नंबर पर अंतरित की जा रही हैं।

**ध्वनि मेलबॉक्स में कॉल अंतरण** - आपकी सभी कॉलें ध्वनि मेल पर अंतरित की जा रही हैं।

**होम क्षेत्र** - आपके नेटवर्क ऑपरेटर द्वारा निर्धारित एक क्षेत्र। सेवा पर निर्भर, अधिक जानकारी हेतु अपने सेवा प्रदाता से संपर्क करें।

**GSM नेटवर्क:** आपका फोन एक जीएसएम नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।
**प्राप्ति गुणवत्ता:** जितनी अधिक रेखाएं प्रदर्शित होंगी प्राप्ति उतनी बेहतर होगी।

**मेमोरी पूर्ण** - फोन की मेमोरी सम्पूर्ण हो गई है। नई वस्तुएं रक्षित करने हेतु पुरानी मिटाएं।

**MMS संदेश** - आपने एक नया मल्टीमीडिया संदेश प्राप्त किया है।

**वैप संदेश** - आपने वैप पुश इनबॉक्स में एक संदेश प्राप्त किया है।

**स्वतः चालू/बंद** - विकल्प *चालू* पर सेट किया गया है।

# सावधानियाँ

## रेडियो तरंगें



आपका सेल्युलर मोबाइल फोन एक **कम ऊर्जा वाला रेडियो ट्रान्समीटर और रिसीवर** है। इसके प्रचालित होने पर, यह रेडियो तरंगें प्रेषित और प्राप्त करता है। रेडियो तरंगें आपके दूरभाष नेटवर्क से जुड़े एक बेस स्टेशन को आपकी ध्वनि या डाटा संकेत वहन करती हैं। नेटवर्क फोन की संचारण ऊर्जा को नियंत्रित करता है।

- आपका फोन जीएसएम फ्रीक्वेन्सी (900 / 1800 MHz) में रेडियो तरंगें प्रेषित/प्राप्त करता है।
- जीएसएम नेटवर्क संचारण ऊर्जा (0.01 to 2 वॉट्स) को नियंत्रित करता है।
- आपका फोन सभी संबद्ध सुरक्षा मानकों का पालन करता है।
- आपके फोन पर सीई का चिह्न युरोपीय विद्युतचुम्बकीय संगतता (संदर्भ 89/336/ईईसी) और कम वोल्टेज निदेशों (संदर्भ 73/23/ईईसी) के प्रति अनुरूपता प्रदर्शित करता है।

शरीर के साथ संचालन हेतु, इस फोन का परीक्षण किया गया है और किसी धातु-रहित और हैंडसेट को शरीर से कम से कम 1.5 से.मी. दूर रखने वाले सहायक उपकरण के साथ प्रयोग करने पर एफसीसी आरएफ प्रदर्शन के निर्देशों का पालन करता है। संभवतः अन्य सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा एफसीसी आरएफ प्रदर्शन के निर्देशों के साथ संगतता सुनिश्चित न हो। आपका सेल्युलर मोबाइल फोन आपकी ज़िम्मेदारी है। अपने आप को, दूसरों या स्वयं फोन को क्षतिग्रस्त होने से बचाने हेतु, सभी सुरक्षा निर्देश पढ़ें और उनका पालन करें और अपना फोन मांगने वाले किसी भी व्यक्ति को उनकी जानकारी दें। इसके अतिरिक्त अपने फोन के अनाधिकृत प्रयोग से बचने के लिए:



अपना फोन एक सुरक्षित स्थान पर और छोटे बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

अपना पिन कोड लिखने से बचें। बल्कि उसे याद रखने का प्रयास करें।

यदि आप फोन को लम्बे समय के लिए बिना प्रयोग किए रखना चाहते हैं तो फोन बंद कर दें और बैटरी निकाल लें।

अपना फोन खरीदने के बाद और कॉल प्रतिबंध विकल्प सक्रिय करने के लिए अपना पिन कोड बदल लें।



आपके फोन का डिज़ाइन लागू होने वाले सभी नियम एवं कानूनों के अनुरूप है। हालांकि आपका फोन अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ व्यवधान उत्पन्न कर सकता है। अतः आपको घर और बाहर दोनों स्थानों पर अपने सेल्युलर फोन का प्रयोग करते समय सभी **स्थानीय सुझावों और नियमों** का पालन करना होगा। **वाहनों और विमानों में सेल्युलर फोनों के प्रयोग संबंधी नियम विशेष रूप से कड़े हैं।**

कुछ समय से सेल्युलर फोनों के उपयोगकर्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी संभावित खतरों पर लोगों का ध्यान केन्द्रित हुआ है। जीएसएम तकनीक सहित, रेडियो तरंग तकनीक में वर्तमान शोध का पुर्नावलोकन किया गया है और रेडियो तरंग की ऊर्जा के सम्पर्क से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा मानकों की रूपरेखा तैयार की गई है। आपका सेल्युलर टेलीफोन **लागू होने वाले सभी सुरक्षा मानकों** और रेडियो यन्त्र एवं दूरसंचार यन्त्र निदेश 1999/5/ईसी **के अनुरूप है।**

## अपना फोन हमेशा बंद रखें ...

अपर्याप्त रूप से सुरक्षित या **संवेदनशील इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित हो सकते हैं। इस व्यावधान से दुर्घटनाएं हो सकती हैं।



किसी **विमान** में चढ़ने से पहले और/या अपने सामान में फोन को पैक करते समय : विमान में मोबाइल फोन्स का प्रयोग विमान के संचालन के लिए खतरनाक हो सकता है, मोबाइल फोन्स के नेटवर्क में बाधा उत्पन्न कर सकता है और गैरकानूनी हो सकता है।



**अस्पतालों**, दवाखानों, अन्य स्वास्थ्य देखभाल केन्द्रों में और कहीं भी जहाँ आप **चिकित्सीय उपकरण** के बहुत निकट हों।



संभावित **विस्फोटक परिवेश** वाले क्षेत्रों में (उदाहरणस्वरूप पेट्रोल स्टेश्नों और ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ हवा में धूल के कण, जैसे धातु चूर्ण शामिल हों)।

ज्वलनशील उत्पाद स्थानान्तरित करने वाले किसी वाहन में (चाहे वाहन खड़ा हो) या द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) द्वारा चालित किसी वाहन में, पहले यह जाँचें कि वाहन लागू होने वाले सभी सुरक्षा नियमों के अनुरूप हो।

ऐसे क्षेत्रों में भी जहाँ आपसे रेडियो संचार करने वाले यन्त्र बंद करने हेतु निवेदन किया जाए, जैसे खदानें या अन्य क्षेत्र जहाँ विस्फोट किए जा रहे हों।



वाहन के निर्माता से मालूम करें कि आपके वाहन में प्रयोग किए गए **इलेक्ट्रॉनिक उपकरण** रेडियो ऊर्जा से प्रभावित न होते हों।

## पेसमेकर्स

यदि आपके पास एक **पेसमेकर** है:

- फोन चालू होने पर, संभावित व्यवधान से बचने के लिए, उसे हमेशा अपने पेसमेकर से 15 से.मी. से अधिक दूरी पर रखें।
- फोन को सामने की जेब में न रखें।
- संभावित व्यवधान को कम से कम करने हेतु पेसमेकर के विपरीत कान का प्रयोग करें।
- यदि आपको संदेह हो कि व्यवधान हो रहा है तो अपना फोन बंद कर दें।

## श्रवण उपकरण

यदि आप एक **श्रवण उपकरण** के प्रयोक्ता हैं, तो अपने चिकित्सक और श्रवण उपकरण निर्माता से यह जानने के लिए परामर्श लें कि क्या आपका विशिष्ट यन्त्र सेल्युलर फोन के व्यवधान के प्रति संवेदनशील है या नहीं।

## निष्पादन में सुधार

**अपने फोन के निष्पादन में सुधार करने,** रेडियो ऊर्जा उत्सर्जन कम करने, **बैटरी की खपत कम करने और सुरक्षित प्रचालन सुनिश्चित करने हेतु निम्न निर्देशों का पालन करें:**



फोन के अनुकूलतम और संतोषजनक निष्पादन हेतु आपको फोन को सामान्य प्रचालन अवस्था में प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है (हैंड्स-फ्री अवस्था में या किसी हैंड्स-फ्री सहायक उपकरण के साथ प्रयोग न करते हुए)।

- अपने फोन को अत्यधिक तापमानों के सम्पर्क में न आने दें।
- फोन की देखभाल करें। किसी भी दुरोपयोग से अंतर्राष्ट्रीय गारंटी समाप्त हो जाएगी।
- फोन को किसी द्रव्य में न डुबाएं ; यदि आप का फोन गीला हो, तो उसे बंद करें, बैटरी निकालें और उन्हें पुनः प्रयोग करने से पहले 24 घंटों के लिए सूखने दें।
- फोन को साफ करने हेतु, उसे किसी मुलायम कपड़े से पोंछें।

• कॉलें करने और प्राप्त करने में बैटरी की ऊर्जा एक समान खपत होती है। हालांकि, एक स्थान पर रखे रहने में मोबाइल में निष्क्रिय स्क्रीन में कम ऊर्जा खपत होती है। निष्क्रिय स्क्रीन में होने पर, आपके फोन में नेटवर्क को नवीनीकृत स्थान जानकारी प्रेषित करते हेतु ऊर्जा खपत होती है। बैकलाइट को छोटी समय अवधि के लिए सेट करना और मीनू में बिना कारण आगे-पीछे न जाना भी फोन के लम्बे समय तक प्रयोग और स्टैण्डबाई निष्पादनों हेतु बैटरी की ऊर्जा में बचत करेगा।

## बैटरी संबंधी जानकारी

- आपके फोन को एक पुनः चार्ज करने योग्य बैटरी द्वारा ऊर्जा प्रदान की जाती है।
- केवल निर्दिष्ट चार्जर का ही प्रयोग करें।
- जलाएं नहीं।
- बैटरी को मोड़ें या खोलें नहीं।
- धातु की वस्तुओं (जैसे आपकी जेब में रखी चाबियाँ) को बैटरी के सिरों से शार्ट सर्किट न करने दें।
- अत्यधिक गर्मी (60°से. या 140°एफ. से अधिक), नमी या ज्वलनशील परिवेशों के सम्पर्क से बचें।



आपको केवल फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरणों का ही प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि किन्हीं अन्य सहायक उपकरणों का प्रयोग आपके फोन को हानि पहुँचा सकता है और आपके फिलिप्स फोन के लिए सभी गारंटियों को रद्द एवं अमान्य कर देगा।

यह सुनिश्चित करें कि क्षतिग्रस्त पुर्ज़े तुरन्त एक योग्य मिस्त्री द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएं और वे असली फिलिप्स प्रतिस्थापन पुर्ज़ों से बदले जाएं।

## आपका मोबाइल फोन और आपकी गाड़ी



अध्ययन से पता चला है कि वाहन चलाते समय टेलीफोन पर बात करना एकाग्रता कम करता है, जो खतरनाक हो सकता है। निम्न निर्देशों का पालन करें:

- अपना पूरा ध्यान वाहन चलाने में लगाएं। फोन का प्रयोग करने से पहले सड़क के किनारे आएं और गाड़ी खड़ी करें।
- जिन देशों में आप वाहन चलाते हैं वहाँ के स्थानीय नियमों का पालन करें और अपने जीएसएम फोन का प्रयोग करें।
- यदि आप अपना फोन किसी वाहन में प्रयोग करना चाहते हैं, तो उस उद्देश्य के लिए बनाई गई हैंड्स-फ्री कार किट स्थापित करें।
- यह सुनिश्चित करें कि आपका फोन और कार किट आपकी कार में लगे किसी एयरबैग या अन्य सुरक्षा उपकरण को अवरुद्ध न करे।

कुछ देशों में सार्वजनिक सड़कों पर इन्कमिंग फोन कॉलें दर्शाने के लिए किसी वाहन की लाइट या हार्न संचालित करने हेतु किसी अलार्म तन्त्र का प्रयोग वर्जित है। स्थानीय नियम देखें।

## ईएन 60950 नियम

गर्म मौसम की स्थिति में या लम्बे समय तक धूप में (जैसे किसी खिड़की या किसी शीशे के पीछे) रहने के बाद, आपके फोन के आवरण का तापमान बढ़ सकता है, विशेषतः एक धातु की सज्जा होने पर। ऐसी स्थिति में अपना फोन उठाने में बहुत ध्यान दें और उसे 40°से. से अधिक परिवेशी तापमान में प्रयोग करने से भी बचें।

## वातावरण की देखभाल



अपनी पैकेजिंग सामग्री, पूर्णतः समाप्त बैटरियों और पुराने फोन के निपटान संबंधी स्थानीय नियमों का पालन करना याद रखें और कृप्या उनके पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें।

फिलिप्स ने बैटरी और पैकेजिंग पर आपके अंतिम अवशेष के पुनर्चक्रण और उचित निपटान को बढ़ावा देने हेतु तैयार किए गए मानक चिह्न लगाए हैं।

| | |
|---|---|
| | बैटरी साधारण घरेलू कचरे के साथ नष्ट नहीं की जानी चाहिए। |
| | चिह्नित पैकेजिंग सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है। |
| | संस्थागत राष्ट्रीय पैकेजिंग प्राप्ति और पुनर्चक्रण तन्त्र में एक वित्तीय योगदान किया गया है। |
| | प्लास्टिक सामग्री पुनर्चक्रित की जा सकती है (प्लास्टिक की किस्म भी पहचानी जाती है)। |

# दोष-निवारण

### *फोन चालू नहीं होता*
बैटरी को निकालें/पुनः स्थापित करें। फिर बैटरी चिह्न का स्क्रॉल करना समाप्त होने तक फोन को चार्ज करें। चार्जर से हटाएं और मोबाइल चालू करने का प्रयास करें।

### *आपके द्वारा चालू करने पर प्रदर्शन अवरुद्ध प्रदर्शित करता है*
किसी ने आपके फोन को प्रयोग करने का प्रयास किया है परन्तु वह न ही पिन कोड और न मुक्ति कोड (पीयूके) जानता था। अपने सेवा प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *प्रदर्शन आईएमएसआई असफलता प्रदर्शित करता है*
समस्या आपकी सदस्यता से संबंधित है। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आपका फोन निष्क्रिय स्क्रीन पर वापिस नहीं जाता*
फोन काटने की कुन्जी को देर तक दबाकर रखें या फोन बंद करें, यह जाँचें कि सिम कार्ड और बैटरी सही प्रकार स्थापित हों और उसे पुनः चालू करें।

### *नेटवर्क चिह्न प्रदर्शित नहीं होता*
नेटवर्क सम्पर्क समाप्त हो गया है। आप या तो किसी रेडियो प्रभाव में हैं (किसी सुरंग या ऊँची इमारतों के बीच) या आप नेटवर्क आवरण क्षेत्र से बाहर हैं। किसी अन्य स्थान से प्रयास करें, नेटवर्क से पुनः सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास करें (विशेषतः जब विदेश में हों), यदि आपके मोबाइल में बाहरी एन्टिना है तो यह जाँच लें कि एन्टिना सही स्थान पर हो, या नेटवर्क संबंधी सहायता/जानकारी के लिए अपने नेटवर्क ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *कुन्जियों के दबने पर प्रदर्शन प्रतिक्रिया नहीं करता (या प्रदर्शन धीरे-धीरे प्रतिक्रिया करता है)*
प्रदर्शन बहुत कम तापमानों पर बहुत धीरे प्रतिक्रिया करता है। यह सामान्य है और फोन के प्रचालन को प्रभावित नहीं करता। फोन को एक गर्म स्थान के निकट ले जाएं और पुनः प्रयास करें। अन्य मामलों में, कृप्या अपने फोन प्रदाता से सम्पर्क करें।

### *आपकी बैटरी अधिक गर्म होती हुई लगती है*
संभवतः आप किसी ऐसे चार्जर का प्रयोग कर रहे हों जो आपके फोन के लिए अभीष्ट नहीं है। यह सुनिश्चित करें कि आप हमेशा अपने फोन के साथ प्रदान किए गए फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण का ही प्रयोग करें।

### *आपका फोन इनकमिंग कॉलों के फोन नम्बर प्रदर्शित नहीं करता*
यह लक्षण नेटवर्क और सेवा पर निर्भर है। नेटवर्क द्वारा कॉलकर्ता का नम्बर प्रेषित न करने पर, फोन *कॉल 1* या *अस्वीकार* प्रदर्शित करेगा। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप पाठ्य संदेश नहीं भेज पा रहे*
कुछ नेटवर्क अन्य नेटवर्क्स के साथ संदेशों का आदान-प्रदान समर्थित नहीं करते। पहले यह जाँच लें कि आपने अपने एसएमएस केन्द्र का नम्बर प्रविष्ट किया है, या इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### *आप चित्र प्राप्त और/अथवा रक्षित नहीं कर सकते*
संभव है आपके मोबाइल फोन में कोई चित्र स्वीकार न हो यदि वह बहुत बड़ा हो, यदि उसका नाम बहुत लम्बा हो, या उसका फाइल फॉर्मेट सही न हो।

### *आपको ऐसा लगता है कि आपसे कुछ कॉलें छूट जाती हैं*
अपने कॉल अंतरण विकल्प जाँच लें।

### बैटरी चार्ज के दौरान, बैटरी का चित्र कोई रेखा प्रदर्शित न करता हो और बाहरी रेखा प्रज्वलित होती हो

बैटरी केवल किसी ऐसे वातावरण में चार्ज करें जहाँ तापमान 0°से. (32°एफ.) से नीचे या 50°से. (113°एफ.) से ऊपर न जाता हो। अन्य मामलों में कृप्या अपने फोन विक्रेता से सम्पर्क करें।

### प्रदर्शन सिम असफलता प्रदर्शित करता है

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया हो। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### मीनू में किसी लक्षण का प्रयोग करने पर, मोबाइल प्रदर्शित करता है अनुमति नहीं

कुछ लक्षण नेटवर्क पर निर्भर करते हैं। अतः, वे केवल नेटवर्क या आपकी सेवा द्वारा समर्थित होने पर ही उपलब्ध होते हैं। इस विषय में अधिक जानकारी हेतु अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### प्रदर्शन दिखाता है अपना सिम प्रविष्ट करें

यह जाँच लें कि सिम कार्ड सही स्थान पर लगाया गया हो। यदि समस्या बनी रहे, तो संभव है आपका सिम कार्ड क्षतिग्रस्त हो। अपने ऑपरेटर से सम्पर्क करें।

### आपके फोन की स्वतंत्रता उपयोगकर्ता निर्देशिका में दी गई स्वतंत्रता से कम लगती है

स्वतंत्रता आपकी सेटिंग्स (जैसे घंटी की ध्वनि, बैकलाइट की अवधि) और आपके द्वारा प्रयोग किए जाने वाले लक्षणों से संबंधित होती है। स्वतंत्रता बढ़ाने के लिए, और जहाँ संभव हो, आपको अपने द्वारा प्रयोग न किए जाने वाले लक्षण निष्क्रिय कर देने चाहिए।

### आपका फोन आपकी गाड़ी में सही प्रकार काम नहीं करता

गाड़ी में धातु के कई हिस्से होते हैं जो फोन के प्रदर्शन को प्रभावित करने वाली विद्युतचुम्बकीय तरंगों को समाविष्ट कर लेते हैं। आपको एक बाहरी एंटीना प्रदान करने के लिए एक कार किट उपलब्ध है और आपको हैंडसेट के प्रयोग बिना फोन कॉल्स करने और प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।

*स्थानीय प्राधिकरणों से पता करें कि आपको वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग करने की अनुमति है या नहीं।*

### आपका फोन चार्ज नहीं हो रहा

यदि आपकी बैटरी पूर्णतः समाप्त हो चुकी है, तो स्क्रीन पर चार्जिंग चिह्न प्रदर्शित होने से पहले उसे पूर्व-चार्ज हेतु कई मिनट (कुछ मामलों में 5 मिनट तक) लग सकते हैं।

# फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण

कुछ सहायक उपकरण, जैसे एक बैटरी और एक चार्जर, आपके मोबाइल फोन के पैकेज में मानक तौर पर शामिल होते हैं। अन्य सहायक उपकरण भी प्रदान किए जा सकते हैं या अलग से बेचे जा सकते हैं। अतः पैकेज में शामिल वस्तुएं भिन्न हो सकती हैं।

*अपने फिलिप्स मोबाइल फोन के प्रदर्शन का अधिकतम लाभ प्राप्त करने और वारंटी रद्द न करने हेतु, हमेशा फिलिप्स प्रामाणिक सहायक उपकरण ही खरीदें जो विशेष रूप से आपके फोन के साथ प्रयोग करने हेतु तैयार किए जाते हैं। गैर प्रामाणिक सहायक उपकरणों के प्रयोग द्वारा होने वाली किसी भी क्षति के लिए फिलिप्स कन्ज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।*

## चार्जर

किसी भी ए.सी. आउटलेट में आपकी बैटरी चार्ज करता है। किसी ब्रीफकेस/हैण्डबैग में ले जाने हेतु काफी छोटा है।

## डाटा संपर्क किट

आपके फिलिप्स मोबाइल फोन हेतु एक सरल डाटा संपर्क प्रदान करती है। यूएसबी केबल आपके फोन और आपके कम्प्यूटर के बीच तीव्र संचार सक्रिय करती है। प्रदत्त सॉफ्टवेयर आपको चित्र एवं धुनें डाउनलोड करने और अपने संपर्कों और एपाइंटमेन्ट्स को समकालिक करने की अनुमति देता है।

## फोन को मोडेम के तौर पर प्रयोग करना

आप अपने मोबाइल फोन को एक पीसी या पीडीए के साथ प्रयोग कर सकते हैं, जैसे इन्टरनेट से संपर्क करने या इन्फ्रारेड द्वारा फैक्स भेजने हेतु।
इन्फ्रारेड द्वारा उपलब्ध सेवाओं (एसएमएस, ई-मेल एवं फैक्स प्रेषण एवं प्राप्ति, अपने फोन में चित्र एवं ध्वनि फाइलें अपलोड करना, फोनबुक समकालीकरण, जीपीआरएस विज़ार्ड, आदि) का संपूर्ण लाभ प्राप्त करने के लिए , आपको अपने पीसी पर फिलिप्स मोबाइल फोन टूल्स लाइट सॉफ्टवेयर स्थापित करना होगा। यह सॉफ्टवेयर इन्टरनेट पर उपलब्ध है: www.club-philips.com पर जाएं और, मोबाइल फोन टूल्स सहित, उपलब्ध विषय-वस्तु को एक्सेस करने हेतु अपने मोबाइल को पंजीकृत करें।

*सॉफ्टवेयर ऐप्पल मैकिन्टॉश कम्प्यूटरों के अनुकूल नहीं है। यह केवल विन्डोज़ 98 एसई, एमई, एक्सपी और 2000 (इस प्रकरण में सर्विस पैक 3 और अधिक अनिवार्य हैं)।*

आपके फिलिप्स मोबाइल फोन को लोटस नोट्स, लोटस ऑर्गेनाइज़र और माइक्रोसॉफ्ट आउटलुक के साथ समकालिक करने हेतु इन अनुप्रयोगों के लिए विशिष्ट सॉफ्टवेयर मॉड्यूल तैयार किए जाते हैं (विस्तृत जानकारी के लिए उनकी विशिष्ट उपयोगकर्ता निर्देशिकाएं देखें)।

# ट्रेडमार्क कथन

JAVA सन माइक्रोसिस्टम्स इंक. का एक ट्रेडमार्क है।

टेजिक यूरो पेटेंट
एप्लि. 0842463

T9® टेजिक कम्युनिकेशन्स इंक. का एक ट्रेडमार्क है।

# विशिष्ट अवशोषण दर (एसएआर) जानकारी
# अंतर्राष्ट्रीय मानक

**यह मोबाइल फोन रेडियो तरंगों के प्रति अनुरुपता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सिफारिशों का पालन करता है**

आपका मोबाइल फोन एक रेडियो प्रसारक एवं प्राप्तकर्ता है। इसे अंतर्राष्ट्रीय मानकों द्वारा परिभाषित रेडियो फ्रीक्वेंसी उर्जा के प्रति सहनशील और अनुरुप बनाया गया है। ये सुझाव इन्टर्नेशनल कमीशन ऑन नॉन-आयोनाइज़िंग रेडियेशन प्रोटेक्शन (आईसीएनआईआरपी) तथा इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियर्स (आईईईई) जो आयु एवं स्वास्थ्य पर ध्यान दिए बिना, सभी व्यक्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण सुरक्षा गुंजाइश की भविष्यवाणी करते है द्वारा स्थापित किए गए हैं।

मोबाइल फोन के लिए प्रदर्शन मानक में विशिष्ट अवशोषण दर अथवा (एसएआर) के रूप में ज्ञात माप-इकाई का प्रयोग होता है।आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन के लिए आईसीएनआईआरपी द्वारा सुझावित एसएआर सीमा टिश्यु के प्रति दस ग्राम में 2,0 वा./कि.ग्रा. और सिर के लिए आईईईई मानक 1528 द्वारा टिश्यु के प्रति एक ग्राम में 1,6 वा./कि.ग्रा. है।

फोन द्वारा सभी फ्रीक्वेंसी बैण्ड्स में अपने सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर प्रसारण करते हुए सुझावित प्रचालन अवस्थाओं के प्रयोग द्वारा एसएआर के लिए निरीक्षण किए गए हैं। हालांकि एसएआर सर्वोच्च प्रमाणित ऊर्जा स्तर पर निर्धारित किया जाता है, प्रचालन के समय मोबाइल फोन के वास्तविक एसएआर स्तर सामान्यतः अधिकतम एसएआर दर से कम होते हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि फोन बहु-ऊर्जा स्तरों पर प्रचालन के लिए अभिकल्पित होते हैं ताकि नेटवर्क तक पहुँच के लिए केवल वांछित ऊर्जा का प्रयोग हो। सामान्यतः, आप किसी बेस स्टेशन एन्टिना के जितने निकट होंगे, ऊर्जा उतनी ही कम होगी।

यद्यपि विभिन्न फोन्स के एसएआर स्तरों और विभिन्न अवस्थाओं में एसएआर स्तरों में अंतर हो सकते हैं, वे सभी रेडियो तरंगों के प्रति अनुरुपता संबंधी अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों की पूर्ति करते हैं।

मानक के विरुद्ध अनुरूपता हेतु निरीक्षण करने पर इस फिलिप्स 662 की अधिकतम एसएआर दर आईसीएनआईआरपी सुझाव के लिए 0,481 वा./कि.ग्रा. है और आईईईई मानक 1528 के लिए 0,734 वा./कि.ग्रा. है । हालांकि विभिन्न फोन के विशिष्ट अवशोषण दर (एसएआर) में अलग अलग स्थानों अंतर हो सकता है लेकिन वे सभी आर एफ एक्सपोज़र के अंतर्राष्ट्रीय मानक का पालन करते हैं।

रेडियो तरंगों का प्रदर्शन सीमित करने हेतु, मोबाइल फोन की कॉल अवधि कम करने या एक हेडसेट प्रयोग करने का सुझाव दिया जाता है। इन सावधानियों का उद्देश्य मोबाइल फोन को सिर एवं शरीर से दूर रखना है।

# अमेरिका

आपका मोबाइल संघीय संचार आयोग (एफसीसी - यूएसए) द्वारा परिभाषित रेडियो फ्रीक्वेंसी (आर एफ) उर्जा एक्सपोज़र सीमा उलंघन नहीं करने के लिए अभिकल्पित और निर्मित है। आम जनता द्वारा प्रयुक्त मोबाइल फोन के लिए एफसीसी द्वारा सुझावित एसएआर टिश्यु के प्रति ग्राम में 1,6 वा./कि.ग्रा. है।
शरीर पर तरीके से लगा होने पर इस फिलिप्स 662 मोडल फोन के लिए उच्चतम एफसीसी एस आर सीमा 0,89 वा./कि.ग्रा. है।

# सीमित वारंटी

1. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल है ?

फिलिप्स मूल फुटकर क्रेता (''उपभोक्ता'' या ''आप'') को वारंटी देता है कि फिलिप्स द्वारा मूल रूप से बिक्री पैकेज (''उत्पाद'') में प्रदान किया गया यह फिलिप्स सेल्युलर उत्पाद और सभी सहायक उपकरण निम्नलिखित शर्तों और स्थितियों के अधीन और उपयोग संबंधी निर्देशों के साधारण प्रयोग हेतु सामान, अभिकल्प और कारीगरी की खराबी से मुक्त है। यह सीमित वारंटी उपभोक्ता को केवल क्रय के मूल देश में खरीदे गए और प्रयोग किए जा रहे उत्पादों के लिए प्रदान की जाएगी। सीमित वारंटी केवल फिलिप्स द्वारा उत्पाद की बिक्री हेतु अभिप्रेत देश में ही मान्य है।

2. सीमित वारंटी की अवधि कितनी होती है?

उत्पाद के लिए सीमित वारंटी की अवधि उत्पाद की खरीद की तिथि से, खरीद के वैध प्रमाण द्वारा प्रलेखित, एक (1) साल के लिए प्रभावी है। पुनः चार्ज करने योग्य असली फिलिप्स बैटरी की सीमित वारंटी खरीद की तिथि से छः (6) महीने तक प्रभावी है।

3. सीमित वारंटी की अवधि के दौरान उत्पाद के सामान और कारीगरी में भौतिक त्रुटियों से मुक्त न होने पर फिलिप्स क्या करेगा ?

सीमित वारंटी की अवधि के दौरान, फिलिप्स के विकल्प पर फिलिप्स या उसका अधिकृत सेवा प्रतिनिधि किसी खराब उत्पाद को, पुर्ज़ों या श्रम हेतु बिना शुल्क लिए, ठीक करेगा या नए या पुनर्निर्मित पुर्ज़ों या उत्पाद से बदलेगा और ऐसा ठीक किया गया उत्पाद चालू हालत में उपभोक्ता को लौटाएगा। फिलिप्स खराब पुर्ज़े, घटक या यन्त्र रख लेगा।

ठीक किया गया या बदला गया उत्पाद इस सीमित वारंटी द्वारा मूल सीमित वारंटी की अवधि के शेष बचे समय या ठीक करने या बदलने जाने की तिथि से नब्बे (90) दिनों, जो भी अधिक हो, के लिए शामिल किया जाएगा। फिलिप्स के विकल्प पर, उत्पाद की मरम्मत या प्रतिस्थापन आपके लिए विशिष्ट सुविधा है।

4. इस सीमित वारंटी में क्या शामिल नहीं है ?

इस सीमित वारंटी में निम्नलिखित शामिल नहीं है::

a) दुरुपयोग, दुर्घटना, परिवहन या अन्य भौतिक क्षति, अनुचित स्थापना, असामान्य प्रचालन प्रबंधन, अनदेखी, बाढ़, आग, जल या अन्य तरल पदार्थ का प्रवेश ; या
b) फिलिप्स द्वारा अनाधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा की गई मरम्मत, बदलाव, या परिवर्तन के कारण क्षतिग्रस्त उत्पाद ; या
c) उत्पाद जिसमें सिग्नल स्थितियों, नेटवर्क विश्वस्नीयता या तार या एन्टिना तन्त्रों के कारण प्राप्ति या प्रचालन समस्याएं हों ; या
d) गैर-फिलिप्स उत्पादों या सहायक उपकरणों के साथ प्रयोग द्वारा उत्पन्न उत्पाद त्रुटियाँ या समस्याएं ; या
e) उत्पाद जिससे वारंटी/गुणवत्ता स्टिकर, उत्पाद क्रम संख्या या इलेक्ट्रॉनिक क्रम संख्या हटाई, बदली या पढ़ने योग्य न छोड़ी गई हो ; या
f) क्रय के मूल देश के बाहर उत्पाद का खरीदा जाना, प्रयोग होना, जाँचा जाना, या मरम्मत हेतु लाया जाना, या व्यावसायिक या संस्थागत उद्देश्यों (किराए के लिए दिए गए उत्पाद शामिल पर सीमित नहीं) के लिए प्रयोग होना ; या
g) उत्पाद जो खरीदारी के वैध प्रमाण के बिना लौटाया गया या जिसका खरीदारी का प्रमाण बदला गया हो या पढ़ने योग्य न हो।
h) साधारण टूट-फूट या बलपूर्वक तोड़ना।

5. आप वारंटी सेवा कैसे प्राप्त कर सकते हैं ?

a) उत्पाद को फिलिप्स के एक अधिकृत सेवा केन्द्र में लौटाएं। आप निकटतम अधिकृत सेवा केन्द्र के स्थान के लिए स्थानीय फिलिप्स कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।
b) फिलिप्स को देने से पहले उत्पाद से सिम कार्ड निकाला जाना चाहिए। फिलिप्स सिम कार्ड या उसमें रक्षित डाटा की क्षति या नुक्सान की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेगा।
c) यदि उत्पाद की विफलता इस सीमित वारंटी में शामिल नहीं जाती, या यह सीमित वारंटी यहाँ दिए गए नियम एवं शर्तों के कारण लागू नहीं होती, अमान्य या अवैध है, तो उपभोक्ता से उत्पाद की मरम्मत या बदले जाने और मरम्मत या प्रतिस्थापन संबंधी अन्य सभी शुल्क लिया जाएगा।
d) महत्वपूर्ण - आपके लिए उत्पाद को खरीद के एक वैध प्रमाण के साथ लौटाना आवश्यक है जो स्पष्ट रूप से खरीद के स्थान, खरीद की तिथि, उत्पाद के मॉडल और उत्पाद की क्रम संख्या की पहचान करेगा।

6. अन्य शर्त : यह वारंटी एक सम्पूर्ण समझौता है।

**ऊपर पहले ही स्पष्ट की गई वारंटियों के अलावा और जो कानून द्वारा सांकेतिक हैं और जो समझौते द्वारा व्यक्त नहीं की जा सकतीं और न ही परिवर्तित की जा सकती हैं, फिलिप्स कोई अन्य वारंटी, चाहे वह स्पष्ट या सांकेतिक हो, उपलब्ध नहीं करती (चाहे कानून, कानून की प्रक्रिया के अधीन या अन्यथा) और विशेष रूप से किसी खास उद्देश्य के लिए यथेष्ट गुणवत्ता की कोई वारंटी व्यापारिकता या उपयुक्तता का बेदावा करती हैं।**

**फिलिप्स की कुल ज़िम्मेदारी उत्पाद से या उसकी खरीदारी या उपयोग से उत्पन्न होने वाले नुक्सानों से संबंधित, ऐसे नुक्सान के प्रकार और कारण पर ध्यान दिए बिना या निश्चित दावे के प्रकार या चित्रांकन (जैसे समझौता या टोपिट), उत्पाद के भुगतान के असली खरीद मूल्य से अधिक नहीं होगा।**

**हालांकि किसी भी परिस्थिति में फिलिप्स किसी भी दण्डात्मक, विशेष, प्रासंगिक, अप्रत्यक्ष या परिणामस्वरूप क्षतियों (पर प्रयोग की क्षति, समय के नुक्सान, असुविधा, व्यावसायिक क्षति, मनुाफों में हानि, व्यापारिक अवसरों की हानि, सामान या सेवाओं के प्रतिस्थान का मूल्य, निवेशों, सुनाम या यश की क्षति, या आंकड़ों के नुक्सान और तीसरे पक्षों के दावों को शामिल करते हुए) उत्पाद की खरीद या प्रयोग से उत्पन्न होने वाले, कानून द्वारा पूर्ण सीमा तक अनुमति, चाहे फिलिप्स को ऐसी क्षतियों की संभावना पर सलाह दी गई हो या नहीं। ये परिसीमाएं किसी सीमित उपाय के आवश्यक उद्देश्य की असफलता के बावजूद लागू होंगी।**

यह सीमित वारंटी उपभोक्ता और फिलिप्स के बीच इस सेल्युलर उत्पाद के संदर्भ में एक सम्पूर्ण एवं विशिष्ट समझौता प्रस्तुत करती है और पक्षों के बीच पिछले सभी समझौतों, मौखिक या लिखित, और पक्षों के बीच इस सीमित वारंटी की विषय-वस्तु से संबंधित अन्य सभी सूचनाओं को बर्खास्त करती है। उसमें कोई वाहक, विक्रेता, एजेन्ट, डीलर, कर्मचारी, या फिलिप्स का कर्मचारी इस सीमित वारंटी में परिवर्तन करने हेतु अधिकृत नहीं है और आपको ऐसे किसी प्रस्ताव पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

यह सीमित वारंटी मान्य राष्ट्रीय कानूनों के अन्तर्गत उपभोक्ता के वैधानिक अधिकारों को प्रभावित नहीं करती।

# अनुरूपता कथन

हम,
**फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स हाँग काँग लिमिटिड**
**बिज़नेस ग्रुप मोबाइल फोन**
**5/एफ, फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स बिल्डिंग**
**5 साइंस पार्क एवेन्यू**
**शैटिन न्यु टेरिटरीज़**
**हाँग काँग**

अपनी एकमात्र ज़िम्मेदारी के अंतर्गत घोषणा करते हैं कि उत्पाद
**सीटी6628**
सेल्युलर मोबाइल रेडियो जीएसएम 900/1800
टीएसीः 358228 00

जिससे यह घोषणा संबंधित है, निम्न मानकों के अनुरूप हैः
**ईएन 60950, ईएन 50360 और ईएन 301 489-07**
**ईएन 301 511 v 9.0.2**

हम एतद्द्वारा घोषणा करते हैं कि सभी अनिवार्य रेडियो टेस्ट समूह कर लिए गए हैं और यह कि उपरोक्त उत्पाद डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की सभी अनिवार्य आवश्यकताओं के अनुरूप है।
निम्न सूचित प्राधिकरण की भागीदारी सहित डायरेक्टिव 1999/5/ईसी की धारा 10 में निर्दिष्ट और संयोजन V में वर्णित अनुरूपता मूल्यांकन प्रक्रिया का धारा 3.1 एवं 3.2 के संबंध में पालन किया गया है : बीएबीटी, बेलफोर हाऊस, चर्चफील्ड रोड, वाल्टन-आन-थेम्स, सरे, केटी12 2टीडी। यू.के.।
पहचान चिह्नः **0168**

13 जुलाई, 2006

क्वालिटी मैनेजर